CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 17°C

मुरादाबाद, बुधवार 11 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 205 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मिडिल ईस्ट में युद्ध की धमक वेस्ट यूपी तक पहुंची पेज 2



आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन में अर्शदीप पर लगा जुर्माना खेल टाइम्स



परिसीमन 2026 : लोकतंत्र का संतुलन या राजनीति की नई जंग सम्पादकीय





ईरान जंग का असर: 9 एशियाई देशों में तेल संकट गहराया पेज 12

# जल्द समाप्त होगा ईरान से युद्ध : अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प

**कहा: युद्ध लगभग पूरा हो चुका, अमेरिका अपने निर्धारित समय से काफी आगे चल रहा**

**वाशिंगटन/फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष पर कई महत्वपूर्ण लेकिन अलग तरह के बयान देते हुए कहा है कि युद्ध लगभग पूरा हो चुका है और अमेरिका अपने निर्धारित समय से काफी आगे चल रहा है।

ट्रम्प ने फ्लोरिडा के डोराल में मीडिया को संबोधित करते हुए दावा किया है कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका और इजरायल ने ईरान के पांच हजार ठिकानों पर हमले किए हैं। युद्ध को लगभग पूरा हो जाने की बात बताने के कुछ घंटों बाद फ्लोरिडा में फिर से ईरान के विषय पर बोलते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि हमने एक छोटी यात्रा की क्योंकि हमें लगा कि कुछ बुराई को खत्म करने के लिए ऐसा करना जरूरी था। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आप देखेंगे कि यह एक बहुत ही कम समय की यात्रा होने जा रही है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि हमने पहले ही कई मायनों में जीत हासिल कर ली है, लेकिन हमने अभी पर्याप्त जीत हासिल नहीं की है। उन्होंने संकल्प जताते हुए कहा कि हम इस लंबे समय से चले आ रहे खतरे को हमेशा के लिए समाप्त करने और अंतिम जीत हासिल करने के लिए पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अपनी औपचारिक प्रेस वार्ता के दौरान ट्रम्प ने दोहराया कि ईरान में सैन्य अभियान एक जबरदस्त सफलता रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ईरान आने वाले लंबे समय तक परमाणु हथियार विकसित न कर सके। अमेरिका के पास अभी भी ईरान में कुछ लक्ष्य हैं, जिन्हें महज एक दिन में नष्ट किया जा सकता है। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि युद्ध बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा।



## ट्रम्प के ऐलान से गिरे कच्चे तेल के दाम

**तेहरान/तेल अवीव / वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 100 डॉलर को पार कर चुकी कच्चे तेल की कीमतें गिरकर 90 डॉलर के नीचे आ गई हैं, जिसमें दावा किया गया है कि ईरान के खिलाफ अभियान 'लगभग पूरा' हो चुका है और युद्ध जल्द समाप्त होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष पर कई महत्वपूर्ण लेकिन अलग तरह के बयान देते हुए कहा है कि युद्ध लगभग पूरा हो चुका है और अमेरिका अपने निर्धारित समय से काफी आगे चल रहा है। उन्होंने दावा किया है कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका और इजरायल ने ईरान के पांच हजार ठिकानों पर हमले किए हैं। श्री ट्रम्प के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।




## BCCI भारतीय टीम को 131 करोड़ का इनाम देगा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी-20 विश्व कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली भारतीय टीम के लिए 131 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। बीसीसीआई ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि बीसीसीआई खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और चयनकर्ताओं को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए एक बार फिर बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। रविवार को हुए फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया था। भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार टी-20 विश्व कप जीता।

## 21वां रोज़ा

### दोजख से निजात का अशरा



इक्कीसवें रोजे़ से तीसवें रोजे तक के दस दिन/दस रातें रमजान माह का आखिरी अशरा कहलाती हैं। चूंकि आखिरी अशरे में ही लैलतुल कद्र/शबे-कद्र जिसमें रात जागकर अल्लाह का जिक्र किया जाता है तथा जिस रात को बहुत अज्र की रात माना जाता है। क्योंकि शबे-कद्र से कुरआन का नुजूल शुरू हुआ था, इसलिए इसे दोजख से निजात का अशरा भी कहा जाता है। शरई तरीके से रखा गया रोज़ा दोजख से निजात दिलाता है। कुरआने-पाक में इरशाद फरमाया-आप (सल्ल.) कह दीजिए कि अल्लाह ही तुमको उनसे निजात देता है। मतलब यह हुआ कि लोगों को अल्लाह ही हर रंजो-गम और दोजख से निजात देता है। सवाल यह उठता है कि अल्लाह तक पहुंचने और निजात को पाने का रास्ता और तरीका क्या है? इसका जवाब है कि सब्र और सदाकत के साथ रखा गया रोज़ा ही अल्लाह तक पहुंचने और दोज़ख से निजात पाने का रास्ता और तरीका है।

# देश में यूसीसी लागू करने का समय आ गया: सुप्रीम कोर्ट

**कहा: संसद फैसला करे, शरीयत कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की संभावना**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। इस पर फैसला करना कोर्ट के बजाय संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट शरीयत कानून 1937 की कुछ धाराओं को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इन धाराओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव का आरोप था।

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि शरीयत कानून की धाराएं रद्द कर दी गईं तो मुस्लिम समुदाय में संपत्ति के बंटवारे को लेकर कोई स्पष्ट कानून नहीं बचेगा। इससे कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार सरकार से समान नागरिक संहिता लागू करने को कह चुका है। अलग-अलग समुदायों के लिए अलग नियम हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम सीधे किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर दें। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कोर्ट यह घोषित कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर संपत्ति में अधिकार मिलना चाहिए, अगर शरीयत कानून की कुछ धाराएं रद्द होती हैं, तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार कानून लागू किया जा सकता है।



## एसआईआर पर न्यायिक अधिकारियों के काम में बाधा न हो: कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट ने दिए बंगाल सरकार और चुनाव आयोग को निर्देश**

**नई दिल्ली।** प. बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने राज्य सरकार व चुनाव आयोग से कहा है कि न्यायिक अधिकारियों को अपना काम सुचारू रूप से करने के लिए उचित और निर्बाध परिस्थितियां उपलब्ध कराई जाएं।

तीन जजों की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल थे, ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे लोगों की 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में कोई भी नया अनिवार्य कदम तब तक लागू न किया जाए, जब तक उसे कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी न मिल जाए। साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि चुनाव आयोग के पोर्टल में आने वाली तकनीकी दिक्कतों को तुरंत दूर किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी समस्याएं न हों।

# केंद्र सरकार ने प्राकृतिक गैस पर लगाया एस्मा

**देश में रसोई गैस का उत्पादन बढ़ाने की कवायद, उद्योगों को आपूर्ति में होगी कटौती**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं को देखते हुए देश में रसोई गैस (एलपीजी) का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लगा दिया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 के अनुसार, घरेलू पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी की आपूर्ति, एलपीजी उत्पादन, और पाइपलाइन कॉम्प्रेशर फ्यूल तथा अन्य अनिवार्य पाइपलाइन परिचालन जरूरतों को प्राथमिकता सेक्टर-1 में रखा गया है। इन उपभोक्ताओं को पिछले छह महीने की औसत के बराबर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं अन्य क्षेत्रों के लिए आपूर्ति में कटौती की जाएगी। इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है कि 'पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष' के मद्देनजर वितरण में समानता और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। उर्वरक संयंत्रों को प्राथमिकता सेक्टर-2 में रखा गया है। उन्हें पिछले छह महीने की औसत के 70 प्रतिशत तक आपूर्ति की जाएगी। साथ ही यह पाबंदी होगी कि वे इसका इस्तेमाल किसी और उद्देश्य के लिए नहीं कर सकेंगे। प्राथमिकता सेक्टर-3 में चाय उद्योग, विनिर्माण संयंत्रों तथा अन्य औद्योगिक उपभोक्ताओं को रखा गया है। वे पिछले छह महीने की औसत के 80 प्रतिशत तक इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सिटी गैस वितरकों को दी गई है। पेट्रो रसायन संयंत्रों और विद्युत संयंत्रों को भी गैस की आपूर्ति में पूरी तरह या आंशिक तौर पर कटौती की जाएगी। सरकार ने सभी तेल शोधन कंपनियों को एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए कहा है, ताकि आम लोगों के लिए इसकी कमी न हो।






## संक्षिप्त समाचार

### विवादित अध्याय पर एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक समाज की खोज: भारत और उससे आगे के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है। एनसीईआरटी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि असुविधा के लिए हमें गहरा खेद है और हम सभी हितधारकों की समझदारी की सराहना करते हैं। एनसीईआरटी शैक्षणिक सामग्री में सटीकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कोविड वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर केंद्र मुआवजा नीति बनाए: SC

**सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार को बड़ा निर्देश दिया**

**नई दिल्ली।** कोविड-19 वैक्सीन से जुड़े गंभीर दुष्प्रभावों के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है।

अदालत ने कहा कि सरकार ऐसी नीति तैयार करे, जिसके तहत कोविड वैक्सीन लेने के बाद अगर किसी व्यक्ति को गंभीर नुकसान होता है, तो उसे नो-फाल्ट मुआवजा दिया जा सके। यह फैसला जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए जो मौजूदा व्यवस्था है, वही जारी रहेगी। इसके लिए किसी नए अदालत द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ पैनल की जरूरत नहीं है।

## उत्तराखंड में पहचान छिपाकर शादी करने वालों को अब होगी जेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गैरसैंण।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को और अधिक प्रभावी और सख्त बनाने की दिशा में धामी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बजट सत्र में पेश होने के बाद अब प्रदेश में समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) अध्यादेश, 2026 लागू हो गया है। उत्तराखंड में अब पहचान छिपाकर शादी करने वालों को जेल होगी।

वहीं, लिव-इन के नियम भी कड़े हो गए हैं। प्रदेश में समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) अध्यादेश, 2026 लागू हो गया है। यूसीसी को और अधिक प्रभावी और सख्त बनाने की दिशा में धामी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने समान नागरिक संहिता संशोधन अध्यादेश को मंजूरी के साथ ही राज्य में विवाह, पंजीकरण और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव लागू हो गए हैं। अब यदि विवाह का कोई भी पक्षकार अपनी पहचान के विषय में गलत जानकारी देता है तो इसे विवाह शून्य करने का आधार माना जाएगा। इसके साथ ही, अपनी पहचान या वैवाहिक स्थिति छिपाकर शादी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अब भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी।

### लिव-इन-रिलेशनशिप को लेकर बेहद कड़े प्रावधान जोड़े

अध्यादेश में लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर बेहद कड़े प्रावधान जोड़े गए हैं। यदि कोई व्यक्ति बल, दबाव या धोखाधड़ी के माध्यम से लिव-इन संबंध स्थापित करता है तो उसे सात साल तक के कारावास और जुर्माने की सजा होगी। धारा 380(2) के उल्लंघन जैसे खून के रिश्तों या प्रतिबंधित श्रेणियों में लिव-इन में रहने पर भी सात साल की जेल का प्रावधान है। किसी वयस्क द्वारा नाबालिग के साथ लिव-इन में रहने पर छह माह की जेल और 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा।

## उप्र में कर्मचारियों की संपत्ति की वार्षिक घोषणा अनिवार्य हुई

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें सरकारी कर्मचारियों की संपत्ति और निवेश पर सख्ती, प्रॉपर्टी रजिस्ट्री में पारदर्शिता, ग्रामीण परिवहन सेवा का विस्तार तथा आवास योजनाओं से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं। कैबिनेट बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्रियों ने फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की चल-अचल संपत्ति की वार्षिक घोषणा अनिवार्य कर दी है। अब सभी कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी संपत्ति का विवरण देना होगा। इसके साथ ही यदि कोई कर्मचारी अपने छह महीने के मूल वेतन से अधिक राशि शेयर या स्टॉक मार्केट में निवेश करता है, तो उसे इसकी जानकारी देनी होगी। ऐसे मामलों में जांच अनिवार्य होगी और दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सरकार का कहना है कि इस कदम से पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने बताया कि अब प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से पहले विक्रेता की पहचान और मिल्कियत की पूरी जांच खतौनी के आधार पर की जाएगी। बिना खतौनी सत्यापन के रजिस्ट्री नहीं होगी। विक्रेता के लिए अपनी मिल्कियत खतौनी में दर्ज कराना अनिवार्य होगा। साथ ही स्टाम्प शुल्क सर्किल रेट के आधार पर ही लिया जाएगा और नगर निगम क्षेत्रों में 2 प्रतिशत अतिरिक्त विकास शुल्क भी लगाया जाएगा। कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना 2026 को भी मंजूरी दी है।

# बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव: 50 से ज्यादा सांसदों ने पक्ष में वोट किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। अब इस प्रस्ताव पर 10 घंटे चर्चा होगी।

विपक्ष ने ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोका-टोका गया। उन्हें बार-बार रूलिंग बुक दिखाई गई। उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाई। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के 50 सांसदों ने प्रस्ताव के समर्थन में खड़े होकर समर्थन किया। गोगोई ने कहा कि बिरला बोलने नहीं देते, माइक बंद किया, 2 फरवरी को नेता विपक्ष राहुल गांधी जब बोल रहे थे, तब उन्हें बार-बार रोका गया। स्पीकर सर ने उनके तर्क पर सबूत देने को कहा। 9 फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। सरकार ने कहा कि बोलिए, लेकिन हम कैसे बोल सकते हैं जब माइक ऑफ किया गया हो। संसद में ऐसी नई-नई चीजें हो रही हैं। आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ओम बिरला जी ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है।

**गोगोई बोले- राहुल गांधी को 20 बार टोका गया, रिजिजू का जवाब- प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते, तो अच्छा होता**

### मोदी सरकार ने छीन ली है लोकसभा अध्यक्ष की आजादी : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष नाम की संस्था की आजादी खत्म कर दी है, लेकिन विपक्ष उसे बचाने में लगा है। उन्होंने कहा कि इसी मसले पर व्यापक चर्चा के मकसद से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार ने अध्यक्ष की स्वतंत्रता छीन ली है। ये लोग हर संस्था को खत्म करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि हम हर उस संस्था को बचाने के लिए लड़ रहे हैं, जिनके ऊपर भारत का लोकतंत्र टिका हुआ है। भाजपा के लोगों को यही बातें पचती नहीं हैं, इसलिए वे सदन को मुद्दों से भटकाने की कोशिश करते हैं। मेरी दादी इंदिरा जी कहती थीं कि कोई नकली बनने की कोशिश करे या झूठी इमेज दिखाए, देश की जनता उसकी सच्चाई जान ही जाएगी।

# छोटे हत्याकांड में अमर व नरपाल को उम्र कैद

## सत्तर हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे नगीना ने थाना नगीना देहात के ग्राम अजुपुरा रानी के चर्चित छोटे सिंह हत्याकांड में अमर सिंह व नरपाल को उम्र कैद व 70 हजार रुपए का अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 25 फरवरी सन् 2024 को वादिनी ने थाना नगीना देहात पर तहरीर दी थी कि ग्राम अजुपुरा रानी उर्फ नया गांव निवासी अमर सिंह व नरपाल पुत्रगण रामेश सिंह, देवेन्द्र पुत्र कोमल व कामेन्द्र पुत्र ओमपाल ने लाठी-डंडों व लोहे के सब्बल से उसके पिता व पति पर वार किया। जिससे उसके पिता छोटे सिंह की मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 56/2024 धारा 302, 307, 506 आईपीसी में पंजीकृत किया था।

बताया जाता है कि गवाही के दौरान पिताम्बर ने कहा था कि वह अभियुक्त अमर सिंह व नरपाल को जानता है। घायल शिव कुमार व मृतक छोटे सिंह भी गांव के ही रहने वाले है। घायल शिव कुमार की अमर सिंह से गहरी दोस्ती थी। अमर सिंह घायल शिव कुमार पर अपनी पत्नी रूपा के साथ अवैध संबंध होने का शक करता था। जिसकी वजह से दोनों की दोस्ती खत्म हो गई थी। रूपा की भी मौत हो गई थी। अमर सिंह अपनी पत्नी रूपा की मौत का जिम्मेदार शिव कुमार को मानता था और उससे रंजिश रखता था। 25 फरवरी 2024 की दोपहर दो बजे छोटे सिंह, शिव कुमार व किरन अपने खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अमर सिंह, नरपाल, देवेन्द्र और कामेन्द्र ने हमला बोल दिया था। गंभीर रूप से घायल छोटे सिंह की मौत हो गई थी। घटना की रिपोर्ट शिव कुमार की पत्नी किरन ने थाने में दर्ज कराई थी।

पूछताछ में अभियुक्त अमर सिंह ने भी बताया था कि शिव कुमार उर्फ शिब्बू ने उसकी पत्नी से अवैध संबंध बना लिए थे। उसने अपने घर में दोनों को रंगेहाथों पकड़ लिया था। जिसके बाद उसकी पत्नी रूपा ने आत्महत्या कर ली थी।

# खैर की दस कुंतल लकड़ी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खैर की लकड़ी की हो रही तस्करी का आज खुलासा हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की सीमा पर स्थित ग्राम लालबाग स्थित एक खेत से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने छापा मारकर प्रतिबंधित खैर प्रजाति की लगभग 10 कुंतल लकड़ी के लठ्ठे बरामद किये है।

वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उन्होंने बीती रात लगभग दस बजे वनकर्मियों की टीम के साथ कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं अमानगढ़ टाइगर रिजर्व वन क्षेत्रों की सीमा पर बसे ग्राम लालबाग में परमजीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह के खेत से गेहूं की फसल में छुपाकर रखी गई लगभग 10 कुंतल खैर की लकड़ियां बरामद की। अंकिता किशोर ने बताया कि बरामद खैर की लड़कियों को कब्जे में लेकर सरकारी रजिस्टर में दर्ज किया गया है। खेत से खैर की लकड़ियां बरामद होने के बाद वन विभाग की टीम ने खेत स्वामी गांव लालबाग निवासी परमजीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह के घर दबिश दी, परंतु वन विभाग की टीम के पहुंचने से पूर्व वह फरार हो गया। वन विभाग की टीम ने परमजीत के घर की तलाशी ली, परंतु वहां कुछ नहीं मिला। आज सुबह वन विभाग की टीम पुनः ग्राम लालबाग पहुंची और परमजीत सिंह के गेहूं के खेत सहित आसपास के खेतों में तलाशी अभियान चलाया गया। वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि खेत स्वामी परमजीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी ग्राम लालबाग के विरुद्ध वन अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास के क्षेत्र में भी कांबिंग की जा रही है। प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ काटने वाले लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि अमानगढ़ वन क्षेत्र में लकड़ी माफिया सक्रिय है। उनके द्वारा कीमती इमारती लकड़ियों के पेड़ों को काटा जा रहा है। इनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती है।



## बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी

# बास्टा मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

## आखिरकार जाग गई सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर से बास्टा मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिससे बास्टा क्षेत्र में रहने वालों को जरूर राहत मिलेगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर से बास्टा तक का मार्ग बेहद जर्जर हालत में था। इस मार्ग पर गहरे-गहरे गड्ढे हो गए थे। जिसकी वजह से इस मार्ग पर चलना खतरे से खाली नहीं था। दुपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती थी। कई बार पीछे बैठी सवारिया और खासतौर पर महिलाएं नीचे गिर जाती थी। इस क्षेत्र का विकास रूक गया था। बास्टा मार्ग के निर्माण को लेकर लगातार आवाजें उठाई जा रही थी।

इस संबंध में शाह टाइम्स में भी कई बार प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। लेकिन राजनीतिक बदले की भावना की वजह से इस मार्ग का निर्माण नहीं कराया जा रहा था। आखिरकार सरकार को स्थानीय नागरिकों पर तरस आ ही गया।

निर्माण कार्य शुरू हो गया है। फिलहाल जेसीबी से जर्जर सड़क को उखाड़ कर समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद निर्माण किया जायेगा।



# सेंट मेरी रोड को अब जाना जाएगा माता सावित्री फूले मार्ग के नाम से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन द्वारा महिला शिक्षक की प्रेरक व देश की पहली महिला शिक्षक माता सावित्रीबाई फुले का स्मृति दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मौहल्ला बड़वान स्थित होली चौक पर धामपुर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर चौधरी रवि कुमार सिंह का ढोल की थाप व फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। चौधरी रवि कुमार सिंह ने सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल को जाने वाले मौहल्ला बड़वान वाले मार्ग के नामकरण पट का अनावरण व उद्घाटन माता सावित्रीबाई फूले मार्ग के नाम पर किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल महात्मा ज्योतिबा फुले अमर रहे, माता सावित्रीबाई फुले अमर रहे, सैनी समाज जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। आज से यह मार्ग माता सावित्रीबाई फुले के मार्ग के नाम से जाना जाएगा।

राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन के संस्थापक शिवम सैनी, अध्यक्ष सुरेश सैनी, महासचिव सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सैनी, कोषाध्यक्ष प्रशांत सैनी, युवा जिला अध्यक्ष अरुण सैनी, डॉ. राज सैनी, सुरेश सैनी, क्षेत्रपाल शास्त्री, सभासद श्रीमती पूनम सैनी, रवि शंकर सैनी, मोनिका सैनी, पूर्व सभासद बॉबी सैनी, संदीप सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, संगठन मंत्री गौरव सैनी, जिला महासचिव अंकित सैनी, अभय सैनी, कपिल सैनी, रोहन सैनी, शुभम सैनी, विकास सैनी, लक्ष्मण सैनी आदि बड़ी संख्या में सैनी समाज के पुरुष तथा महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुरेश सैनी तथा संचालन क्षेत्रपाल शास्त्री जी ने किया।

# अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में अपराध की रोकथाम और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्योहारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉ. परवेज मलिक पुत्र मौ. आकिल निवासी मौहल्ला कांठ रोड कस्बा व थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल 7.65 एमएम मय मैगजीन तथा एक जिंदा कारतूस 7.65 बोर बरामद किया है। इस संबंध में थाना स्योहारा पर मु.अ.सं. 72/26 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को सफल बनाने में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के साथ पुलिस टीम के व.उ.नि. सुरजीत सिंह, उ.नि. अरुण कुमार, भुजपाल सिंह, अमजद खान तथा प्रदीप कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क सुधारने के दिए निर्देश

## दूरस्थ क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर बनाने को लेकर एडीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति (DLTC) की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती दीक्षित ने दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्य शीघ्रता से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां नेटवर्क की समस्या अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर मोबाइल टावर्स अथवा GPs स्थापित किए जाएं, ताकि आम जनता को बेहतर दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने टेलीकॉम कंपनियों को निर्देश दिए कि जिले के 'शैडो एरिया' (जहाँ नेटवर्क नहीं है) को चिन्हित कर वहां प्राथमिकता के आधार पर आमजन को नेटवर्क की सुविधा मुहैया कराई जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मोबाइल टावरों की स्थापना से पूर्व सभी आवश्यक औपचारिकताएं एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिले में इंटरनेट सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भी दूरसंचार कंपनियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में 5जी सेवाओं के सुचारू विस्तार के लिए सरकारी भवनों और खंभों का उपयोग करने के लिए राइट ऑफ वे (RoW) नियमों के तहत काम करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से भारत नेट परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में कार्य लंबित है, वहां कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी उच्च गति की इंटरनेट सेवा उपलब्ध हो सके। बैठक में बताया गया कि भारत नेट परियोजना के माध्यम से ग्राम पंचायतों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने, ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य ऑनलाइन सेवाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि परियोजना के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही दूरसंचार कंपनियों को भी नेटवर्क कनेक्टिविटी बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रितु रानी, ईओ बिजनौर विकास कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीलीबांध की भूमि का मुआवजा मांगा

## भाकियू टिकैत की बैठक में उठा मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** किसानों ने पीलीबांध जलाशय के निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा मांगा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक का आयोजन पीलीबांध के बाढ़ नियंत्रण कक्ष के परिसर में किया गया। पीलीबांध के निर्माण में अधिग्रहित की गई भूमि के बदले भूमि अथवा मुआवजा किसानों को अभी तक भी न दिए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। किसानों को उनका उचित मुआवजा देने अथवा भूमि के बदले भूमि दिए जाने की मांग जोरदार ढंग से उठाई गई। किसान सरदार हरि सिंह की अध्यक्षता एवं भाकियू (टिकैत) के जिला संगठन मंत्री देवेंद्र कौशिक के संचालन में आयोजित बैठक में सिंचाई विभाग के एसडीओ पंकज कुमार जैन व जेई गजेंद्र सिंह चौहान को किसानों की कई अन्य समस्या से भी अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की।

बैठक में भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर किसानों ने कहा कि यह किसानों के हित में नहीं है। इससे किसानों का हित प्रभावित होगा। किसानों ने इस ट्रेड डील पर रोक लगाने की मांग की।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, रमेश चंद्र शेखावत, यूसुफ कुरैशी, जसवीर फौजी, शकील कुरैशी, चक्रधर प्रसाद शर्मा, बिरसा सिंह, रवैल सिंह, रेशम सिंह, मौहम्मद रियाज, शरीफ अंसारी, रईस, रियासत, अहमद सईद, रिहान, मतलूब, फिरोज आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### मुख्य निर्वाचन अधिकार आज बिजनौर में

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि नवदीप रिणवा (आईएएस) मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. लखनऊ द्वारा कल (आज) 11 मार्च को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जनपद में कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्रतिनिधियों से वार्ता एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जायेगी। उन्होंने बताया कि बैठक समाप्ति के बाद वीरा इन्जीनियरिंग कॉलेज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में अच्छा कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजर्स के साथ संवाद कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

### जनगणना 2027 में जातिगत गणना शामिल



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय जनगणना 2027 के कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए जिला स्तरीय जनगणना समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स का चयन और उनकी नियुक्ति की जा चुकी है जबकि सीएमएमएस पोर्टल पर जिला एवं चार्ज के लिए यूजर आईडी बनाने का कार्य तथा फील्ड ट्रेनर्स का चयन एवं नियुक्ति का काम भी पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि सीएमएमएस पोर्टल पर फील्ड ट्रेनर्स के लिए यूजर आईडी बनाना तथा फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के लिए सीएमएमएस पोर्टल पर प्रशिक्षण बैच बनाने का कार्य प्रगति पर है, जो 15 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के लिए निर्धारित की गई टाइमलाइन के अनुसार सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पहली बार पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाना है। इस जनगणना में जाति आधारित गणना (Caste Enumeration) को भी शामिल किया गया है, जिसके लिए विशेष सतर्कता और सटीकता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति तथा विकास योजनाओं के लिए आवश्यक आंकड़े प्राप्त होते हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना-2027 के लिए समय से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करें।

### तसव्वर कुरैशी ने कराई इफ्तार

**अफजलगढ़।** मानियावाला में आज शाम प्रधान पति तसव्वर कुरैशी के निवास पर एक सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया गया। रोजे की इस पाक घड़ी में भारी संख्या में रोजेदार एकत्र हुए और साथ बैठ कर रोजा खोला। लोगों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर साल रमजान में ऐसे कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है। तसव्वर कुरैशी ने कहा कि यह सिर्फ इफ्तार नहीं, मोहब्बत और एकता का पैगाम है। हम चाहते हैं कि पूरा इलाका मिल-जुल कर तरक्की करे। इस अवसर पर हाफिज मौहम्मद इदरीस, हाजी खालिद सिद्दीकी, मौहम्मद सलमान डीलर, शेख मौहम्मद यूसुफ, रकीब अहमद ठेकेदार, शकील अहमद सिद्दीकी, शमीम अहमद कुरैशी, इमरान, मोबिन कुरैशी, रफीक ठेकेदार, मतीन कुरैशी, फजलुर रहीम अंसारी, जलील कुरैशी, नबी हसन, इदरीस कुरैशी, इंतजार सैफी, हाजी अशरफ कुरैशी, नईम मंसूरी, डॉ. इब्राहिम, शकील अंसारी, आकिल मैंबर, विलायत हुसैन मैंबर आदि ने भाग लिया।

### ईद की खरीदारी जोरो पर



**कोतवाली देहात।** ईद उल फितर पर्व की तैयारियां कोतवाली देहात और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हो गई हैं। एक माह के रोजे के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए बाजारों में खरीदारी अंतिम दौर में है। रमजान माह की समाप्ति के साथ ही लोग ईद की तैयारियों में जुट गए हैं। बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी है, जिससे रौनक बढ़ गई है। महिलाओं में कपड़ों की खरीदारी को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पुरुष भी कुर्ते-पजामे की खरीदारी कर रहे हैं, जो अब अंतिम चरण में है। बच्चों में ईद को लेकर सबसे अधिक उत्साह है और वे अपनी पसंद की चीजें खरीदने में लगे हैं। कपड़ों की दुकानों पर विशेष भीड़ है। गर्मी के मौसम को देखते हुए कॉटन के सूट और कॉटन के कुर्ते की मांग सबसे अधिक है। आफताब मार्केट स्थित आफताब शूज हाउस के प्रोपराइटर सावेज भाई की दुकान ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई है।

### ओवरलोड वाहनों पर रोक की मांग

**बिजनौर।** किसान यूनियन (किसान सेवा 'अ') के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने जिले में धड़ल्ले से चल रहे अवैध मिट्टी खनन, ओवरलोड वाहनों और डग्गामार वाहनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन का ध्यान चरमराई यातायात व्यवस्था और बढ़ते खनन व परिवहन माफियाओं की ओर आकर्षित किया। ज्ञापन में बताया गया कि जिले में दिन-रात अवैध मिट्टी खनन का कार्य तेजी से जारी है।

# आईजीआरएस रिपोर्ट में रामपुर अव्वल शाहजहांपुर-बाराबंकी दूसरे स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिकायतों के त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों की निगरानी के लिए लागू एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की फरवरी माह की रिपोर्ट में रामपुर जिले ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। शाहजहांपुर और बाराबंकी ने बराबर अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि जालौन तीसरे स्थान पर है। आईजीआरएस के माध्यम से प्रदेश के जिलों में जन शिकायतों, राजस्व मामलों और विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाती है।

हर माह 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा कर जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। फरवरी की रिपोर्ट में रामपुर ने निर्धारित 140 में से पूरे 140 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस रिपोर्ट प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों की गुणवत्ता और राजस्व प्रबंधन के आधार पर जिलों के प्रदर्शन का आकलन करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप रामपुर को आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड दोनों में पहला स्थान मिला है। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाती है और जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्टिपूर्ण फीडबैक के आधार पर ही आईजीआरएस रिपोर्ट तैयार होती है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहती है। रिपोर्ट के अनुसार शाहजहांपुर और बाराबंकी ने 137-137 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जालौन ने 136 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। बरेली, श्रावस्ती और हाथरस ने 135-135 अंक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं बलिया, आजमगढ़ और भदोही ने 134 अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर जगह बनाई। टॉप-10 जिलों में अंबेडकरनगर, प्रयागराज, कन्नौज, पीलीभीत और हमीरपुर भी शामिल हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार आईजीआरएस की नियमित निगरानी से विकास कार्यों में तेजी आई है और जन शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी हुई है।

# राजनीतिक रोटी सेंकने को लाया गया अविश्वास प्रस्तावः रिजिजू

**नई दिल्ली, वार्ता**



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास बताते हुए कहा कि सदन के अंदर के क्रियाकलापों के लिए हर सदस्य श्री बिरला को धन्यवाद देता रहेगा, क्योंकि उन्होंने सभी को समान मौका दिया है।

रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सदन में पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के विरोध में अपनी बात रखते हुए कहा कि संसदीय कार्य मंत्री सिर्फ सत्तारूढ़ दल का नहीं होता है। कांग्रेस के साठ साल के इतिहास को देखना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री पर टिप्पणी करने से पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। सदन के संचालन का पूरा अधिकार अध्यक्ष का है। अध्यक्ष के निर्णय को कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकती है। अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है। अध्यक्ष के निर्णय को किसी ने आज तक चुनौती नहीं दी है लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि सदन में बोलने के लिए उन्हें किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें पता होना चाहिए कि सदन में अध्यक्ष की अनुमति के बिना नहीं बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वह प्रधानमंत्री हों, विपक्ष के नेता हों या कोई अन्य सांसद, लेकिन अध्यक्ष की अनुमति के बिना सदन में कोई नहीं बोल सकता है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष किसी को कभी भी बोलने की अनुमति दे सकता है यह उनका अधिकार है। अध्यक्ष के पास कुछ शक्तियां ऐसी है, जो कार्यसूची में शामिल नहीं है। संसदीय परंपरा में कई चीजें पहली बार होती है तब भी अध्यक्ष को निर्णय लेना होता है। अध्यक्ष की भूमिका भी विपक्ष तय करना चाहते हैं, यह कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि जो नियम में शामिल नहीं है, तो उस पर निर्णय करने की शक्ति भी अध्यक्ष के पास होता है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने कभी कागज फाड़कर आसन की तरफ नहीं फेंका है। 1951 के बाद भाजपा के किसी सदस्य ने आसन की तरफ कागज फाड़कर नहीं फेंका है, लेकिन विपक्ष आज सारी सीमाओं का लांघने का काम कर रहा है।

# बंगाल में एसआईआर के मुद्दे पर रास में हंगामा

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने राज्यसभा में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अनियमितताओं का मुद्दा एक बार फिर उठाते हुए मंगलवार को जोरदार हंगामा किया और इस पर चर्चा करने की मांग नहीं माने जाने पर सदन से बहिर्गमन किया।

तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को विपक्ष का नाम लेकर सदन में एसआईआर का मुद्दा उठाया था। तृणमूल सदस्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अभी जो एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है वह सही नहीं है और इसमें हो रही अनियमितताओं पर सदन में चर्चा कराई जानी चाहिए। नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी श्री ओ'ब्रायन का समर्थन करते

## चर्चा नहीं किए जाने पर विपक्ष का बहिर्गमन

हुए कहा कि सदस्य ने महत्वपूर्ण विषय उठाया है और राज्यों में एसआईआर की जो प्रक्रिया चल रही है वह सही नहीं है। उन्होंने भी इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करने की मांग की।

सभापति ने कहा कि वह विपक्ष के सदस्यों को कई बार इस विषय पर बात करने का अवसर दे चुके हैं लेकिन विपक्ष के सदस्यों ने इसका फायदा नहीं उठाया है। सदस्यों के नियम 267 के तहत उठाए गए मुद्दों पर उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कई बार आसन की ओर से व्यवस्था पहले ही दी जा चुकी है। इस बीच कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्ष के अनेक सदस्य आसन के निकट आकर एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के लिए नारेबाजी करते रहे।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद
21वां रोजा वक्त इफ्तार 11 मार्च शाम 6:26
22वां रोजा वक्त सहरी 12 मार्च सुबह 5:07

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

# सपा नेता अनुज मलिक की कॉलोनी पर जेसीबी गरजी

## जेसीबी चालक को धमकाने व विरोध से प्रशासन ठण्डा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत तहसील प्रशासन ने आज फिर बड़ी कार्रवाई की। जिससे अवैध रूप से कॉलोनी काट रहे सफेदपोश माफियाओं में हड़कम्प मच गया। वहीं प्रशासन पर निष्पक्ष रूप से कार्यवाही न करने के भी आरोप लग रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील प्रशासन के द्वारा आज अवैध रूप से बिना लेआउट पास कराए काटी जा रही कॉलोनियों पर जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जिससे अवैध कॉलोनियों को काटने वाले माफियाओं में हड़कम्प मच गया। इस दौरान ग्राम झकड़ी बांगर स्थित सपा नेता अनुज मलिक की बिना लेआउट पास विकसित की जा रही कॉलोनी पर प्रशासनिक टीम जेसीबी लेकर पहुंची, तो वहां कार्यवाही के दौरान हंगामे की स्थिति पैदा हो गई। तहसीलदार आशीष सक्सेना के नेतृत्व में पहुंची टीम ने गंगा ग्रीन सिटी वैष्णो विहार फेस-2 नाम से विकसित की जा रही कॉलोनी की एक दीवार को ध्वस्त कर दिया। कॉलोनी से जुड़े लोगों ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया और काम कुछ देर के लिए रुक गया। बताया गया कि कॉलोनी काट रहे लोगों ने मौके पर मौजूद जेसीबी चालक सलमान को धमकी दी, जिससे स्थिति ज्यादा बिगड़ गई। सूचना मिलते ही बाद में तहसीलदार आशीष सक्सेना स्वयं मौके पर पहुंचे, जहां उनकी भी कुछ लोगों से तीखी नोकझोंक हुई। लेकिन प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद हालात को नियंत्रित किया गया। विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि उन्हें कार्यवाही से पूर्व कोई नोटिस नहीं दिया गया। इस पर टीम बिना आगे की कार्यवाही किए वापस लौट गई। इस दौरान आरोप लगते रहे कि टीम के द्वारा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्यवाही के दौरान पक्षपात किया जा रहा है। हालांकि एसडीएम सदर रितु रानी ने स्पष्ट किया कि सभी अवैध कॉलोनियों को नियमानुसार नोटिस जारी किए जा चुके हैं और प्रशासन का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

इससे पहले प्रशासन ने जोधुवाला रोड स्थित कालिका मंदिर के पास दो अवैध कॉलोनियों के गेट व सड़कों को बुलडोजर से उखाड़ दिया था तथा फरीदपुर काजी में निशान शोरूम के सामने बिना स्वीकृति के बनाई जा रही अवैध मार्केट को भी जमींदोज किया।





# एसआरएस मॉल के पास युवक को रोक कर जबरदस्ती बुलवाया गया भारत माता की जय




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के एसआरएस मॉल के पास का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक एक अन्य टोपी पहने युवक को घेर कर उससे जबरन भारत माता जय के नारे लगवाने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं।

विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की कोशिश भी की गई। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार यह वीडियो रविवार की देर रात का बताया जाता है। जब भारत टी-20 वर्ल्डकप चैम्पियन बना था। देशभर में जश्न का माहौल था। इसी दौरान कुछ युवक शहर कोतवाली के समीप स्थित एसआरएस मॉल के सामने जीत को लेकर नारे लगा रहे थे। इस दौरान युवकों की टोली ने वहां से गुजर रहे सिर पर टोपी पहने एक युवक को पकड़ लिया और उससे नारे लगवाने का जबरन दबाव बनाया। युवक के इंकार करने पर उसके साथ धक्का-मुक्की की गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि आसपास मौजूद लोग घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर रहे हैं। इसी दौरान समाजसेवी अशोक आर्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीच-बचाव कर युवक को उन शरारती तत्वों से छुड़ाया। इसके बाद मामला शांत हुआ। अगर वरिष्ठ समाजसेवी अशोक आर्य इस दौरान वहां नहीं पहुंचते, तो माहौल बिगड़ सकता था। क्योंकि आरोपी युवकों की मान. सिकता ठीक नहीं दिखाई दे रही थी।

इस सनसनीखेज घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद किसी ने उसे एक्स पर पोस्ट कर सीएम व डीजीपी से शिकायत की । जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### माहौल बिगाड़ने की नाकाम कोशिश

गौरतलब है कि आज कल माहौल बिगाड़ने की कुछ ज्यादा ही कोशिश हो रही है। सभी आरोपी पक्षों के खिलाफ समान कार्यवाही न होने की वजह से एक पक्ष का हौंसला बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल की जाने वाली तमाम आपत्तिजनक पोस्ट इसको बढ़ावा दे रही हैं। दूसरों को परेशान करना व उनके मजहब के बारे में बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी करना एक फैशन सा बन गया है। इस तरह के आरोपी स्वयं को कट्टरपंथी संगठनों से जोड़ कर संरक्षण प्राप्त करते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि आरोपी चाहे किसी भी जाति व मजहब का हो, सभी के खिलाफ निष्पक्ष रूप से कार्यवाही होनी चाहिए। जिससे इस बुरे चलन पर अंकुश लगेगा।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
Ranadan 2025
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
चुनाव चिन्ह केतली
विधानसभा क्षेत्र -19 बढ़ापुर से
विधायक पद के सम्भावित उम्मीदवार
मौ० सलमान
की जानिब से
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
मा. एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद लोकसभा-5, नगीना
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
मौ० सलमान
कार्यकर्ता
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

# नजीबाबाद में अपर आयुक्त का निरीक्षण

## विभिन्न विभागों में देखी फाइलें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल के अरूण कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण कर पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने सबसे पहले तहसील कार्यालय पहुंचकर संबंधित विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने पत्रावलियों का अवलोकन किया। साथ ही पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम कोर्ट, पूर्ति कार्यालय, भूलेख कार्यालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय व अन्य विभागों के अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक कार्यालय और नगर पालिका कार्यालय का भी निरीक्षण कर पत्रावलियों की जांच की। उन्होंने पत्रावलियों के सही रख-रखाव के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली पर भी जोर दिया।

इस दौरान उनके साथ डिप्टी कमिश्नर गजेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम शैलेंद्र कुमार, तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार, नायब तहसीलदार ममता आदि अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# अमृत सरोवर पार्क के पास घूम रहा गुलदार

## ग्रामीणों में भय का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव नेकोफाल उर्फ बिलाई में इन दिनों गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से देर रात गांव के अमृत सरोवर पार्क के आसपास गुलदार को घूमते हुए देखा जा रहा है, जिससे लोगों में दहशत फैल गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बीती रात भी गुलदार पार्क के पास दिखाई दिया था। इसके बाद से ग्रामीणों ने रात के समय घरों से निकलना लगभग बंद कर दिया है। विशेषकर बच्चों और महिलाओं को सावधानी बरतने की हिदायत दी जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के चारों ओर खेत और झाड़ियां होने के कारण गुलदार के छिपने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में उसके कभी भी आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने का खतरा बना हुआ है, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका से लोग चिंतित हैं।

ग्रामीण इरशाद अहमद, इसरार अहमद, मौहम्मद अरशद, सलीम अहमद और ग्राम प्रधान परवेज आलम समेत अन्य लोगों ने वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में वन विभाग की टीम भेजकर निगरानी कराई जाए और गुलदार को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए, ताकि ग्रामीणों में व्याप्त भय का माहौल समाप्त हो सके।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



**चांदपुर।** आज सुबह चांदपुर के बाईपास रोड पर तहसील एवं देवी मंदिर के बीच बाइक एवं किसी बड़े वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई तथा दूसरा व्यक्ति घायल है। अज्ञात वाहन चालक अपने वाहन को लेकर फरार हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया तथा मृतक को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस जांच मे मृतक की पहचान सनी कुमार (22 वर्ष) पुत्र राधे निवासी मौहल्ला जाटान बिजनौर जबकि उसकी बाईक पर पीछे बैठा उसका साथी आशु (21 वर्ष) पुत्र मनीराम सिंह के रूप में हुई। दोनों अपनी बाइक पर मंडी धनोरा में एक शादी समारोह से वापस बिजनौर घर लौट रहे थे।

### ग्रामीण की हार्ट अटैक से मौत



**चांदपुर।** गत रात्रि में पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम बाबरपुर थाना चांदपुर बिजनौर से ग्राम मसीत की तरफ जाने वाले रोड के किनारे एक व्यक्ति व इसकी मोटर साइकिल पड़ी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस तत्परता दिखाते हुए पहुंची तो पाया कि एक व्यक्ति जिसका नाम राकेश त्यागी पुत्र बालेश त्यागी निवासी ग्राम पैजानिया थाना हल्दौर तस्दीक हुआ है। जमीन पर पड़ा हुआ था व उसकी बाइक भी बगल में पड़ी हुई मिली। पुलिस के अनुसार उक्त ग्रामीण की मौत प्रथम दृष्ठया एक घंटा हार्ट अटेक आने से हुई है। चांदपुर थाना पुलिस द्वारा शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ थाना चांदपुर भेजा गया और मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर परिजन पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पत्रकार विशाल ने उठाया मुद्दा



**मंडावर।** कस्बे के युवा पत्रकार विशाल कुमार ने मौहल्ला मंगल बाजार में मुख्य मार्ग पर पिछले बीस दिनों से टूटी हुई पुलिया के संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर इसके निर्माण की मांग की। पुलिया टूटी होने की वजह से यहां से गुजरने वालों को काफी परेशानी हो रही है। दिन में जाम लग जाता है और रात को इसमें गिर कर नागरिक घायल हो रहे हैं। अधिशासी अधिकारी ने इस पर संज्ञान लेते हुए अवर अभियंता को एक सप्ताह के अंदर समस्या का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

### वकीलों के चैंबरों से पंखें चोरी



**नजीबाबाद।** तहसील परिसर में वकीलों के चैंबरों से चोरों द्वारा बिजली के पंखें चुरा लिए गए। नौ व दस मार्च की रात्रि चोरों के द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों के द्वारा एक पंखा उतार तो लिया गया, लेकिन वह पंखा उतारने के बाद चोर वहीं छोड़कर चले गए। इस संबंध में वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह से उनके कार्यालय में मिला और घटना के संबंध में अवगत कराया। पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक को जानकारी दी गई । थाना प्रभारी राहुल सिंह के द्वारा बताया गया कि घटना के संबंध में जानकारी मिली है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान की जाएगी।

### सत्रह को रोजगार मेला

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई में 17 मार्च को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रात: दस बजे से जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला सेवायोजन कार्यालय बिजनौर, राजकीय आईटीआई बिजनौर एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 50 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

## मुस्तकीम अंसारी ने दिखाई ईमानदारी



**अफजलगढ़।** मानियावाला निवासी फरीद अहमद पुत्र हाफिज अब्दुल सलाम घर से लगभग एक तोला सोने के जेवर व लगभग 500 ग्राम चांदी के जेवरात बैग में रखकर जकात का हिसाब लगवाने की नियत से लेकर कासमपुर गढ़ी स्थित अजलान ज्वैलर्स के पास जा रहे थे। इस दौरान बाइक पर टंगे थैले से जेवरात का बैग कहीं रास्ते में गिर गया। जब फरीद अहमद ज्वैलर्स की दुकान पर पहुंचे, तो बैग न देखकर उनके होश उड़ गए। आनन-फानन उन्होंने कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड नेशनल हाईवे, मैन बाजार मानियावाला तथा घर तक बैग तलाश किया। परंतु बैग नहीं मिला। पीड़ित द्वारा इसकी सूचना सोशल मीडिया तथा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जारी कर दी गई। गनीमत रही कि ग्राम मानियावाला निवासी मिस्त्री मुस्तकीम अहमद अंसारी बाजार जा रहे थे। उन्होंने रास्ते में पड़ा हुआ जेवरात का बैग उठा लिया। जब उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि यह बैग फरीद अहमद का है, तो उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए जेवरात के मालिक को बैग सौंप दिया। जिसको लेकर मिस्त्री मुस्तकीम अहमद अंसारी की सोशल मीडिया से लेकर गांव में खूब प्रशंसा हो रही है।

# दुल्हन के सपने पल भर में चकनाचूर

## बारात रवाना होने से पहले रहस्यमय ढंग से दूल्हा लापता






**मुनीश राणा**

**नहटौर।** क्षेत्र से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझौर कर रख दिया है।

थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम करीमपुर मुबारक में आज खुशियों की शहनाइयां बजनी थीं, लेकिन वहां पसरा है तो सिर्फ सन्नाटा और मायूसी। जिस बेटी ने कल रात अपने सुनहरे भविष्य की उम्मीद में हाथों में पिया के नाम की मेहंदी रचाई थी, आज दुल्हन के वे सारे सपने चकनाचूर हो गए। ग्राम निवासी जयप्रकाश सिंह ने अपनी पुत्री कुंतेश का विवाह चांदपुर के ग्राम चेहली निवासी एक युवक साथ तय किया था। आज दिन में बारात आनी थी। घर में मेहमानों की चहल-पहल थी। लजीज पकवानों की खुशबू महक रही थी और पिता अपनी लाडली की विदाई की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां आगे बढ़ीं, बारात का इंतजार दर्द में बदल गया। काफी देर तक बारात के न पहुंचने पर जब वधू पक्ष ने वर पक्ष के परिजनों से संपर्क किया, तो जवाब मिला कि दूल्हा सुबह से ही घर से कहीं गायब हो गया है। इस सूचना ने शादी वाले घर में कोहराम मचा दिया। लाल जोड़े में सजी बैठी दुल्हन की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। पीड़ित पिता जयप्रकाश सिंह का कहना है कि उन्होंने अपनी पूरी जमापूंजी इस शादी में लगा दी थी। बारात न आने से उन्हें न केवल भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, बल्कि समाज में परिवार की प्रतिष्ठा को भी गहरी ठेस पहुंची है। पूरा परिवार इस समय गहरे मानसिक तनाव और सदमे में है। न्याय की आस में जयप्रकाश सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और हर कोई यही पूछ रहा है कि आखिर एक बेटी के अरमानों के साथ इस तरह का खिलवाड़ क्यों किया गया। हल्का दरोगा सयंम यादव का कहना है कि शिकायत मिली है और जांच की जा रही है।

# नगीना में ट्रेन से गिरकर मौत



**नगीना।** धामपुर की तरफ के रेलवे ट्रैक पर सुबह सवेरे एक यात्री ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। बताया जाता है कि यह घटना ग्राम पुरैनी के निकट खंभा नंबर 1464 के 13 - 15 के बीच हुई। आज तड़के लगभग चार बजे चंडीगढ़ एक्सप्रेस से एक व्यक्ति के गिरने की सूचना पर थाना नगीना की मंझेड़ा चौकी पर तैनात सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान बहराइच जिले के थाना कैसरगंज के ग्राम कसेहरी बुजुर्ग के रहने वाले 35 वर्षीय रक्षा राम पुत्र वाले प्रसाद के रूप में हुई है। वह चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन से अमृतसर जा रहे थे। मृतक के अन्य साथी ट्रेन में मौजूद थे। वह भी यहां पहुंचे।

# पूर्व मंत्री ठाकुर यशपाल का निधन



**नूरपुर।** जिला पंचायत सदस्य आयुष चौहान के पिता व पूर्व मंत्री ठाकुर यशपाल सिंह (80 वर्ष) का निधन हो गया। ठाकुर यशपाल सिंह का लखनऊ के मेदांता अस्पताल में ईलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर क्षेत्र में जंगल में आग की तरह फैल गई। वह बसपा सरकार में मंत्री थे। वह मिलनसार नेता थे। उनकी गिनती जनपद के कद्दावर नेताओं में होती थी। वह गन्ना समिति के चेयरमैन भी रहे चुके थे। उनकी अंतिम यात्रा में भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, सपा विधायक स्वामी ओमवेश, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, वरिष्ठ सपा नेता दीपक सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह, पूर्व बसपा प्रत्याशी गौहर इकबाल, पूर्व सांसद शीशराम रवि, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, पूर्व प्रत्याशी सीपी सिंह, पूर्व मंत्री कुतुबुद्दीन अंसारी, पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उर्फ बॉबी, वरिष्ठ सपा नेता अमित चौहान, पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, अखलाक पप्पू, तसलीम अहमद इदरीसी, अंकित जोशी, जुगनू चौधरी, सचिन राणा, पूर्व पालि. का चेयरमैन इरशाद अली, नवनीत चौहान, बलवंत सिंह, नासिर खान आदि शामिल रहे। जिला पंचायत सदस्य आयुष चौहान व उनके परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# शिविर में स्वच्छता का महत्व बताया

## यातायात के नियमों के बारे में चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस को सड़क सुरक्षा अभियान को समर्पित किया गया।

सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवक एवं स्वंयसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया। सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने अपने महाविद्यालय के बगीचों में सफाई का कार्य किया।

स्वयंसेविकाओं ने वृक्षारोपण का कार्य भी किया। उसके पश्चात सभी ने अपने-अपने चयनित क्षेत्र में स्वच्छता का कार्य किया और लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया। मध्याह्न में भोजन के उपरांत द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक सन्नी कुमार ने सड़क सुरक्षा विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने यातायात के नियमों के बारे में चर्चा की। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की आवश्यकता व महत्व के बारे में बताया।

इसी प्रकार कार चलाते वक्त सीट बेल्ट पहनने के बारे में जागरूक किया। साथ ही अपने वक्तव्य में सन्नी कुमार ने 2025/26 में लागू किए गए चालान के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वक्तव्य ने कहा कि नाबालिग के नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर 5000 रुपए का जुर्माना और साथ ही उसके माता-पिता को 3 वर्ष के कारावास की सजा का प्रावधान है।

# जनपद में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को वाहन रवाना



## 14 मार्च को लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वाति चन्द्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय राष्ट्रीय एवं माननीय उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला बिजनौर में 14 मार्च, 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके भव्य प्रचार-प्रसार के लिए आज जजी परिसर, बिजनौर से जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार वाहनों को माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर संजय कुमार सप्तम, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बिजनौर ज्ञान प्रकाश, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर सुधीर कुमार, नोडल ऑफिसर लोक अदालत अवधेश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर श्रीमती स्वाति चंद्रा एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस मौके पर जिला न्यायाधीश द्वारा जानकारी दी गई कि 14 मार्च, 2026 को जजी परिसर, बिजनौर एवं बाह्य न्यायालय क्रमशः नगीना, नजीबाबाद, चान्दपुर व धामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पक्षकार अपने वाद को आपसी सुलह-समझौते के आधर पर निस्तारित करा सकते हैं। लोक अदालत की प्रक्रिया अत्यन्त सरल व सुगम है, जिसमें आप समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, चैक बाउन्स से सम्बन्धित धारा 138 एन.आई.एक्ट, बैंक रिकव. री, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली-जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, राजस्व वाद, सिविल वाद, आरबिट्रेशन से सम्बन्धित वाद, डीआरटी (ऋण वसूली से सम्बंधित वाद), प्री-लिटिगेशन वैवाहिक वादों को कानूनी जटिलता से परे सरलता के साथ निपटा सकते है। इसी क्रम में नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत अवधेश कुमार द्वारा जानक. ारी दी गई कि लोक अदालत में पारित निर्णय अन्तिम होता है एवं इसकी अन्य न्यायालय में अपील नही होती है, इसके पश्चात सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर श्रीमती स्वाति चंद्रा द्वारा जानकारी दी गई कि यदि किसी भी पक्षकार को लोक अदालत वाले दिन अपने वाद के निस्तारण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो वह सीधे जजी परिसर स्थित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर या हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकते है। साथ ही सचिव द्वारा बताया कि लघु प्रकृति के आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु 11.03.2026, 12.03.2026 एवं 13.03.2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि उक्त विशेष लोक अदालतों में पक्षकार आपराधिक प्रकृति के लघु वादों का निस्तारण सरल एवं सुगम तरीके से करा सकते हैं।

उन्होंने आह्वान किया कि वादकारीगण नियत दिनांक, समय व स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर, उपरोक्त रीति से अपने-अपने वाद का निस्तारण करा, उक्त वर्णित लोक अदालतों का लाभ उठायें।

उक्त कार्यक्रम में समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, प्रबंधक लीड बैंक मैनेजर अग्रणी बैंक, बिजनौर, कर्मचारीगण एवं पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

**न्यायालय श्रीमान प्रधान परिवार न्यायालय बिजनौर**
वाद सं.-75/2025
**प्रीति बनाम दयावती आदि**

श्रीमती प्रीति आयु 28 वर्ष पत्नी स्व. परवेन्द्र सिंह पुत्री मंगल सिंह हाल निवासी गुनिया खेड़ी, पोस्ट राजा का ताजपुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।
पिन कोड नं.-246735
मो. नं.-7217354124

**बनाम**

1. श्रीमती दयावती आयु 65 वर्ष पत्नी स्व. चन्द्रप्रकाश निवासी ग्राम दौलतपुर सुक्खा, पोस्ट व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।
पिन कोड नं. 246761
मो.नं.- 9368266994
2. श्रीमति गुड्डी आयु 45 वर्ष पत्नी अजय सिंह निवासी ग्राम बल्लाशेरपुर, पोस्ट नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।
3. श्रीमती नीरज आयु 35 वर्ष पत्नी अंशु निवासी ग्राम सैदपुरी, पोस्ट व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। पिन कोड नं.- 246761
मो.नं.- 9012571462

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-7/25 गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट 1890

दरख्वास्त मुसम्मा प्रीति वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतारी मुसम्मा प्रीति मुसबफा दयावती आदि अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा प्रीति ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई तारीख 17 मास 03 सन् 2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त गार्जियन एण्ड वाडस के उज्र हो तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुकाम बिजनौर में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक 17.03.2026
**प्रबंधक**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर ( उ.प्र. )**

**न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ) चांदपुर**
ओएम 8/2026
**अनुज प्रताप सिंह बनाम तनु चौहान आदि**

अनुज प्रताप सिंह चौहान उम्र 30 वर्ष पुत्र स्व. सुदेश कुमार चौहान निवासी मौ. कायस्थान, निकट संगम बेकरी, कस्बा चांदपुर, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

**बनाम**

1. तनु चौहान उम्र 31 वर्ष पुत्री स्व. सुदेश कुमार चौहान पत्नी सचिन राजपूत, निवासी ग्राम स्याऊ, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।
2. सूर्यांश कुमार चौहान उम्र 28 वर्ष पुत्र स्व. सुदेश कुमार चौहान, नि. मौ. कायस्थान, कस्बा चांदपुर, परगना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

दरख्वास्त मुसम्मा अनुज प्रताप सिंह वास्ते हुसूल सार्टीफिकेट हुसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा अनुज प्रताप सिंह मुसवफा तनु चौहान अपने मुजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा अनुज प्रताप सिंह दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 30.03. 2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो तो अदालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज जू.डि. मुकाम चांदपुर में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मस्कूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक:- 30.03.2026
**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि. चांदपुर**

**न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ) नगीना**
वाद सं. 220/2017
**ब्रह्मपाल बनाम नन्दराम सिंह आदि**

ब्रह्मपाल पुत्र नन्दराम सिंह निवासी मौ. नगर उर्फ जोगीपुरा, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर **-वादी**

**बनाम**

1/1. सरोज उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी जयराज सिंह पुत्री स्व. नन्दराम निवासी गौतमनगर काशीपुर, परगना व तहसील काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) **-प्रतिवादी**

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत बैनामा मन्सूखी के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 17 माह 03 सन् 2026 ई. वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और कोई सख्श हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर बताइये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 17.03.2026
**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि. नगीना**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सलमान खान व उसकी पत्नी दिलशाना मेरा कहना नहीं मानते हैं और गलत संगत में रहते है। मैं इनकी हरकतों से तंग आ गया हूं। इनके गलत कार्यों के कारण कुछ लोग मुझे व मेरी पत्नी सवीला व दामाद जावेद को परेशान करते है। इस कारण मैंन अपने पुत्र सलमान खान व उसकी पत्नी दिलशाना को आक कर दिया है तथा इन दोनों को बेदखल कर दिया है। अब इनका मुझसे व मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं होगा तथा मेरी सम्पत्ति में इनका कोई हक व हिस्सा नहीं होगा। हर खासोआम को सूचित कर रहा हूं कि जो भी इनसे व्यवहार करे अपनी जिम्मेदारी पर करे। हम इनके किसी कार्य के लिए जवाबदेह व जिम्मेदार नहीं होंगे।

**अख्तर शाह पुत्र मुश्ताक शाह निवासी ग्राम नंगला भज्जा, थाना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-शादीपुर कलां, विकासखण्ड-हल्दौर ( बिजनौर )**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025- 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय हल्दौर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत शादीपुर कलां में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, टाइल्स सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, इंटरलॉकिंग रोड़ी, डस्ट, पेंट, पुट्टी आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 16 /03/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 14/ 03/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

## एक नजर

### शीतला माता मंदिर पर लगा बसोड़े का मेला

**बिजनौर।** जाटान रोड स्थित मां चामुण्डा धाम से आगे शीतला माता के मंदिर पर आज बसोड़े का मेला आयोजित किया गया। मेले में आई महिला श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति की कामना की तथा प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर लगी दुकानों पर महिलाओं व बच्चों की काफी भीड़ रही। बच्चों ने जहां खेल-खिलौनों की दुकानों पर जमकर खरीदारी की, वहीं महिलाओं व युवतियों ने चाट-पकौड़ी तथा अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों पर पहुंचकर चाट पकौड़ी तथा मिठाइयों का खूब स्वाद लिया। मेले में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। मेले में महिलाओं की अपेक्षा पुरुष बहुत कम दिखाई दिये।

### विजयी विद्यार्थी सम्मानित

**नजीबाबाद।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में वार्षिक खूलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल प्रबंधक एस. अकरम खान एड. ने गुब्बारे उड़ाकर किया। खेल प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में गोविंद सिंह कुशवाहा, निशु पाल, नजर परवरीन रहे। 100 मीटर दौड़ में बालक मौहम्मद अफसान प्रथम, मौहम्मद आयान द्वितीय, मौहम्मद जावेद तृतीय स्थान पर रहे। बालिकाएं मेंढ़क दौड़ में इसरा परवीन प्रथम, स्थान हमारा द्वितीय, नमीरा तृतीय रही। मेंढक दौड़ में बालक हम्माद प्रथम, आरव कुमार द्वितीय, रियान तृतीय रहे। विजय छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधक एम. अकरम खान एड. ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

**नजीबाबाद।** नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान के अन्तर्गत आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित डॉ. सविता वर्मा व डॉ. भावना अरोड़ा ने छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने के लाभ बताते हुए कहा कि सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे नियमों की अनदेखी व ओवरस्पीड बहुत बड़ा कारण है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के दिशा निर्देशन में स्वयं सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई।

### महिला दिवस पर कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** नगर के साहू छजमल दास राम रक्षपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मजीदगंज में महिला दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य हर प्रसाद शर्मा रहे। उन्होंने राष्ट्र समाज के लिए महिलाओं के योगदान को बताया व रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, सावित्रीबाई फुले, अहिल्याबाई होलकर का उदाहरण देते हुए समाज में उनके योगदान को सराहा।

### सुमैया तहरीम को सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मरहूम शहजाद साजिद हुसैन की बेटी सुमैया तहरीम के शिक्षा के क्षेत्र में आला मुकाम हासिल कर नगर व जिले का नाम रोशन करने पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने सुमैया तहरीम को मुबारकबाद देते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रईस कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस नेता नावेद फरीदी व पूर्व सभासद मौहम्मद सालिम की भतीजी सुमैया तहरीम ने महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध प्रस्ताव राष्ट्रीय स्तर पर स्पार्क 4.0 कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित हुआ है। नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी व महासचिव नदीम फारूकी ने भी सुमैया के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### दुआ फाउंडेशन ने इफ्तार कराया

**नजीबाबाद।** दुआ फाउंडेशन के बैनर तले सोमवार की शाम नगर के पालोमल कॉलोनी स्थित हाजी शमीम कुरैशी के आवास पर हुए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन कर हिंदू-मुस्लिम एकता का पैगाम दिया गया। इफ्तार में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, व्यापारियों के साथ विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने एक साथ रोजा इफ्तार कर देश में अमन-चैन, खुशहाली व तरक्की की दुआ मांगी।

### शतरंज चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 12 को

**बिजनौर।** डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में यूपी स्टेट चेस चैंपियनशिप 2026-27 के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन 12 मार्च को इंदिरा बाल भवन स्थित बिजनौर चेस क्लब में किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 तथा ओपन वर्ग के बालक और बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जिला चेस एसोसिएशन के सचिव दुष्यंत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी यूपी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी पंजीकरण या अधिक जानकारी के लिए अनुज चौधरी (मो.नं. 7607303017) से संपर्क कर सकते हैं।

### धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, कैम्पस स्थित 'रेडियो संदेश 89.6' का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि रेडियो सन्देश सचिव श्रीमति स्वाति वीरा एवं डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल, डॉ. एमएस कोरव, कैप्टन विशन लाल, एड प्रशांत गोयल, आकाश अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर रेडियो का पिछले तीन साल का सफर रेडियो टीम सदस्य मनोज यादव ने विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया और साथ ही साथ टैलेंट शो 2.0 के विजेता और उपविजेता को 3100 और 2100 का नगद इनाम अतिथियों द्वारा प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। तदुपरान्त टेलेंट शो 2.0 के प्रतिभागियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियों की गई, जिसमें आनंद मण्डल, लिपिका, अनम पपरवीन, जीनत धारणा राजपूत, मनदीप कुमार, बाबा हीरा सिंह एवं अनेक कवियों संजीव एकल, डा. अशोक शर्मा, केके रंजन, डॉ. अतीक दानिश, आकाश अग्रवाल आदि ने अपनी कविताओं / साहित्यिक रचनाओं द्वारा सभी का मंत्रमुग्ध किया।

### युवती के फोटो वायरल करने की धमकी

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पहचान हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव निवासी से एक युवक से करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। दोनों के बीच बातचीत होने लगी थी, लेकिन बाद में युवती के परिवार वालों ने उसका रिश्ता कहीं और तय कर दिया। आरोप है कि युवती के मना करने के बावजूद युवक ने उसके मोबाइल पर बार-बार कॉल करना शुरू कर दिया। युवती का कहना है कि आरोपी उसके मोबाइल नंबरों पर लगातार फोन कर परेशान कर रहा है और उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। साथ ही युवती और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़िता की शिकायत पर हल्दौर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# देर से पहुंचे छात्र को परीक्षा देने से रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान धामपुर के एक परीक्षा केंद्र पर छात्र को देरी से पहुंचने के कारण परीक्षा देने से रोक दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद छात्र और उसके परिजनों में चिंता और नाराजगी का माहौल है, क्योंकि उन्हें डर है कि इस कारण छात्र का एक साल खराब हो सकता है।

जानकारी के अनुसार धामपुर के खारी कुआं निवासी पंकज विश्नोई का पुत्र नमन पुष्प निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शुगर मिल परिसर स्थित परीक्षा केंद्र पर गणित की परीक्षा देने के लिए पहुंचा था। परि. जनों के मुताबिक छात्र सुबह समय से घर से निकला था, लेकिन रास्ते में कुछ देर हो जाने के कारण वह परीक्षा केंद्र पर करीब 15 मिनट देरी से पहुंच पाया।

बताया गया कि छात्र ने केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में शामिल होने के लिए काफी प्रयास किया और स्कूल स्टाफ से प्रवेश देने की गुहार भी

### परिजनों में चिंता व नाराजगी का माहौल

लगाई, लेकिन बोर्ड के नियमों का हवाला देते हुए उसे परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया गया। इसके चलते छात्र को परीक्षा दिए बिना ही वापस लौटना पड़ा। छात्र के परिजनों का कहना है कि बच्चे ने कई महीनों से इस परीक्षा की तैयारी की थी और सिर्फ कुछ मिनट की देरी के कारण उसे परीक्षा से वंचित कर दिया गया। उनका कहना है कि इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए था। परिजनों ने बताया कि वे इस संबंध में बोर्ड अधिकारियों से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे।

वहीं परीक्षा केंद्र प्रशासन का कहना है कि सीबीएसई के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जा सकता। इसी नियम के तहत छात्र को परीक्षा देने से रोका गया।

# नरावली नहर पुल से व्यक्ति ने लगाई छलांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नरावली स्थित पोषक नहर पुल से बीती शाम एक 55 वर्षीय व्यक्ति के नहर में कूदने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई और व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि बीती शाम करीब पौने छह बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात व्यक्ति ग्राम नरावली स्थित पोषक नहर पुल से नहर में कूद गया है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि उक्त व्यक्ति ग्राम बुढनपुर की ओर से साइकिल पर नहर पटरी के रास्ते आया था। वह नरावली पुल के पास साइकिल खड़ी कर कुछ देर तक शराब पीता रहा और इसके बाद अचानक पोषक नहर में छलांग लगा दी। पुलिस को मौके से उस व्यक्ति की साइकिल और चप्पल बरामद हुई

### रेस्क्यू टीम कर रही तलाश

हैं। रेस्क्यू टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में उसकी तलाश की जा रही है। साइकिल और चप्पलों के आधार पर उसके पुत्र अभिषेक ने उसकी पहचान रामचरण सिंह पुत्र स्व. गुलाब सिंह निवासी ग्राम मीरपुर थाना स्योहारा के रूप में की है।

फिलहाल पुलिस और रेस्क्यू टीम द्वारा नहर में लगातार तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

# किरतपुर में रोडवेज बस अड्डे को हरी झंडी

## जल्द ही जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी भूमि चयन की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने वर्ष 2025 के लिए किरतपुर में एक रोडवेज बस अड्डे की स्थापना को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस फैसले के बाद से ही क्षेत्र के व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों में उत्साह का माहौल है।

परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। बस अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश लगभग पूरी की जा चुकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जमीन चयन की प्रक्रिया अपने अंतिम दौर में है और जैसे ही



### क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर

प्रशासनिक मुहर लगेगी, निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

प्रसिद्ध समाजसेवी एडवोकेट तलहा मकरानी और एडवोकेट हसन अली चौधरी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि किरतपुर के लिए रोडवेज बस अड्डा एक पुरानी और बेहद जरूरी मांग थी। उन्होंने बताया कि आज जिलाधिकारी का दौरा प्रस्तावित था, लेकिन किन्हीं कारणों से वह रद्द हो गया। इसके बावजूद वे अपनी मांगों को मीडिया और डाक के माध्यम से प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएंगे ताकि इस प्रोजेक्ट में कोई देरी न हो।

नगरवासियों का मानना है कि बस अड्डा बनने से न केवल परिवहन व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि यह किरतपुर के व्यापार और शिक्षा जगत के लिए भी वरदान साबित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और दूर-दराज के शिक्षण संस्थानों में जाने वाले छात्र-छात्राओं का सफर आसान हो जाएगा।

# आशा-आंगनबाड़ी और भोजन माताओं को राजकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रदेश में कार्यरत आशा कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं तथा विद्यालयों में कार्यरत भोजन माताओं को राजकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की है। सांसद ने कहा कि ये महिलाएं प्रदेश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बेहद कम मानदेय पर कठिन परिस्थितियों में कार्य करना पड़ रहा है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने पत्र में लिखा कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण जैसी योजनाओं को सफल बनाने में अहम योगदान देती हैं। इसके अलावा विद्यालयों में कार्यरत भोजन माताएं भी मध्यान्ह भोजन योजना को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद इन कर्मचारियों को उनके योगदान के अनुरूप सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि और कैशलेस इलाज जैसी सुविधाओं की घोषणा स्वागत योग्य कदम है। इससे इन महिलाओं का मनोबल बढ़ेगा, लेकिन उनकी स्थिति को देखते हुए अभी भी और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

सांसद ने बताया कि उन्होंने 27 फरवरी 2025 को भी लोकसभा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि तथा उन्हें वेतनमान में शामिल किए जाने का मुद्दा उठाया था। साथ ही इस संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए पत्र भी लिखा था। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि आशा कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं और भोजन माताओं को राजकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। इसके साथ ही उनके वर्तमान मानदेय को सम्मानजनक वेतनमान में परिवर्तित किया जाए तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। सांसद ने कहा कि प्रदेश की लाखों महिलाएं इन सेवाओं के माध्यम से समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं, इसलिए उनके सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए सरकार को इस विषय पर सकारात्मक और ठोस निर्णय लेना चाहिए।

### किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर।** अखिल भारतीय किसान सभा बिजनौर द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। जिसमें छह सूत्रीय मांगें शामिल हैं।

किसान सभा के जिलाध्यक्ष तुलाराम एवं जिला सचिव फरीद अहमद के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सरकार ने किसानों की आय दो गुनी करने का वादा किया था, जबकि आलू उत्पादक किसानों को लागत का आधा ही वापस हुआ है।

ऐसी स्थिति में आलू उत्पादक किसान आत्महत्या करने को मजबूर होगा। अन्य फसलों के समर्थन मूल्यों की भांति आलू को भी समर्थन मूल्य के दायरे में लाकर फसल तैयार होने पर सरकार द्वारा खरीदारी की व्यवस्था करने की मांग की गई। इसके अलावा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को अक्षरशः लागू करने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में अमर सिंह सैनी, करन सिंह, बदरूल हसन, महीपाल, विरेन्द्र सिंह, मलखान सिंह भी शामिल रहे।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल के लिए गर्व का पल

## धामपुर के चार खिलाड़ियों ने बनाई बास्केटबॉल टीम में जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल के लिए गर्व की बात है कि विद्यालय के चार छात्रों का चयन जिला स्तरीय अंडर-18 बास्केटबॉल पुरुष टीम में हुआ है।

चयन प्रक्रिया जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन बिजनौर के तत्वावधान में नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 57 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन के दौरान 12 खिलाड़ियों को जिला टीम के लिए चुना गया, जिनमें प्रियंका मॉडर्न स्कूल के चार छात्र हार्दिक सिंह, हनी सिंह, देवांश सिंह और यथार्थ शामिल हैं।

चयन के बाद खिलाड़ियों के



विद्यालय पहुंचने पर स्कूल में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, स्कूल प्रशासिका अदिति सिंह तथा प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। वहीं स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न खेल अकादमियों और प्रशिक्षित कोचों की व्यवस्था की गई है, ताकि छात्र-छात्राएं जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

इस उपलब्धि में विद्यालय के बास्केटबॉल कोच विश्वजीत और खेल विभागाध्यक्ष मोहित चौहान का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सतीश चौहान, संयोजक कौशिक, मिस्टर मोहित पॉल, स्पोर्ट्स कोच देवरा, मौ. विवेक, कमलेश चौहान, डी.पी. सिंह, कमल भट्ट, रूपराज सिंह और सतनाम सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।

## एक नजर

### बीस दिनी तरावीह मुकम्मल



**धामपुर।** रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने अल्लाह के कलाम को तरावीह नमाज में सुनने और सुनाकर मुकम्मल होने का सिलसिला जारी हे। इस मौके पर शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर कासमी ने रमजान के दूसरे अशरे मे अपने गुनाहों से तौबा करने वाला बताया। उन्होंने आखरी अशरे में मुसलमानों से एतेकाफ का एहतेमाम किये जाने की ताकीद की। नगर के मौहल्ला अफगानान स्थित जामा मस्जिद में मौलाना अहमद अब्दुल्लाह ने बीस दिनी तरावीह नमाज मे कुराने करीम को सुनाया, जिसे बीच बीच मे मुफ्ती फैजान बारी, कारी हस्सान ने संयुक्त तौर से सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर कासमी ने कहा कि जिस शख्स ने रमजान के महीने तरावीह नमाज को ईमान की हालत लगातार एहतराम व एहतमाम के साथ पढ़ा। अल्लाह ताला उसकी हिफाजत करेंगे और उसके अगले और पिछले गुनाह माफ कर देंगे। जिस अल्लाह के बन्दे ने तरावीह पढ़ी और रोजे रखे वो मुबारकबादी के मुस्ताहिक हैं। उन्होंने मुसलमानों से रमजान के बाद भी रोजाना पांच वक्त की नमाज पाबन्दी के साथ अदा किये जाने की हिदायत दी। उन्होंने देश, दुनिया में अमन, शान्ति और भाईचारा कायम रखने तथा तरक्की की दुआ कराई। इस मौके पर मुफ्ती मौहम्मद कासमी, मुफ्ती मौहम्मद फैजान बारी कासमी, कारी मौहम्मद हस्सान, मौलाना अब्दुल रज्जाक, मुफ्ती फहीम, डा. कमाल अहमद, मौहम्मद शान, शहजाद रफी, डा. आरिफ सैफी, सलाउद्दीन, मौहम्मफ दानिश, मौहम्मद नाजिश, वरिष्ठ पत्रकार फैजान अंसारी, मौहम्मद जाहिद, उस्मान, मौहम्मद हम्माद, आसिफ खान, मुफ्ती नफीस कासमी, हाजी आरिफ खान, हाजी चांद, गुफरान, असलम, शबनूर शम्स, आमीर हसन आदि शामिल रहे।

### किसानों की समस्याओं पर चिंतन



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन की मासिक पंचायत पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा और चिंतन किया गया। पंचायत का उद्देश्य किसानों की समस्याओं का समाधान कराना तथा भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इस दिशा में संगठन को और मजबूत बनाना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलवीर सिंह ने कहा कि किसानों से गन्ना लगभग 400 रुपए प्रति कुंतल के हिसाब से लिया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर चीनी मिलों द्वारा किसानों को नए बीज के नाम पर प्रत्येक आंख लगभग ढाई रुपये के हिसाब से दी जा रही है, जो लगभग 1800 रुपए प्रति कुंतल तक पड़ता है। उन्होंने इसे किसानों के साथ शोषण करार देते हुए कहा कि इस व्यवस्था पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। चौधरी कुलबीर सिंह ने संगठन को मजबूत करने पर भी जोर देते हुए सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही किसानों की आवाज प्रभावी ढंग से उठाई जा सकती है और उनकी समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा। इस अवसर पर सरदार इकबाल सिंह, चौधरी कुलबीर सिंह, भोपाल राठी, विजय सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, गजेंद्र सिंह, प्रशांत चौधरी, श्यामसुंदर राठी, हिमांशु चौधरी, मुनेंद्र सिंह, साबुद्दीन राइन, भूपेंद्र चौधरी, पवन कुमार, सफदर शेख, रूपेंद्र सिंह, दविंदर सिंह उपस्थित रहे।

### 'सशक्त महिलाएं, सशक्त समाज'



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय 'सशक्त महिलाएं, सशक्त समाज' रखा गया, जिसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करना था। कार्यक्रम के दौरान कृष्णा कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज आफॅ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां द्वारा किया गया। प्राचार्य परवेज अहमद खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं का स्थान पुरुषों के समान होना चाहिए। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मे प्रथम स्थान बी.ए.एल.एल.बी. प्रथम वर्ष के छात्र अकबर, द्वितीय स्थान एल.एल.बी. प्रथम वर्ष कि छात्रा दामीनी व तृतीय स्थान बी.ए.एल.एल.बी. द्वितीय वर्ष की छात्रा मसीयत ज़ैदी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं प्रवक्तागण डॉ. एम.ए.खान, शिव कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, मीनू कोठारी एवं खुशबू रानी का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में महिलाओं के सम्मान, समानता और अधिकारों के लिए सदैव प्रयास करते रहेंगे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर





सम्भल। नमाजियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने की मांग को एडीएम को ज्ञापन देते सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष।

# जुमा अलविदा व ईदुल फितर की नमाजियों पर हेलीकॉप्टर से कराई जाए पुष्पवर्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कभी बापू की प्रतिमा पर आँसू बहाने तो कभी कुछ और तरीके से चर्चाओं में रहने वाले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने इस बार भी जुमा अलविदा और ईदुल फितर पर नमाजियों पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराये जाने की मांग की है।

**○ सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने डीएम एसपी को ज्ञापन देकर की मांग**

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई को पत्र देकर कहा कि देश व उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है सावन के माह में उत्तर प्रदेश सरकार हिन्दू भाईयो (कावड़ियो/शिव भक्तों) पर हर वर्ष हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाती है। सरकार का नारा है कि सबका साथ सबका विकास एंव सबका विश्वास है।इसी तर्ज पर सरकार से उम्मीद है कि हमरे भी धर्म का सम्मान करते हुये वर्तमान में चल रहे माह रमजान के मुबारक माह में मुस्लिम समुदाय के लोग भी एक माह रोजे रख कर खुदा की इबादत करते हैं। एक माह पूरे होने के बाद ईद का पाक त्यौहार मनाया जाता है। जिस पर मुस्लिम समुदाय के लोग भी सरकार व प्रशासन से आने वाले अलविदा जुमा पर सम्भल की शाही जामा मस्जिद व ईदुल फितर के दिन सम्भल ईदगाह पर शासन के खर्च पर ही हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की मांग की। जबकि शासन प्रशासन द्वारा यह कार्य अपने खर्चे पर नहीं कराया जाता है तो वह स्वयं के खर्चे पर हैलीकॉप्टर से पुष्पा वर्षा कराने एंव खर्च उठाने को तैयार है। जिसकी अनुमति दी जाये जिससे कि समाज में एकता का सन्देश पहुँचे व भाईचारा बना रहे। ज्ञापन देने वालो में जाहिद खाँ मो शान मौलाना नासिर गुलाम मुस्तुफा बिलाल खाँ आरिफ खाँ जबर सिंह यादव रामरहिस यादव गौरव फैजान शाही निसार सैफी कासिम मियाँ असलम मोनिस आदि मौजूद रहे।



सम्भल। मिट्टी के अवैध खनन में गिरी ढांग में दबकर मरे युवक के परिजन विलाप करते।

# अवैध खनन करते मिट्टी की ढांग में एक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**○ तीन गम्भीर रूप से घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती, खनन माफिया ट्रैक्टर लेकर फरार मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच**

**सम्भल।** अवैध खनन करते बड़ा हादसा हो गया। खनन करते गिरी मिट्टी की ढांग में चार लोग दब गए। हादसे में एक की मौत हो गयी जबकि तीन घायल हो गए। अवैध खनन का धांधेबाज ट्राली लेकर फरार हो गया।

बहजोई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किसोली और रफीपुर कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्राली से अवैध खनन कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी का भारी ढेर भरभराकर गिर पड़ा। खनन में शामिल लोग बच पाते लेकिन इससे पहले ही चार लोग चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। लेकिन हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद खनन माफिया मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए, जबकि ट्राली घटनास्थल पर ही छोड़ दी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और अवैध खनन में शामिल लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

# आठ साल की मासूम ने कुरान किया मुकम्मल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** मन में जब कुछ कर गुजरने की ललक हो तो फिर उम्र कोई मायने नहीं रखती। दूसरी कक्षा की शिक्षा ग्रहण कर रही छात्रा ने मुकददस किताब को मुकम्मल कर दिखाया। खेलने कूदने की उम्र में मुकददस किताब पुरा पढ़ने वाली मासूम को देखने और दुआएं देने वालों का तांता लगा हुआ है।

**○कक्षा दो में शिक्षा ग्रहण करते-करते दीनी शिक्षा कर रही है हासिल**

नगर के मौहल्ला दीपा सराय निवासी मुजीबुर्हमान की बेटी आयरा रहमान 8 वर्ष अलनूर पब्लिक स्कूल में कक्षा दो में शिक्षा ग्रहण कर रही है। होनहार मासूम बेटी स्कूली शिक्षा में भी दक्ष है जबकि इसी के साथ वह दीनी शिक्षा हासिल कर रही है। अपने स्कूल में होनहार छात्र आयरा रहमान स्कूली कार्य को समय से पूरा कर दीनी तालीम भी लेती है। स्कूल के साथ मुकददस किताब पढ़ रही मासूम आयरा ने आठ साल की आयु में कुराने पाक को मुकम्मल कर लिया। खेलने कूदने की उम्र में कुराने पाक मुकम्मल करने वाली मासूम छात्रों के बारे में जिसने सुना वह उसे देखने आया। रिश्तेदारों और परिवार के लोगों ने मासूम की प्रशंसा की और उसे दुआओं से नवाजने का सिलसिला बदसतूर जारी है। जबकि मासूम परिवार के साथ अपने रिश्तेदारों में भी आँखो का तारा बनी हुई है।

# रमजान के तीसरे अशर की फजीलत व शबे कद्र की तलाश ज़रूरी

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** रमजान मुबारक इस्लाम का एक बेहद मुकद्दस और बरकतों वाला महीना है, जो इंसान को सब्र, तक्वा, हमदर्दी और इबादत का पैगाम देता है। रमजान के महीने को तीन अशरों में बाँटा गया है। पहला अशरा रहमत का, दूसरा अशरा मगफिरत (गुनाहों की माफी) का और तीसरा अशरा जहन्नम से निजात का माना जाता है। रमजान का तीसरा अशरा 21वें रोजे से शुरू होकर 30वें रोजे तक रहता है और इसे सबसे ज्यादा अहम और फजीलत वाला माना जाता है।

सय्यद गुलजार अहमद हाशमी ने बताया कि रमजान के आखिरी दस दिन मुसलमानों के लिए बेहद अहम होते हैं। इन दिनों में अल्लाह की इबादत, तौबा, इस्तिगफार और नेक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मस्जिदों में एतिकाफ बैठने का सिलसिला भी इन्हीं दिनों से शुरू होता है, जिसमें लोग दुनिया के कामों से अलग होकर पूरी तवज्जो के साथ अल्लाह की इबादत में लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान के आखिरी दस दिनों में ही शब-ए-कद्र जैसी अजीम और मुबारक रात आती है। मुकददस किताब में बताया गया है कि शब-ए-कद्र की रात हजार महीनों से बेहतर है, यानी इस एक रात की इबादत का सवाब 83 साल से ज्यादा की इबादत के बराबर होता है। हदीसों के मुताबिक शब-ए-कद्र को रमजान की ताक रातों में तलाश करने की हिदायत दी गई है। ये ताक रातें आम तौर पर 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं और 29वीं रमजान की रातें होती हैं। सय्यद गुलजार अहमद हाशमी ने कहा कि इन रातों में मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा नमाज अदा करनी चाहिए, कुरआन की तिलावत करनी चाहिए, दुआ, जिक्र और सदका-खैरात का एहतमाम करना चाहिए। अल्लाह तआला इन मुकद्दस रातों में अपने बंदों पर खास रहमत नाजिल करता है और जो लोग सच्चे दिल से तौबा करते हैं उनके गुनाह माफ फरमा देता है। उन्होंने बताया कि रमजान के तीसरे अशरे की एक खास दुआ भी है। अल्लाहुम्मा अजिरनी मिनन नार अर्थात ऐ अल्लाह! मुझे जहन्नम की आग से बचा ले। आखिर में सय्यद गुलजार अहमद हाशमी ने लोगों से अपील की कि रमजान के इन आखिरी दिनों की कद्र करें, अपने गुनाहों से सच्चे दिल से तौबा करें, गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों की मदद करें और ज्यादा से ज्यादा नेक काम करके अल्लाह की रजा हासिल करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि रमजान का असली मकसद इंसान को नेक रास्ते पर चलाना और उसकी जिंदगी को बेहतर बनाना है।

## नगर पंचायत की बौर्ड बैठक 12 मार्च को

**सिरसी ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत की बोर्ड बजट की बैठक अध्यक्ष कौसर अब्बास की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में 12 मार्च (गुरूवार) को सुबह 12 बजे आयोजित होगी। जिसमें सभी सदस्यों को प्रतिभाग करना आवश्यक है। नगर पंचायत ई ओ के हस्ताक्षर से जारी किए गए प्रेस नोट में यह जानकारी दी गई।

## तेज झुलसाने वाली गर्मी देने लगी बीमारियों को दस्तक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है। तेज़ी से हो रहे मौसम के परिवर्तन से बुखार आदि के अलावा डायरिया ओर अन्य रोगों से ग्रसित रोगियों की संख्या बढ़ गई है।

भीषण गर्मी के प्रकोप बढ़ने के बाद भी तेज़ी से पैर पसार रही बीमारियों की रोकथाम की कोई व्यवस्था फिलहाल की जाना नज़र नही आ रही। जबकि सूर्य की किरणें का रौद्र रूप दिनों-दिन तेज़ होता जा रहा है। भयंकर गर्मी में विशेषत: ग्रामीण अंचल में रह रहे लोग अधिकांश विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। सरकारी अस्पताल के आंकड़े तो नही लेकिन निजि नर्सिंग होम में गर्मी के कारण रोगों से पीड़ित बीमारों की संख्या खासी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोगों के फैलनें के कारणों ओर रोकथाम के लिए कोई कदम अभी भी नही उठाए जा सके हैं। क्षेत्र में बिक रहे नकली पैय पदार्थ और मिलावटी सामान के अलावा सड़े गल दूषित सब्जियाँ।

# बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की नियमित की जाए समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**○ब्लॉक बाल कल्याण व संरक्षण समिति में दी जानकारी**

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरक्षण समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण पर चर्चा की गयी।

विकास खंड गुन्नौर के ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी जीनम द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपाल सिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है को भी विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी प्रमोद कुमार ने सभी सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होने के निर्देश दिए। जबकि इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं करने की चेतावनी भी दी। बैठक में शिक्षा विभाग से अनु शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डा. आशीष कुमार गुप्ता, पुलिस विभाग से गुरजिन्दर कौर एस.आई, मोहित भाटी, कमल सिंह, विवेक कुमार, मनोज कुमार, सोमपाल सिंह, विकेश कुमार एवं हृदेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी



बबराला- इन्दिरा चौक पर छाया घना कोहरा, लाईटें जलाकर चलते वाहन।

## मौसम में आए परिवर्तन से लोग आश्चर्यचकित

**○सुबह छाया रहा घना कोहरा, सुबह टहलने वालों को पहनने पड़े स्वेटर**

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मंगलवार सुबह जब लोग जागे तो मौसम का हाल देखकर चकित रह गये,क्योंकि मार्च के माह में वतावरण में घना कोहरा छाया हुआ था। जबकि नगर में भी दृष्टयता जीरो थी। नगर बबराला व गुन्नौर के लोग एक बारगी घने कोहरे और हलकी ठंडक से रूबरू हुए, जब प्रात: उठे तो चारो और कोहरे की चादर पसरी मिली। सुबह को टहलने वालों को स्वेटर निकालना पड़ गया। वातावरण में ओस की बूंदे पेड़ों से ऐसे गिर रही थी कि मानों हलकी बूंदे गिर रही हों। सड़क पर चलने वाले वाहनों को लाइट जला कर चलना पड़ा।

## अप्रशिक्षित हाथों में ई रिक्शा लगा रहे जाम

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भला।** अप्रशिक्षित हाथों में चल रहे ई रिक्शा शहर भर में जाम का कारण बने हुए हैं। अनगिनत और बिना किसी परीक्षण के चल रहे ई रिक्शा भीड-भाड़ वाले क्षेत्र में एक साथ कई-कई आने से जाम लगा देते हैं। इससे हर समय अनेको समस्याएं बनी रहती है। हालात यह हो गए हैं कि एक साथ ई रिक्शाओं के कई झुंड आने से बाज़ार और अन्य मार्गों पर पैदल निकलना भी दूभर हो गया है,परन्तु पुलिस-प्रशासन और परिवहन विभाग खामोश है। हालांकि पूर्व शहर कोतवाली प्रभारी ने अतिक्रमण हटवाकर और मुख्य बाज़ार में ई रिक्शा का प्रवेश बंद कर जाम लगने पर सफलता पा ली थी, लेकिन शहर के अन्य स्थानों पर ई रिक्शा के कारण हर समय जाम का झाम बना हुआ है,मगर इस ओर प्रशासन या पुलिस का कोई ध्यान नही है। नगरवासी इस समस्या से बुरा परेशान हैं।

## पूर्णागिरि धाम को साइकिल से जत्था रवाना

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर से साइकिल यात्रा मां पूर्णागिरि धाम को रवाना हुई। लोगों ने श्रृद्वालुओं को तिलक लगाकर रवाना किया।

ब्लॉक के गांव मरौरी खास से 38 साइकिल व 10 बाइक सवार श्रृद्वालु काली मंदिर, चामुंडा माता मंदिर स्थित पूर्णागिरि धाम के लिए साइकिल से रवाना हुए। यात्रा का गुन्नौर चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इन श्रृद्वालुओं को समाजसेवियों ने स्मृति चिन्ह और फूड पैकेट देकर व तिलक लगाकर यात्रा के लिए रवाना किया। श्रृद्वालुओं में टीम की अगुआई कर रहे पुनीत व देवपाल द्वारा टीम को अनुशासित ढंग से निकाला गया। गत वर्षो से साइकिल से यात्रा जा रही है। इस बार 14 वीं यात्रा रवाना हुई है। इस दौरान महिपाल बघेल, रवि कुमार, पुनीत, देवपाल, दीपक, प्रदीप, ओमप्रकाश, पवन, अरुण, अमरपाल हरिओम, मुनीश, नन्हे, विकास, जितेन्द्र, अतुल आदि रहे।कल्किधाम ग्राम एचौड़ा कम्बोह में मासिक सत्संग का आयोजन किया गया।

## महिला आयोग की सदस्या आज जनपद में

**सम्भल ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह का कल आज (13मार्च) जनपद में भ्रमण प्रस्तावित है। इस दौरान महिला आयोग की सदस्या महिला उत्पीड़न की रोकथाम,एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं जनसुनवाई करेंगी। अयोग की सदस्या का 11 बजे लोनिवि के गेस्ट हाउस में आगमन प्रस्तावित है।

## बाइक व ई रिक्शा भिड़ंत में दो घायल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मंगलवार को बाइक व ई रिक्शा की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। उनको गुन्नौर अस्पताल लाया गया।

आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव कैल के पास बाइक सवार अजीत व सुरजीत पुत्रगण भुवनेश निवासी मैथरा अलापुर थाना बहजोई से बबराला की ओर आ रहे थे। जबकि दूसरा ई रिक्शा बबराला की तरफ से बहजोई की ओर को जा रहा था। दोनों में भिड़ंत हो गयी। घायलों को 112 पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डाक्टर ने दोनो को हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## इग्नू में प्रेवश व पुन: पंजीकरण की अन्तिम तिथि 15 मार्च

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** इग्नू ने जनवरी सत्र के लिए नए अगले प्रवेश और अगली कक्षा/सेमेस्टर के पुन: पंजीकरण (री रजिस्ट्रेशन) की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। इग्नू अध्यन केन्द्र एमजीएम कॉलेज डा. दिलदार हुसैन ने बताया कि दोनो प्रकार के अभ्यर्थी इग्नू की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल से 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

# रोज़ेदार ही सही मायनों में ईद की खुशी का हकदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रोज़ा न रखना पड़े इसके लिए हट्टे-कट्टे युवक युवतियां रमज़ान शुरू होने से पहले ही तरह-तरह की बीमारियों से ग्रस्त होकर बहाना बनाने में आज भी सबसे आगे हैं। जो लोग रहमतों के महीने कहे जाने वाले माह में रोज़ा नही रखते वह खुदा की अज़ीम बरकतों से महरूम रहते हैं।

इस माह में खुदा की रहमतों नाज़िल होती हैं। जो लोग रोज़ा, नमाज़ व तराबीह को कसरते के साथ अदा नही करते उनके लिए मानो रहमतों के दरवाज़े बंद हो जाते हैं। मुस्लिमों में इस माह की अज़ीम फजीलत बयान की गई है। माहे रमज़ान में रोज़ा रखने वालों को 70 गुनाह सवाब अता किया है। इस माह में भी हम अल्लाह की अज़ीम तरीन बरकतों से जानबूझ कर महरूम होते चले जा रहे हैं। बीते कई वर्षो तक रमज़ान का महीना जाड़ों के मौसम में आने पर रोज़ेदारों की तादात में बढ़ोत्तरी दिखायी दी थी,लेकिन माहे रमज़ान के गर्मी माह में आते ही रोज़ेदारों की संख्या कम हो गई है। इसके ग्राफ में गिरावट का कारण स्वस्थ युवक युवतियों का तरह-तरह के बहाने बनाना बताया जा रहा है। अक्सर देखने को मिल रहा है कि रमज़ान के आने से पहले ही रोज़ा न रखने वाले बहाने तलाश करने लगते हैं। वर्षो किसी बीमारी की गिरफ्त में आ चुके कुछ बीमारी का बहाना बनाकर डाक्टरों के पास पहुंच जाते हैं और दवाई आदि के सेवन की बात कहते हुए लोगों को विश्वास दिलाते देखे जा रहे हैं।

## रमजान माह में रात को उमड़ रही खरीदारों की भीड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रमज़ान माह बाज़ार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। रोजाना बारह बजे तक दुकानें खुलने से बाज़ारों में रौनक छायी हुई है।

ईदुल फितर का पर्व जैसे-जैसे करीब आता जा रहा है वैसे-वैसे बाज़ार में भी खरीददारों की भीड़ रोजाना उमड़ रही है। कपड़ा और जूता दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ नजर आ रही है। वहीं इफ्तार बाद खरीदारों की भीड़ उमड़ने से बाज़ारों में दुकानें बारह बजे तक खोली जा रही है। जिससे बाज़ार भी गुले-गुलजार नजर आ रहे हैं।माता-पिता व परिवार के अन्य लोगों के साथ पहुंच रहे छोटे बच्चे मनपसंद टोपियां और तरह-तरह के आकृषक डिज़ायनों वाले कुर्ता और पैजामा व अन्य वस्त्रों की खरीदारी कर रहे है। इनमें सबसे अधिक भी कपड़ा और जुता दुकानों पर अधिक है।

# नारी की सेवाओं से सशक्त होता है सम्पूर्ण समाज: नेहा

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, श्री दीप साहित्यिक सेवा संस्थान गोरखपुर के संस्थापक दिनेश गोरखपुरी एवं संरक्षक नन्दमणि लाल त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित भव्य कार्यक्रम के बीच, समाज की सक्रिय महिलाओं को उपहारस्वरूप प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर बहजोई स्थित बी एम बी एल जैन वर्ल्ड स्कूल मेंकार्यक्रम का शुभारंभ नेहा मलय, पूनम शुक्ला एवं मीनू रस्तोगी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर समाजसेवी नेहा मलय ने कहा कि नारी से घर-परिवार एवं समाज दोनों ही सशक्त होते हैं, उसकी सेवाओं से संपूर्ण समाज को ही शक्ति प्रदान होती है, इसलिए नारी का सम्मान बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक ज्ञानप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि गोरखपुर निवासी ख्यातिलब्ध ज्योतिषविद् नन्दमणि लाल त्रिपाठी के अनुमोदन पर देव साहित्यिक सेवा संस्थान ने नारी के सम्मान में उनको पूर्वांचल नारी गौरव सम्मान से अलंकृत करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत दिव्य गंगा सेवा मिशन में सक्रिय नारियों को सम्मानित किया जा रहा है, जिसमें शांति राणा शांति, ऊषा शर्मा, सुनीता शंखवार, इंद्रा त्यागी, मंजू शर्मा, शिवानी शर्मा,पूनम शुक्ला, मीनू रस्तोगी, नेहा मलय सहित विभिन्न क्षेत्रें में सक्रिय नारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की शिक्षिकाओं को सम्मानित करते हुए विद्यालय के व्यवस्थापक सम्भव जैन एवं पवन जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। दिव्य गंगा सेवा मिशन में साहित्यिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक अतुल कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# स्वयं सेवक व सेविकाओं ने किया जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो



सम्भल- यातयात नियमों के पालन को छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते

**सम्भल।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (कौशल विकास हेतु युवा) के विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस सड़क सुरक्षा के रूप में मनाया गया।

एमजीएम पीजी कॉलेज के रासेयो इकाई के शिविर के प्रथम सत्र में यातायात पुलिस हेड कांस्टेबल सचिन कुमार ने दो पहिया वाहन चलाने वालों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट के प्रयोग को स्वयं सेवक सेविकाओं को जागरूक किया। हेड कांस्टेबल दीपक कुमार ने सड़क सुरक्षा प्रतीक चिन्हों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमपाल सिंह ने साइकिल में लगे लाल सफेद और पीले रेडियम चिन्हों को समझाया। आकांक्षा सिंह दीक्षा सिंह विशाखा सिंह महक मोहम्मद आतिफ मोहम्मद आमान ने भी अपने विचार प्रकट किये। प्रथम सत्र के कार्यक्रम के अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। द्वितीय सत्र में स्वयं सेवक सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा आदि स्लोगन बोलते हुए हल्लू सराय में एक रैली निकाली। जिसमें शिवली नाजिया अल शिफा मोहम्मद आदिल ने मुख्य भूमिका निभाई उसके बाद सभी स्वयंसेवक सेविकाओं ने सड़क पर बाइक सवार लोगों को हेलमेट की अनिवार्यता के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर सौरभ कुमार अजीत कुमार यातायात पुलिस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक सेविका उपस्थित रहे।

# तांबा पौधों के लिए एक आवश्यक सूक्ष्म तत्व

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**○फसल क्रांति कृषि मेले में किसानों को किया जागरूक**

**सम्भल।** फसल क्रांति कृषि मेला में किसानों को मिट्टी की जांच के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जबकि खेत में फसल अवशेष को सड़ाने के लिए किसानों भाइयों को इफको के बायोडिमोपोजर का इस्तेमाल करने के बारे में बताया गया।

असमोली ब्लॉक के कल्कि धाम प्रांगण में इफ्को के क्षेत्राधिकारी अमित पटेल के माध्यम से फसल क्रांति कृषि मेला कास आयोजन किया गया। मेले में बताया गया कि खेत में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है। इसके साथ साथ मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। किसान अपनी सभी प्रकार की फसलों में आलू और गेहूं, गन्ना धान मक्का मेंथा सब्जी एवम अन्य सभी फसलों में नैनो उर्वरकों का प्रयोग करे। जबकि मक्का की फसल में नैनो डीएपी 5मिली प्रति किग्रा हिसाब से बीज शोधन करके बुवाई करें। साथ ही बुवाई के 35 से 40 दिन के बाद फसल नैनो डीएपी का छिड़काव करके किसान अपनी फसल से अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते है। इफको की नैनो जिंक और इफको नैनो कॉपर 100मिली को 100 लीटर पानी में खोल कर स्प्रे करने से जिंक की आपूर्ति होती है जिंक एक महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने,और डीएनए/प्रोटीन संश्लेषण करने में सहायक होता हैं नैनो कॉपर (तांबा) पौधों के लिए एक आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व है, जो क्लोरोफिल उत्पादन, श्वसन, प्रकाश संश्लेषण और एंजाइम सक्रियता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह पौधों की कोशिका भित्ति को मजबूत करता है और कवकनाशी व जीवाणुनाशक के रूप में बीमारियों ब्लाइट, कैंकर से फसल को बचाता है। कॉपर सब्जियों का रंग निखारने में भी सहायक है।

## लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को रवाना होगा वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जायेगा। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादकारियों के पहुंचे और सफलता को प्रचार-प्रसार वाहन जनपद न्यायाधीश द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

# तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर हादसे में दादा-दादी सहित बच्ची घायल

**मुरादाबाद।** जनपद के मूढ़ापांडे थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी,इस दुर्घटना में ई-रिक्शा में सवार 7 वर्षीय बच्ची सहित उसके दादा-दादी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया।जानकारी के अनुसार वीरपुर थान मूढ़ापांडे निवासी अफसर अली अपनी पत्नी नसीमा और 5 वर्षीय पोती हिफ्जा पुत्री नाजिम के साथ ई-रिक्शा से जाहिदपुर में अपने रिश्तेदारों के यहां से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि रविवार को वह मामा के घर गए थे और वहां से मंगलवार को वापस अपने घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान मूढ़ापांडे क्षेत्र के मौलागढ़ के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें बैठे अफसर अली, उनकी पत्नी नसीमा और बच्ची हिफ्जा घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही मूढ़ापांडे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है।पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।





# एक छात्र की परीक्षा के लिए चौदह कर्मियों की ड्यूटी, छात्र नहीं पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं इन दिनों संचालित हो रही हैं और संभवत: 11-12 मार्च तक वर्ष 2026 की परीक्षाएं समाप्त हो जाएंगी। मंगलवार को सीआईसी कॉलेज में द्वितीय पाली में व्यवसायिक विषय की परीक्षा निर्धारित थी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस पाली में ब्रजभूषण इंटर कॉलेज फतेहपुर शमसोई के एक छात्र का परीक्षा केंद्र सीआईसी कॉलेज बनाया गया था और उसी छात्र को व्यवसायिक विषय की परीक्षा देनी थी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए केंद्र पर कुल 14 लोगों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिनमें केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा सहायक, सचल दल, अवमोचक, लिपिक, कर्मचारी, कक्ष निरीक्षक तथा पुलिस बल शामिल थे।

सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक, सायं 05:15 बजे तक केंद्र पर मौजूद रहे। हालांकि संबंधित छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचा, फिर भी बोर्ड के नियमों के अनुसार परीक्षा की सभी औपचारिकताएं पूरी की गईं। प्रधानाचार्य ने बताया कि नियमानुसार भले ही परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, लेकिन परीक्षा प्रक्रिया के तहत प्रश्नपत्र खोला जाता है और बाद में उसे पुन: सील भी किया जाता है।

इसलिए परीक्षा की सभी आवश्यक औपचारिकताएं नियमानुसार पूरी की गईं।

## एक नजर

### शिक्षा विभाग सांई बैंकट हॉल में आज करेगा संगोष्ठी का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )।** शिक्षा विभाग सांई बैंकट हॉल में आज ग्राम प्रधानों स्थानीय प्राधिकारियों जन् प्रतिनिधियो के साथ एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा उक्त जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी पत्र द्वारा दी गई। बताया गया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ के पत्र के द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र पर ग्राम प्रधानों स्थानीय प्राधिकारियों जनप्रतिनिधियों की एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित कर विभागीय योजना कार्यक्रम के विषय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश जारी हुए थे। शैक्षिक सत्र 2025- 26 में बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम योजनाओं तथा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म स्कूल बैग स्वेटर जूता मौजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि का सीधे अभिभावकों के बैंक खातों में प्रेषित किया जाना, निपुण भारत मिशन, एमएमसी, बालि. का शिक्षा आउट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ऑपरेशन कायाकल्प आदि विषयों पर संबंधित प्रधानों प्राधिकारी और जनप्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान करते हुए उन्मुखीकरण करना, तथा इनके माध्यम से विभागीय कार्यक्रम एवं गतिविधियों को छात्र-छात्राओं अभिभावको एवं समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। बताया कि इससे जहां बच्चों के नामांकन उपस्थिति में सकारात्मक वृद्धि होगी वही अभिभावकों एवं ग्राम पंचायत का विद्यालय विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की जा सकेगी। इस कार्यक्रम में समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक इंचार्ज अध्यापक ग्राम प्रधान स्थानीय निकाय के सदस्य एवं मीडिया को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम 10:00 बजे प्रारंभ होगा।

### आरटीई एक्ट 2009 के विरोध स्वरूप चरणबद्ध योजना में पहले लिखी जाएगी शिक्षक की पाती



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आरटीई एक्ट 2009 के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर जिसमे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, टीएससीटी उ प्र, यूटा , अटेवा , एससीएसटी वेलफेयर एसोसिएशन , महिला शिक्षक मोर्चा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर संघ, उ प्र बीटीसी शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश शिक्षामित्र संघ, आदि कुल 15 संगठन शामिल है के द्वारा चलाए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के चरणों में सर्वप्रथम शिक्षक की पाती इसके बाद जिला मुख्यालय पर मशाल रैली निकाली जाएगी तीसरे चरण में इको गार्डन लखनऊ में रैली का आयोजन चौथे चरण में मानसून सत्र में संसद भवन का घेराव प्रस्तावित है जिसमे क्रम में प्रथम चरण में शिक्षक की पाती कार्यक्रम में प्रधान मंत्री, मुख्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा को पोस्ट कार्ड एव ईमेल के माध्यम से शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त कराने के लिए निवेदन किया जा रहा है के क्रम में जिले भर के शिक्षक द्वारा माननीयों के नाम पोस्ट कार्ड ब ईमेल लिखकर टेट की अनिवार्यता खत्म करने की माँग की जा रही है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने अपने स्टाफ के साथ शिक्षक की पाती लिखकर विरोध दर्ज कराया और छजलेट व्लॉक के शिक्षकों से अपील की कि वह भी इस अनिवार्यता के विरोध के इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता दें जिससे शिक्षकों की आवाज जोरदार तरीके से माननीयों तक पहुंचाई जा सकें और आरटीई एक्ट 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति मिल सकें ।

### नर्सरी से कक्षा 8 तक के मेधावी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सेंट स्टीफन इंटरनैशनल स्कूल उमरी कलां में शैक्षणिक सत्र 2025 - 2026 का कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ , जिसमे छात्र छात्राओं को अंक पत्र , मेडल , प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या कविता रस्तोगी ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना आवश्यक है। क्योंकि परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।कभी भी



परिश्रम से घबराना नहीं चाहिए। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल उमरी कलां क्षेत्र का एकमात्र ऐसा स्कूल है जो उत्तम शिक्षा प्रदान करता है एवं समय- समय पर विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य एवं उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

वो मेधावी छात्र जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन सभी मेधावी बच्चों को अंक- पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल में 100% उपस्थिति में कक्षा - एल के जी में अलीजा, कक्षा - 1ए में आफरीन, कक्षा - 4 ए में रोजी, कक्षा - 5 ए में उजैर और कक्षा -8 में उवैस को सम्मानित किया गया। अंत में स्कूल चौयरमेन जितेंद्र बिश्नोई, ने सभी उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं को उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं अभिभावकगण का विद्यालय आगमन पर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हिमांशु कुमार, हर्ष विश्नोई, आयशा, संजय,मंजू, निशा, भूमिका,रूबी, साक्षी, कनिका,दृष्टि आदि समस्त शिक्षक - शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# तीन माह से सड़क पर बह रहा पानी एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर, कर रहे सरकार का नुकसान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गुरुद्वारा के सामने लीकेज हुई पाइप लाइन के कारण पानी सड़क पर बह रहा है लेकिन जल निगम पीडब्लूडी और पीडब्ल्यूडी विभाग जल निगम पर इसकी जिम्मेदारी बता कर पल्ला झाड़ रहे हैं और इससे लाखों रुपए की लागत से बनी सड़क बैठने लगी है। पास के दुकानदार बुद्धू सिंह ने बताया की तीन माह पहले सड़क किनारे पाइप लाइन लिकेज हो गई जिसकी वजह से नगर पंचायत की टंकी से छोड़ा गया पानी इस सड़क पर बह रहा है जो की सड़क किनारे बहता हुआ लाल मस्जिद तक पहुंच जाता है दुकानदारों का कहना है कि जल भराव के कारण एक तरफ जहां गंदगी फैलती है वहीं दूसरी और निर्माणाधीन मुख्य मार्ग की सड़क भी यहां पर बैठने लगी है उनका कहना था की शिकायत करने पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने इसे ठीक करने की जिम्मेदारी जल निगम की बताइ और जल निगम इसका जुम्मा पीडब्ल्यूडी विभाग पर डाल रहा है। कुल मिलाकर दोनों में से कोई भी विभाग इस लीकेज पाइप लाइन को ठीक करने को तैयार नहीं है और इसका खामियाजा आसपास के लोगों के साथ-साथ सरकार को भी सड़क टूटने के कारण उठाना पड़ रहा है। दुकानदारों ने पाइप लाइन को ठीक करा कर मुख्य मार्ग को बचाते हुए पीने के पानी की बर्बादी बंद कराए जाने की मांग उठाई है।



# सिंचाई खंड की मासिक बैठक में कार्यों की समीक्षा कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक मंडल कार्यालय मुरादाबाद के ट्यूबवेल कॉलोनी स्थित मीटिंग हॉल में की गई। जिसमे पुराने कार्यों की समीक्षा की गई अधिकांश कार्य पूर्ण पाए गए तथा कुछ कार्य जैसे नलकूप संख्या 240 । ळ की पाइपलाइन , शिवपुरी मुंडापांडे के महाविद्यालय के सामने का पुल निर्माण अति शीघ्र होने की आशा जताई गई। बताया गया कि इस समय नहर कटिंग और कुलाबे की कोई समस्या नहीं है नहरों को रोस्टर के हिसाब से चलाया जा रहा है। अधिकांश नहरों में 12 मार्च को पानी छोड़ दिया जाएगा ताकि किसान अपनी फसल की सिंचाई कर सकें। वर्तमान में सभी राष्ट्रीय नलकूप सुचारू रूप से सिंचाई कर रहे हैं केवल तीन नलकूप यांत्रिक दोष के कारण तथा तीन नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद है जिन्हें एक सप्ताह के अंदर-अंदर ठीक करा कर चलाने का आदेश अध्यक्ष ने दिया। किसानों को सिंचाई के लिए अविराम विद्युत सप्लाई की व्यवस्था की गई है। डायरेक्ट लाइन को 10 घंटा, ग्रामीण लाइन को 18 घंटा, तथा शहरी क्षेत्र के नलकूप को 22 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। सन् 2012 ; 13 से निशुल्क सिंचाई व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है। अत: आपासी की कोई समस्या नहीं है। लघु सिंचाई के अंतर्गत जिनके नलकूप और कोठरी आदि कंप्लीट हो गए हैं उनके लिए सब्सिडी की व्यवस्था की जा रही है जिससे किसान लाभान्वित होंगे। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में अधिशासीअभियंता सिंचाई रवि प्रकाश सिंह, अधिशासी अभियंता नलकूप खंड मुरादाबाद नीरज कुमार गुप्ता , सहायक अभियंता नलकूप खंड मुरादाबाद कु व पूजा , सहायक अभियंता नलकूप खंड श्रद्धा भट्ट , लघु सिंचाई से अजय कुमार गौतम , विद्युत अभियंता अम्वरीस कुमार , सहायक अभियंता बाड़खंड रविन्द्र कुमार सहायक अभियंता अफजलगढ़ राणा मनोरविन्द सिंह तथा कृषि अधिकारी, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।



# टीबी पुष्टि होने के 48 घंटे के भीतर मरीजो को मिल सकेगा उपचार

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** होटल, छात्रावासों और भोजनालयों में भोजन बनाने और परोसने वालों के साथ साथ अब स्वास्थ्य विभाग मेडिकल कॉलेज के छात्रों और स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों, कर्मचारियों में भी टीबी रोग की खोज करेगा।

इस खोज को भी 100 दिवसीय विशेष सघन टीबी मुक्त भारत अभियान में शामिल किया गया है।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरैचया ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान में होटल, छात्रावासों और विभिन्न तरह के भोजनालयों में भोजन पकाने और परोसने वालों, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर कर्मचारियों में टीवी रोग की खोज की जाएगी। टीबी के लक्षणों में मुख्य रूप से खांसी, बलगम आना, बलगम में खून आना, भूख कम लगना, वजन घटना, रात में सोते समय पसीना आना, बुखार आना, सीने में दर्द होना हैं।डीपीपी एमसी मनोज कुमार ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार के लिए स्कूलों, सामुदायिक बैठकें कर जन जागरूकता की जाएगी। डीपीसी डॉ. मोहम्मद जावेद ने बताया कि टीबी पुष्टि होने के 48 घंटे के भीतर उपचार प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# डायरिया चैम्पियन को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम की त्रैमासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में आगामी स्टॉप डायरिया कैंपेन (डायरिया रोको अभियान) को लेकर तैयार की जा रही योजना पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास सिंह ने डायरिया नियंत्रण व रोकथाम के लिए सराहनीय कार्य करने वाले डायरिया चौम्पियन को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पी. एस. आई. इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से यह बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के तहत आयोजित की गयीं समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही पिछले स्टॉप डायरिया कैम्पेन के तहत आयोजित की गयीं गति. विधियों के बारे में भी प्रकाश डाला और आगामी कैम्पेन की प्लानिंग पर भी चर्चा की। इन गतिविधियों के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर डायरिया को लेकर आई जागरूकता के बारे में भी बताया। बैठक में मंडलीय मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी देवेंद्र सिंह, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से जानकी देवी, शिक्षा विभाग से राजकुमार, अर्बन हेल्थ कॉर्डिनेटर प्रमोद कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सा अधीक्षक, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक प्रक्रिया प्रबंधक, एआरओ, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, पी. एस. आई. इंडिया से मोहम्मद रिजवान व ममता सैनी आदि उपस्थित रहे।




## ऐतकाफ (की) फजीलत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ऐतकाफ का मतलब है मस्जिद में अल्लाह की इबादत के इरादे से ठहरना।ऐतकाफ करने वाले को मोतकिफ कहा जाता है। इसके लिए मुसलमान मर्द या औरत का जनाबत, हैज और निफास से पाक होना जरूरी है। ऐतकाफ के लिए बालिग होना शर्त नहीं है, इसलिए अगर कोई समझदार नाबालिग भी नीयत करके मस्जिद में ठहरे तो उसका ऐतकाफ सही है।



**ऐतकाफ का मतलब:**-ऐतकाफ का लफ्जी अर्थ है ठहरना या टिक जाना।मोतकिफ अल्लाह की इबादत में पूरी तरह लगकर उसकी रजा हासिल करने की कोशिश करता है।

एक बुजुर्ग हजरत अता खुरासानी फरमाते हैं:-"मोतकिफ ऐसा है जैसे कह रहा हो ख़ या अल्लाह! जब तक तू मेरी मगफिरत न कर दे, मैं तेरे दर से नहीं हटूंगा।"

**ऐतकाफ की तीन किस्में:**-

1. ऐतकाफे नफ्ल- जब भी कोई मुसलमान मस्जिद में दाखिल हो और ऐतकाफ की नीयत कर ले, मस्जिद में रहने तक उसे ऐतकाफ का सवाब मिलता रहेगा।

2. ऐतकाफे वाजिब-अगर किसी ने नजर (मन्नत) मानी हो तो उसे पूरा करने के लिए ऐतकाफ करना वाजिब हो जाता है। इसमें रोजा रखना भी शर्त है।

**ऐतकाफे सुन्नत ( आखिरी अशरा ):**- रमजान के आखिरी दस दिनों का ऐतकाफ सुन्नते मुअक्कदा अलल-किफाया है।

यानी किसी एक मुसलमान का करना जरूरी है, वरना पूरी बस्ती गुनहगार होगी। इस ऐतकाफ में मोतकिफ को 20 रमजान को सूर्यास्त से पहले मस्जिद में दाखिल होना चाहिए और चाँद दिखाई देने या 30 रमजान की शाम तक मस्जिद में रहना चाहिए।

ऐतकाफ के दौरान जरूरी बातें:-मोतकिफ को बिना जरूरत मस्जिद से बाहर नहीं निकलना चाहिए।सिर्फ इन जरूरतों के लिए बाहर जा सकता है:-पेशाब या पाखाना, जरूरत पर वुजू या गुस्ल, जुमे की नमाज (अगर उस मस्जिद में न होती हो) अजान पढ़ने (अगर पढ़ने वाला कोई और न हो)। इनके अलावा बेवजह बाहर जाने से ऐतकाफ टूट जाता है।

**मोतकिफ को क्या करना चाहिए:**-मोतकिफ को अपना ज्यादा वक्त इन कामों में लगाना चाहिए:-नफ्ल नमाज, कुरआन शरीफ की तिलावत, जिक्र और दुरूद, तस्बीह, दीनी किताबें पढ़ना, दीन की बातें सीखना

**ऐतकाफ की सबसे अफजल जगहें:**-मस्जिद अल हरम, मस्जिद अल नवबी, मस्जिद अल अक्सा, जामा मस्जिद (जहाँ पाँचों वक्त जमाअत होती हो) मुहल्ले की मस्जिद

**औरतों का ऐतकाफ:**-औरतें भी अपने शौहर की इजाजत से घर में नमाज की तय जगह (मस्जिदे-बैत) में ऐतकाफ कर सकती हैं। अगर ऐतकाफ के दौरान औरत को माहवारी शुरू हो जाए तो ऐतकाफ टूट जाता है और बाद में उसकी कजा करनी होती है।

**ऐतकाफ की फजीलत:**-मोतकिफ का हर सांस इबादत में लिखा जाता है। रमजान के आखिरी अशरे में ऐतकाफ करने से शबे कद्र मिलने की उम्मीद होती है। शबे कद्र का सवाब हजार महीनों से बेहतर है।

दुआ:-अल्लाह तआला हम सबको रमजान के आखिरी अशरे का ऐतकाफ करने की तौफीक अता फरमाए।

**मुहम्मद उस्मान अजहरी, बिलारी।**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम HASIN AHAMAD से बदलकर HASEEN AHAMAD पुत्र SHARIF AHAMAD निवासी ग्राम-शहबाजपुर कलां. तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाय जाये।

# टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट को 'इंडिया के सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल 2026' का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अंतर्गत संचालित टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट को प्रतिष्ठित शैक्षणिक प्लेटफॉर्म करियर 360 द्वारा वर्ष 2026 के लिए "भारत के सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल" की श्रेणी में एए+ ( ।।+ ) रेटिंग प्रदान की गई है। यह सम्मान संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुभवी फैकल्टी, प्रभावी शिक्षण प्रणाली, आधुनिक अधोसंरचना, बेहतर प्लेसमेंट, विविधता तथा शोध कार्यों के आधार पर दिया गया है। इस उपलब्धि से संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। प्रमाणपत्र में उल्लेख किया गया है कि छात्रों की गुणवत्ता, शिक्षकों की दक्षता, शिक्षण में सहभागिता, अधोसंरचना, स्नातक परिणाम, प्लेसमेंट, विविधता और शोध कार्यों के व्यापक मूल्यांकन के बाद टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, मुरादाबाद को वर्ष 2026 में देश के प्रमुख बी-स्कूलों में स्थान दिया गया है। यह उपलब्धि संस्थान द्वारा निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर टिमिट के डीन विपिन जैन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति श्री सुरेश जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन तथा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षय जैन जी का विशेष आभार व्यक्त किया। डॉ. विपिन जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन, सहयोग और दूरदर्शी सोच के कारण ही संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था को इतनी प्रभावी और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा सका है। उन्होंने कहा कि उनके निरंतर समर्थन और प्रेरणा की वजह से टिमिट ने शिक्षा, शोध, नवाचार और प्लेसमेंट के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान संस्थान के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। यह उपलब्धि न केवल टिमिट बल्कि तीर्थंकर महावीर विश्व. विद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है, जिससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ हुई है।




## खोया-पाया सूचना

सम्पत्ति मकान सम्बन्धित गाटा संख्या-563 मौजा शाहपुर तिगरी तहसील व जिला मुरादाबाद का मूल विक्रय पत्र दिनांक 10.03.2003 जिल्द नं0 4172 क्रमांक 2428 वास्तव में कहीं खो गया है, जिसे मिले वह 07 दिन में सूचित करें। अन्यथा यह माना जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति व उपरोक्त मूल विक्रय पत्र पूर्णत: पाक-साफ भारमुक्त है। किसी भी वित्तीय संस्थान आदि को कोई आपत्ति नहीं है, कोई क्लेम स्वीकार नही होगा। उपरोक्त मूल विक्रय पत्र का प्रयोग अवैध माना जाएगा। **अनिल कुमार सिंह पुत्र जागन सिंह पता: महबुल्लागंज कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद। मो० नं०- 9457232508**

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मौ0 फैजान उर्फ शानू की पत्नी आलिया एवं जुबैर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **कामिल हुसैन पुत्र आबिद हुसैन निवासी करूला लाल नगरी थाना कटघर मुरादाबाद। मो.नं. 9634254523**

# कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने होली मिलन समारोह में की शिरकत



**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह आज कुंदरकी नगर के साथ साथ ग्राम काजीपुरा, मौसमपुर और चांदपुर मंगोल में आयोजित होली मिलन समारोह सम्मिलित हुए। कश्यप धर्मशाला कुंदरकी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पारंपरिक होली गीतों और ढोल की थाप पर लोगों ने उत्साह के साथ होली का आनंद लिया, जिससे आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि होली का त्योहार समाज को एकसूत्र में बांधने का काम करता है। उन्होंने इसे आपसी सद्‌भाव, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया, जिसे सभी वर्गों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर मनाना चाहिए। विधायक ने यह भी कहा कि कुंदरकी की जनता हमेशा भाईचारे और एकता की मिसाल कायम करती रही है। ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने और आपसी संवाद को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, साथ ही कहा कि जनता के सहयोग से ही समग्र विकास संभव है।

## टाटा मैजिक से मांस और खाल बरामद, एक गिरफ्तार

**भोजपुर।** मंगलवार को उप निरीक्षक विपिन कुमार ने मुरादाबाद रामनगर हाइवे पर फोटोन अस्पताल के निकट रेलवे अंडर बाईपास पर टाटा मैजिक को रोक. कर 125 किग्रा भैंस वंशीय मांस, तीन खाल व तीन कटरे के सिर व एक अदद चाकू नाजायज बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सिरसवां दोराहा चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने मुखबिर की सूचना पर सेहल रेलवे अंडर बाइपास पर जामा मस्जिद दिशा से आ रही टाटा मैजिक को रोका तो उसमें सवार दो युवक भाग गए। चालक सीट पर बैठे युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जुनैद पुत्र भूरा मोहल्ला नक्कालान भोजपुर और अपने साथियों के नाम भूरा पुत्र नसीर निवासी सिरसखेड़ा व मुल्ला शब्बीर निवासी पीरगैव मुरादाबाद बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया है।

## तरावीह की नमाज में हुड़दंग, दो पक्षों में मारपीट और पथराव

**भोजपुर।** तरावीह की नमाज में हुड़दंग मचाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट एवं पथराव हुआ। विवाद में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ नामजद एवं कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल रिपोर्ट के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सोमवार को मोहल्ला नावपुर में स्थित डुंडों वाली मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान हुड़दंग मचाने को लेकर रिजवान और भूरा पक्ष में कहासुनी हो गई थी।

उसके बाद मस्जिद से बाहर निकलकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। पुलिस ने मौके पर आकर हुड़दंगियों को खदेड़कर विवाद शांत करा दिया था।घ मंगलवार को फजर की नमाज पढ़कर बाहर निकलने के बाद दोनों पक्ष एक बार फिर आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। कुछ लोगों ने छतों पर चढ़कर पथराव किया।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिए गांव में स्वयं सेवकों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** एनएसएस शिविर के चतुर्थ दिन स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण दिवस के रुप में मनाया । जिस के तत्वाधान में सभी ने ग्राम नाहर वाला में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सभी ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिए गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया। मंगलवार को क्षेत्र के सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतुपुरा की एन०एस०एस की दोनों इकाइयों द्वारा अपने विशेष शिविर के चतुर्थ दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रघुनाथ सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं के सम्मुख पर्यावरण में हो रहे बदलाव पर चर्चा की। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी छात्राओं ने ग्राम नाहर वाला खाखेडा में एवं ग्राम सरकाडा परंपुर माफी मे स्वच्छता अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने के लिए रैली निकाली, जिसमें ग्रामीणों ने भी उनके कार्य की सराहना की। दूसरी ओर कम्पोजिट विद्यालय सरकडा परम पुर माफी के सहा०अध्यापक श्री अकरम हुसैन एस आई आर सुपरवाइजर ने छात्र- छात्राओं के के सम्मुख एस आइ आर की जानकारी दी छात्र- छात्राओं ने भी उनसे एसआईआर के संबंध में जानकारी प्राप्त कर गांव में जाकर ग्राम वासियों को इसके संबंध में जानकारी दी की जिसका वोट नहीं वना है वह इन डोक्यूमेंट की मदद् से अपना वोट वनवा सकते हैं ।

आज के कार्यक्रम में डॉ राजपाल सिंह सहितशिफा, सकल, कानपुर, सलोनी , कामना, भावना, महिमा चौहान, फैजान, मोहित,वाली आदि मौजूद रहे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अंकित भारद्वाज को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में अंकित भारद्वाज के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**श्रीमती निरलेश शर्मा पत्नी अरविंद कुमार शर्मा निवासी मकान नंबर 716 जयंतीपुर रोड नेता कॉलोनी सीतापुरी, थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद**

**विविध वाद संख्या:** 102 सन् 2026

**तारीख पेशी:** 17.03.2026

श्रीमति राजिया उम्र लगभग 31 वर्ष पत्नि स्व० नाजिर निवासिनी मौ० कायस्थान कुन्दरकी, हाल निवासी अम्बेडकर मूर्ति, सुभाष कालौनी, रुद्रपुर, जिला उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड

**बनाम**

1. कमरूद्दीन उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्र श्री जमालुद्दीन (ताऊ), 2. आरिफ उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्र श्री जमालुद्दीन (चाचा) निवासीगण मौ० कायस्थान, पो. कुन्दरकी, तह. बिलारी, मुरादाबाद। 3. उ०प्र० सरकार, द्वारा जिलाधिकारी महोदय, जिला मुरादाबाद।

**4. जनता आम।**

चूँकि उपरिनामांकित आवेदिका ने इस न्यायालय में यह आवेदन अपने नाबालिग पुत्र तैमूर खान पुत्र स्व० नाजिर के उच्च शिक्षा एवं उज्जवल भविष्य के लिये वाद पत्र में वर्णित आराजी खसरा सं० 162 रकबई 0.0490 है० स्थित ग्राम जलालपुर पट्टी कुन्दरकी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद को विक्री अनुमति हेतु गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट की धारा 08 के अंतर्गत आवेदन किया है।

अत: जनता आम उपरोक्त विविध वाद प्रार्थना पत्र में जबाब देही प्रस्तुत करने के लिये दिनांक 17.3.2026 को प्रात: 11 बजे स्वंय या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 10.03.2026 को निकाली गई।

**वरिष्ठ सहायक ( सिविल )**
**जिला न्यायाधीश**
**न्यायालय-मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी0डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**

उत्तराधिकार वाद संख्या: 388/2025

**तारीख पेशी:** 24.03.2026

शाहिद खाँ उम्र करीब 54 वर्ष पुत्र स्व० रसीद खाँ निवासी मौहल्ला बाजार, नूरूल्ला नगर, कस्बा व थाना कुन्दरकी, तह. बिलारी, जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**प्रति**

1. श्रीमती जरीना बेगम उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी शाहिद खाँ, 2. गुलजमा उम्र करीब 31 वर्ष पुत्री शाहिद खाँ, 3. मौ० कामिल उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र शाहिद: खाँ, 4. मौ० आकिब उम्र करीब 24 वर्ष पुत्र शाहिद खाँ, 6. मौ० खालिद उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र शाहिद खाँ निवासी गण मौहल्ला बाजार नूरूल्ला नगर, कस्बा व थाना कुन्दरकी, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद, 6. अलकमा बी उम्र करीब 35 वर्ष पुत्री शाहिद खाँ पत्नी खालिद हुसैन निवासी ग्राम खैरपुर, थाना असमोली, जनपद सम्भल, 7. श्रीमती इलमा उम्र करीब 25 वर्ष पुत्री शाहिद खाँ पत्नी सलमान खान निवासी मौहल्ला कायस्थान, कस्बा व थाना कुन्दरकी, तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद, 8. **जनता आम- प्रतिवादीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा शाहिद खाँ हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा शाहिद खाँ मुसबफा मौ0 कासिम अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा शाहिद खाँ ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 24 मास 03 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

# तेंदुए के जबड़े से मां ने संघर्ष कर छुड़ाया 5 वर्षीय बेटा

## वन विभाग ने पशुपति फैक्ट्री और तरफदलपत में लगाया पिजरा

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के अंतर्गत गांव तरफ दलपत में बीती रात एक बड़ी वन्य जीव घटना सामने आई, जहाँ एक तेंदुआ घर में घुसकर 5 वर्षीय बच्चे को उठा ले गया। मासूम को जबड़े में भरकर ले जाते हुए मां देखा तो मां बेटे की खातिर अपनी जान की परवाह किए बिना ही तेदुंए से भिड़ गई। मां ने पास मे पड़े से गन्ने से तेदुंए पर ताबातोड़ बार शुरू कर दिये और घायल अवस्था में अपने बेटे को तेदुंए के जबड़े से निकाल लिया। इसके बाद तेदुंआ दहाड़ मारते हुए जंगल में समां गया। मां की चींख पुकार सुनकर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। जहां पर ग्रामीणों ने पास में खड़े गन्ने को तेदुंए की तलाश में घेर लिया और वन विभाग को सूचना दी । घायल मासूम को उपचार के लिए काशीपुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां पर मासूम का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी



रवि कुमार का 5 वर्षीय पुत्र बीती रात अपने घर में सोया हुआ था। इसी दौरान एक तेंदुआ घर में घुस आया और बच्चे को अपने जबड़े में लेकर फरार हो गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर मां बिना किसी खौफ के तेदुंए के पीछे शोर मचाते हुए दौड़ पकड़ी। जंगल में जाकर पास में खडेघ गन्ना लेकर मां तेदुंए से अकेली ही अपनी जान की परवाह किये बिना ही भीड़ गई। जहां मासूम की मां ने तेदुंए पर ताबातोड़ गन्ने लगातार बार किए, तेदुंआ मां की मार के कारण् मासूम को छोड़कर दहाड़ मारते हुए जंगल में समा गया। इसके बाद शोर सुनकर ग्रामीण भी लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और वन विभगा को सूचना दी। सूंचंना पर वन दरोगा पीयूष जोशी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से कांबिग की । वन विभाग ने तेदुंए के पंजो के निशान ले लिये । घायल मासूम को उपचार के लिए परिजन काशीपुर के निजी अस्पताल मे भर्ती कराया । जहां मासूम की हालत नाजुक बनी है। मंगलवार को वन विभाग के दरोगा ने बताया कि तेदुंए को पकड़ने के लिए वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगावार ने अपनी मौजूदगी में पिंजरा लगा दिया है। तेदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम काबिंग कर रही है। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात के समय बच्चों को अकेला न छोड़ने की अपील की है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं देर शाम मंगलवार को वन विभाग ने काशीपुर-ठाकुरद्वारा मार्ग पर स्थित पशुपति फैक्ट्री में भी तेदुंए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है।

# ईद से पहले ईदगाह की शुरू हुई सफाई और रंगाई

**कुन्दरकी।** आगामी ईद के मद्देनजर क्षेत्र की ईदगाह में साफ-सफाई और रंगाई का कार्य कराया गया। यह कार्य यूसुफ उर्फ कल्लू प्रधान की पहल पर कराया गया, जिससे नमाजियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। ईद की नमाज से पहले ईदगाह को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान ईदगाह परिसर में जमा कूड़ा-करकट हटवाया गया और पूरे मैदान की सफाई कराई गई। साथ ही दीवारों और आसपास के हिस्सों की रंगाई-पुताई भी कराई गई, ताकि ईद के मौके पर नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सफाई और रंगाई का कार्य पूरा होने के बाद ईदगाह का माहौल काफी स्वच्छ और आकर्षक नजर आने लगा। यूसुफ उर्फ कल्लू प्रधान ने कहा कि ईद जैसे पवित्र त्योहार पर लोगों को साफ-सुथरे माहौल में नमाज अदा करने की सुविधा मिलनी चाहिए। इसी उद्देश्य से ईदगाह की साफ-सफाई और रंगाई कराई गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने में सभी लोग सहयोग करें। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और त्योहारों की रौनक भी बढ़ती है।

## अंतिम चरण में पहुंचीं यूपी बोर्ड हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं, परीक्षार्थियों में खुशी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं जिले में अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 18 फरवरी से शुरू हुई परीक्षाएं अब समापन की ओर हैं और अधिकांश पेपर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जा चुके हैं।जिले के कुल 112 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही इन परीक्षाओं में अब तक करीब 90 प्रतिशत पेपर सकुशल संपन्न हो चुके हैं। मंगलवार को हाईस्कूल के विद्यार्थियों की चित्रकला विषय की परीक्षा कराई गई, जबकि इंटरमीडिएट के छात्रों ने गृह विज्ञान का पेपर दिया। दोनों परीक्षाएं निर्धारित समय पर शुरू हुईं और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई गईं।

परीक्षाओं को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन की ओर से सभी केंद्रों पर कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि उड़नदस्ते लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो सके।परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल थे और पाठ्यक्रम के अनुरूप पूछे गए थे, जिससे उन्हें पेपर हल करने में अधिक परेशानी नहीं हुई। कई छात्रों ने बताया कि उन्होंने निर्धारित समय में ही पूरा पेपर हल कर लिया।

## पुलिस ने युवक को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को 9 मार्च 2026 की रात करीब 11.50 बजे मुंडो कालोनी से आईटीआई रोड की ओर जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। आरोपी की पहचान इबरान पुत्र अहमद अली, निवासी वार्ड नंबर 16, नई बस्ती, कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा के रूप में हुई है।

आरोपी के खिलाफ थाना ठाकुरद्वारा में मुकदमा संख्या 061/2026, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक बलराम दीक्षित के अलावा कांस्टेबल रोहित कुमार और कांस्टेबल निशांत शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया है।

## भारी मात्रा में चरस के साथ एक तस्कर को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइंस थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक तस्कर को एक किलो से अधिक अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता के पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइंस की टीम ने कार्रवाई की।थाना प्रभारी मनीष सक्सेना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चक्कर की मिलक टंकी के पास घेराबंदी कर अलाउद्दीन उर्फ गोगा चक्कर की मिलक, बड़ी मस्जिद के पास को गिरफ्तार किया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 319-DRM-MB-25-26 09.03.2026 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Common user traffic facility at Pathri in c/w CONCOR GCT. |
| निविदा का प्रकार | Works |
| निविदा की कीमत | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 99,34,125.60 |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,98,700.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 02.04.2026, 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 19.03.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.03.2026 805/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 320-DRM-MB-25-26 Date 09.03.2026 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of ballast siding at MSTH on BLM-SPC section under jurisdiction of ADEN/II/HRI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 02.04.2026 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,31,65,712.33 |
| धरोहर राशि | 2,15,800.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 19.03.2026 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 09.03.2026 796/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुलड़िया**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 10.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गुलड़िया विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 27.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इरफान के घर से गूली तालाब तक पक्का नाला निर्माण कार्य। | 220x 1 मी0 | 618065/- | 1000 | 2% | 6 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत गुलड़िया**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# विवाहिता का आरोप घर में अकेला देखकर किया दुष्कर्म का प्रयास पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े नवविवाहिता के साथ दुष्कर्म का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। घर में अकेली महिला को देखकर दो युवकों ने जबरन घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए।पीड़िता के अनुसार घटना 6 मार्च की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे की है। उस समय वह घर में अकेली थी। इसी दौरान दो युवक जबरन उसके घर में दाखिल हो गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और उसे धमकाने लगे।महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और जबरन अश्लील हरकतें करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता द्वारा विरोध करने और जोर-जोर से चीखने पर आसपास के लोग सतर्क हो गए और घर के बाहर पहुंचकर दरवाजा खटखटाने लगे। लोगों के पहुंचने की आहट मिलते ही दोनों युवक मौके से भाग निकले।घटना के बाद पीड़िता ने थाना मझोला पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरो. पियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों और पीड़िता के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# लखनऊ से मिले निर्देश पर एमएच ईट भट्टे पर छापा

**कुंदरकी।** क्षेत्र में संचालित एक ईंट भट्ठे पर मंगलवार को जिला स्तरीय टीम ने पहुंचकर कार्रवाई की। बताया गया कि प्रदूषण विभाग की ओर से लखनऊ से पत्र जारी होने के बाद एसडीएम बिलारी को जांच के निर्देश दिए गए थे। इसके अनुपालन में तहसीलदार बिलारी, प्रदूषण विभाग के अधिकारियों और पुलिस बल की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और भट्ठे का निरीक्षण किया। जांच के दौरान भट्ठा संचालक से प्रदूषण विभाग का लाइसेंस व अन्य जरूरी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन मौके पर कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए फायर ब्रिगेड की मदद से भट्ठे में जल रही आग पर पानी डलवाकर ईंटों की पकाई बंद करा दी। अचानक हुई कार्रवाई से भट्ठे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। टीम ने मौके पर जांच कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों का कहना है कि प्रदूषण विभाग की अनुमति के बिना संचालित भट्ठों के खिलाफ आगे भी सख्ती से अभियान चलाया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर मुजफ्फरपुर, छजलैट, सिरसा ठाठ, रायपुर खुर्द स्योहारा व सादकपुर खिचड़ी विकास खण्ड छजलैट ( मुरादाबाद )**

पत्रांक:- मीमो/ निविदा/ ग्राम पंचायत/ 2026-27 दिनांक :- 10.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खंड छजलैट की ग्राम पंचायत मानपुर मुजफरपुर, छजलैट , सिरसा ठाठ, रायपुर खुर्द स्योहारा व सादकपुर खिचड़ी में स्थित गौ आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण (शासकीय मद) के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में पशु खाद्य सामग्री आपूर्ति की जानी है। खाद्य सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 25/03/2026 सायं दो बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25/03/2026 को दिन के 04 बजे खोली जाएगी। नियम अनुसार धरोहर राशि 30000 (तीस हजार रुपए) एन० एस० सी० इच्छुक सप्लायर / विक्रेता/ठेकेदार सील बंद निविदा कोटेशन दरों सहित ग्राम पंचायत कार्यालय में निर्धारित अवधि में जमा कर सकते हैं।

| क्र० सं० | गौआश्रय स्थल का नाम | भूसे की मात्रा कुन्तल में तथा दर | हरे चारे दर सहित | चौकर दर/ किलो ग्राम | साइलेज दर/ किलो ग्राम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अस्थाई गौआश्रय स्थल मानपुर मुजफ्फरपुर वि0ख0 छजलैट | वर्ष भर पशु के मांग अनुसार दर-800/ कु0 | वर्ष भर पशु के मांग अनुसार 3 रू0 कि0ग्रा0 | वर्ष भर पशु गणना अनुसार 25/ कि0ग्रा0 मय ढुलाई भाड़ा | 8 रू0/ कि0ग्रा0 आवश्यकता अनुसार |
| 2. | अस्थाई गौआश्रय स्थल रामनगर उर्फ रमपुरा वि0ख0 छजलैट | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार |
| 3. | अस्थाई गौआश्रय स्थल सिरसा ठाठ वि0ख0 छजलैट | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार |
| 4. | स्थाई गौआश्रय स्थल रायपुर खुर्द स्योहारा वि0ख0 छजलैट | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार |
| 5. | स्थाई गौआश्रय स्थल सादकपुर खिचड़ी वि0ख0 छजलैट | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार | उपरोक्त अनुसार |

**नोट:** उपरोक्त गौआश्रय स्थलों पर वर्ष भर/भूसा/ चौकर हरा चारा आपूर्ति के इच्छुक ठेकेदार विकास खण्ड कार्यालय छजलैट/ ग्राम पंचायत कार्यालय मानपुर मुजफ्फरपुर, छजलैट, सिरसा ठाठ, रायपुर खुर्द स्योहारा व सादकपुर खिचड़ी पर सीलबंद मोहर लिफाफा निविदा नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकते है। निविदा एक वर्ष के लिए अनुमान्य होगी।

**सचिव/प्रधान**
**उपरोक्त समस्त ग्राम पंचायत,**
**वि0ख0 छजलैट ( मुरादाबाद )**

**एक नजर**

## लक्ष्य की स्पष्टता, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की 2024 बैच की एल्युमिना एवम् एम्स, नई दिल्ली की नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती काजल यादव ने कहा, नर्सिंग पेशे में भावनात्मक स्थिरता, दबाव में काम करने की दक्षता और आपातकालीन निर्णय लेने की क्षमताएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को सलाह दी कि चुनौतियों को सीखने और अनुभव प्राप्त करने के अवसर बनाएं। इससे आप न केवल अपने पेशे में दक्ष होंगे, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनेंगे। श्रीमती यादव बोलीं, लक्ष्य की स्पष्टता, सतत परिश्रम, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी है। श्रीमती काजल तीर्थंकर महावीर नर्सिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर और एल्युमिनाई रिलेशन सेल की ओर से फ्रॉम स्टुडेंट टू एम्स नर्सिंग ऑफिसर: माय जर्नी पर केंद्रित एल्युमिनाई टॉक में बतौर मुख्य वक्ता बोल रही थीं।

इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके एल्युमिनाई टॉक का शंखनाद हुआ। अंत में मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या, प्रो. जसलीन एम., एआरसी के एडी प्रो. सिद्धार्थ माथुर आदि मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी श्री गौरव कुमार ने किया।

## पुण्यतिथि पर जगह जगह याद किए गए बिलारी के प्रथम विधायक हाजी मौहम्मद इरफान

**बिलारी।** मंगलवार को बिलारी के प्रथम विधायक हाजी मौहम्मद इरफान को उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर याद कर जगह जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्वप्रथम तहसील बिलारी में तहसील बार एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता एकत्र हुए जहां उन्होंने बिलारी के प्रथम विधायक हाजी मौहम्मद इरफान को याद किया। इस दौरान बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने भी उनको खिराजे अकीदत पेश करते हुए कहा कि मेरे वालिद ने 40 साल वकालत कर बिलारी तहसील में जनसेवा दी।



इस अवसर पर मुख्य रूप से तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी विनय सिंह, पूर्व अध्यक्ष भगवान सरन माथुर, पूर्व अध्यक्ष आफाक हुसैन एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष कमाल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा रॉयल पब्लिक स्कूल और एमएजेएमआई इंटर कॉलेज में भी कॉलेज और स्कूल संस्थापक के तौर पर हाजी मौहम्मद इरफान को याद किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने कॉलेज संस्थापक को याद करते हुए कहा कि बिलारी के प्रथम विधायक हाजी मौहम्मद इरफान क्षेत्र की जनता को पढ़ा-लिखाकर शिक्षा के घक्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास किया, उन्होंने स्कूल और कॉलेज की स्थापना की ताकि क्षेत्र के बच्चे पढ़-लिखकर डॉक्टर, कलैक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट बन सकें। इस दौरान मुख्य रूप से प्रबंधक मौहम्मद हस्सान उर्फ फैजी, प्रधानाचार्य एम कुमार, अमन जौहरी, जावेद आलम, मौहम्मद अली, मौहम्मद आसिम, मौहम्मद आरिफ, पीयूष शर्मा, उषा, नूरजहां, शीतल कटयाल, दिव्या, आयुषी, उमूल वराह, नेहा सिंह, नेहा जौहरी, शिवा, हर्ष सक्सैना आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा चुरा कर ले जा रहे हैं चोरों को पुलिस ने पकड़ा

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर सहसपुर में ई रिक्शा को चोरी करने के बाद बेचने के लिए ले जाते समय चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उनके पास ई रिक्शा बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया। बिलारी के मोहल्ला अब्दुल्ला निवासी अलाउद्दीन पुत्र कमरुद्दीन ने मुकदमा दर्ज कराया कि 9 मार्च को दोपहर 1:45 बजे वह प्रथमा बैंक के पास होटल पर अपनी ई रिक्शा से खाना खाने के लिए गया था और ई रिक्शा को बाहर खड़ी कर दी, बाद में तलाश करने पर ई रिक्शा का पता नहीं लगा। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। जिसके बाद दरोगा कृष्ण कुमार,कांस्टेबल मनोज सिंह ने ई रिक्शा की तलाश की। रुस्तम नगर सहसपुर में माइंडस आई स्कूल के पास कुछ लोग ई रिक्शा को लेकर जा रहे हैं। लिहाजा मौके पर पहुंचकर ई रिक्शा को रुकवाया। जिस पर तीन लोग बैठे थे। मुकदमे के आधार पर पुलिस ने सुरजीत पुत्र सुरेश कश्यप निवासी राजा का सहसपुर स्टेशन रोड तथा दूसरा जगदीश पुत्र जागन सिंह निवासी सतारन, अंश पुत्र राजवीर सिंह निवासी स्टेशन रोड को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि वह ई रिक्शा को बेचने जा रहे थे। इस मामले में मुकदमे के बाद सभी को जेल भेज दिया।

## पुलिस ने पांच लोगों को शांति भंग में किया गिरफ्तार

**बिलारी।** कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में हुए झगड़े के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार करके एसडीएम कोर्ट में पेश किया है। पुलिस ने सतारन गांव के सगे भाई प्रेमपाल और राजाराम पुत्र रामस्वरूप के अलावा थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव मोहम्मद हयातपुर उर्फ खोखड़ा निवासी कुंवरपाल पुत्र मोहनलाल, मनकुला गांव के मोहम्मद हसन पुत्र इरफान शाहिद पुत्र इरफान को गिरफ्तार किया। सभी को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## मैथ्यू हेडन बने जीटी के बल्लेबाजी कोच

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए गुजरात टाइटंस ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। हेडन टीम के सपोर्ट स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी और सहायक कोच पार्थिव पटेल के साथ काम करेंगे। वह इससे पहले पाकिस्तान पुरुष टीम के साथ बल्लेबाजी सलाहक. ार के रूप में भी काम कर चुके हैं। नियुक्ति के बाद हेडन ने कहा कि अच्छी बल्लेबाजी विपक्ष पर दबाव बनाती है, जबकि बेहतरीन बल्लेबाजी मैच पर नियंत्रण स्थापित कर लेती है, और यही मानक टीम स्थापित करना चाहती है। विक्रम सोलंकी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हेडन का अनुभव और युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने की क्षमता टीम की बल्लेबाजी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

## वनडे सीरीज में नंबर-5 पर बैटिंग करेंगे लिटन दास

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय शृंखला में लिटन दास पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लिंटन ने 2019 क्रिकेट विश्व कप के बाद से वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है। सिमंस को उम्मीद है कि मध्यक्रम में उतरने से वह 50 ओवर के प्रारूप में अपनी खोई हुई लय वापस पा सकेंगे। लिटन पिछली आठ वनडे पारियों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके हैं। सिमंस का मानना है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव से टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी, जो लंबे समय से कमजोर कड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि विकेट कीपिग करने के बाद सीधे पारी की शुरुआत करना मुश्किल होता है, इसलिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करना लिटन के लिए अधिक अनुकूल हो सकता है।

# अर्शदीप पर लगा मैच फीस का 15% जुर्माना




● **अनुचित और खतरनाक ढंग से गेंद फेंकने से संबधित व अर्शदीप के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय तेज गें. दबाज अर्शदीप सिंह पर टी-20 विश्व कप फाइनल के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि अर्शदीप को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ की आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

यह अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान एक गेंद (या कोई अन्य क्रिकेट उपकरण) किसी खिलाड़ी पर या उसकी दिशा में अनुचित और खतरनाक ढंग से फेंकने से संबंधित है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, क्योंकि यह बीते 24 माह में अर्शदीप की पहली गलती है। यह घटना टी-20 विश्व कप के फाइनल में हुई जब अर्शदीप ने अपने ही ओवर में डैरिल मिचेल के शॉट को रोका। जब उन्होंने गेंद पकड़ी तो मिचेल रन लेने के लिए क्रीज से दो कदम आगे आ चुके थे, इसलिए अर्शदीप ने गेंद विकेट की ओर फेंकी। इसी समय गेंद मिचेल के पैड पर जा लगी। उल्लेखनीय है कि अर्शदीप ने मिचेल को गेंद लगने के बाद फौरन माफी मांगी थी। उन्होंने मैच खत्म होने के बाद बताया कि उन्होंने एक बार फिर मिचेल से मिलकर माफी मांगी थी और कहा था कि गेंद गलती से लगी थी। अर्शदीप पर आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप फील्ड अंपायर रिचर्ड इलिगवर्थ और एलेक्स वार्फ, थर्ड अंपायर अल्लाहुद्दीन पालेकर और फोर्त अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक ने लगाए थे। अर्शदीप ने आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, इसलिए आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। लेवल-1 के उल्लंघनों के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो अवमूल्यन अंक हैं। जब कोई खिलाड़ी 24 महीनों के भीतर चार या अधिक अवमूल्यन अंक प्राप्त कर लेता है, तो उन्हें निलंबन अंकों में परिवर्तित कर दिया जाता है और खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। दो निल. बन अंक एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से प्रतिबंध के बराबर हैं, जो भी खिलाड़ी के लिए पहले पूरा हो। अवमूल्यन अंक खिलाड़ी या खिलाड़ी सहायक कर्मियों के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में उनके लागू होने की तारीख से 24 महीनों तक बने रहते हैं, जिसके बाद उन्हें हटा दिया जाता है।

# पश्चिम एशिया के संकट के कारण आईसीसी की बैठक रद्द



**कुछ विशेष बैठकें अगले कुछ सप्ताह में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी**

**दुबई, वार्ता।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण इस महीने के अंत में दोहा में होने वाली आईसीसी बोर्ड और कमेटी की बैठकों को रद्द कर दिया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार फाइनेंस कमेटी से जुड़ी कुछ विशेष बैठकें अगले कुछ सप्ताह में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। अप्रैल में आमने-सामने बैठकों की संभावना अभी भी खुली है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या हवाई क्षेत्र इतना खुल गया है कि बोर्ड और कमेटी सदस्य सुरक्षित रूप से उड़ान भर सकें। ए बैठकें मूल रूप से 25 से 27 मार्च के बीच तय थीं और इनमें आईसीसी बोर्ड डायरेक्टर्स, चीफ एग्जीक्यूटिव्स, कमेटी सदस्य और आईसीसी के सीनियर लीडरशिप के शामिल होने की योजना थी। चर्चा के लिए तीन मुख्य मुद्दे थे- ग्लोबल ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, क्योंकि आईसीसी और जियोस्टार के बीच मौजूदा समझौता 2027 में खत्म होने वाला है, अगला एफटीपी और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन। इनमें से दूसरे मुद्दे पर अनौपचारिक बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है, जहां कई सदस्य क्रिकेट के अगले चार साल के कैलेंडर की योजना बनाने के लिए आपस में पहले से चर्चा कर रहे हैं। यह पहली बार था, जब आईसीसी की बैठक दोहा, क़तर में होने वाली थी।

# रिंकू सिंह ने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट लिख कर पिता को किया याद



● **रिंकू सिंह के पिता का शुक्रवार सुबह ग्रेटन नोएडा के अस्पताल में चौथे चरण के कैंसर से निधन हुआ था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद अपने दिवंगत पिता खानचंद सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से भावुक श्रद्धांजलि दी है। रिंकू के पिताजी का शुक्रवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चौथे चरण के कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था।

बाद में उनका अंतिम संस्कार अलीगढ़ में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह अपने पिता से बात किए बिना कभी इतने दिन नहीं रहे और उनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पिता ने उन्हें सिखाया था कि कर्तव्य सबसे पहले होता है, इसलिए मैदान पर वह हमेशा उनके सपने को पूरा करने की को. शिश करते रहे। रिंकू ने लिखा कि आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले। मुझे नहीं पता आगे कि जदिगी आपके बिना कैसे चलेगी, पर मुझे हर कदम पर आपकी जरूरत पड़ेगी। आपने सिखाया था कि फर्ज सबसे आगे है, तो मैदान पर बस आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था। अब आपका सपना पूरा हो गया है तो बस यही लगता है कि काश आप मेरे पास होते।

हर छोटी बड़ी खुशी में आपकी कमी खलेगी। बहुत याद करूंगा आपको पापा, बहुत ज्यादा। टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान पिता जी की तबीयत बिगड़ने पर रिंकू टीम से अलग होकर कुछ समय के लिए घर लौटे थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़ गए। टूर्नामेंट में उन्हें सीमित मौके मिले और उन्होंने पांच पारियों में 24 रन बनाए।

# विश्व कप 2026 में भारत ने कई रिकॉर्ड बनाए

● **भारत टी-20 के इतिहास में तीन बार टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बनी**

● **दो बार लगातार खिताब जीतने वाली और घरेलू मैदान पर टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम भी बनी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब तो अपने नाम किया ही, साथ ही रिकॉर्ड बुक में दर्ज कई रिकॉर्ड तोड़कर उन्हें अपने नाम किए।

भारत टी-20 के इतिहास में तीन बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गया और इस दौरान भारतीय टीम ने कई रिकॉर्ड भी बनाए। भारत ने इससे पहले 2007 और 2024 में टी-20 विश्व कप जीता था। मौजूदा चैंपियन बनने के साथ ही भारत लगातार दो बार खिताब जीतने वाली और घरेलू मैदान पर टी-20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, भारत और श्रीलंका में आयोजित एक महीने लंबे इस टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन देखने को मिले, जिनसे प्रतियोगिता रोमांचक बनी और कई नए रिकॉर्ड भी बने। फाइनल में भारत का 255/5 का स्कोर टी-20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 253/7 बनाने के बाद टीम लगातार दो मैचों में 250 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम भी बनी। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256/4 का स्कोर बनाया था, जो इस विश्व. कप का सबसे बड़ा टीम स्कोर है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के साहिब. जादा फरहान ने 383 रन बनाकर एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं भारत के संजू सैमसन ने फाइनल में 89 रन बनाकर टी-20 विश्व कप फाइनल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेली और पूरे टूर्नामेंट में 24 छक्के लगाए। भारत के अभिषेक शर्मा ने फाइनल में 18 गेंदों में अर्द्धशतक लगाकर टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्द्धशतक बनाया। वहीं न्यूजीलैंड के फिन एलन ने 33 गेंदों में शतक लगाकर टी-20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल में कुल 499 रन बने, जो टी-20 विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन वाला मैच रहा।

# महिलाओं के 10 मी. एयर पिस्टल फाइनल में मनु भाकर ने मारी बाजी



● **ओलंपियन मनु ने नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स टी3 के 10 मी. एयर पिस्टल महिला वर्ग के फाइनल में पहला स्थान हासिल किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपियन मनु भाकर ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आज समाप्त हुए नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स टी3 (ग्रुप ए) के 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग के फाइनल में पहला स्थान हासिल किया। ट्रायल-2 की विजेता सैन्यम दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ईशा सिंह ने आठ शूटरों के फाइनल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मनु भाकर फाइनल में आखिरी क्वालिफायर के रूप में पहुंची थीं, लेकिन दूसरे सीरीज के बाद उन्होंने बढ़त बना ली और अंत तक उसे बरकरार रखते हुए 246-1 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यह स्कोर वर्ल्ड कप फाइनल की रजत पदक विजेता सैन्यम(241-9) से 4-2 अंक अधिक था। एशियन चैंपियनशिप की स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ईशा सिंह 220-6 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। एशियन गेम्स चैंपियन पलक गुलिया 200-2 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। उनके बाद अंजलि चौधरी (179-8) पांचवें स्थान पर रहीं। सुरभि राव 158-2 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं, जबकि प्रांजलि प्रशांत धुमाल और मुस्कान ने क्रमश: 138-7 और 117-0 के स्कोर के साथ शीर्ष आठ में अपनी जगह बनाई। क्वालिफिकेशन में ईशा सिंह ने 580-21x के स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उनके बाद सुरभि राव ने 578-12x का स्कोर किया। मुस्कान 577-15x के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि अंजलि चौधरी (575-19x), सैन्यम (575-16x), पलक गुलिया (574-14x) और मनु भाकर (574-11x) ने भी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

# इंडियन वेल्स के चौथे दौर में पहुंचे नोवाक

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में अमेरिका के एलेक्जेंडर कोवासेविक को तीन सेट के मुक. ाबले में हराकर बीएनपी परिबास ओपन के चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया। जोकोविच ने सोमवार को एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में कोवासेविक को 6-4, 1-6, 6-4 से मात दी।

यह 2017 के बाद इंडियन वेल्स में चौथे राउंड में उनकी पहली मौजूदगी होगी। इस आयोजन में पांच बार के चैंपियन जोकोविच इस हफ्ते की शुरुआत में कामिल माजक्रजाक के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में भी तीन सेट तक खेलना पड़ा था। जोकोविच ने मैच के बाद कहा कि एलेक्स का प्रदर्शन बहुत अच्छा था। हम एक-दूसरे को जानते हैं। हम एक ही भाषा बोलते हैं। उनका पूरा परिवार सर्बियाई है। मुझे मैच में आते ही पता था कि अगर वह अच्छी सर्विस करते हैं और अपनी जगह चुनते हैं, तो उनकी सर्विस को तोड़ना मुश्किल होगा। रोजर फेडरर के साथ सबसे ज्यादा इंडियन वेल्स टाइटल जीतने का रिकॉर्ड साझा करने वाले जोको. विच हाल के सालों में टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दे सके हैं। उन्हें 2025 में बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से पहले ही राउंड में चौंकाने वाली हार का स्वाद चखना पड़ा था।



● **नोवाक जोकोविच ने इंडियन वेल्स में अमेरिका के एलेक्जेंडर कोवासेविक को तीन सेट मुकाबले में हराया**

चुनौतियों के बावजूद, जोको. विच ने टूर्नामेंट में अपनी 17वीं बार मौजूदगी के दौरान एक और मुश्किल मुकाबला किया और अब उनका सामना गत चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने फांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 7-5 से हराकर चौथे चरण में जगह बनाई है। जोकोविच ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैं हर समय सच में खेल का आनंद नहीं ले पा रहा हूं। आप इन हालात में अच्छा खेलने की कोशिश कर रहे होते हैं जब विरोधी जबरदस्त टेनिस खेल रहा हो लेकिन किसी भी तरह जीतना ही मायने रखता है और मुझे खुशी है कि मैं आज इस चुनौती को पार करने में सफल रहा।

इस जीत के साथ ही जोको. विच 1990 में सीरीज शुरू होने के बाद से एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के चौथे राउंड में पहुं. चने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनसे आगे सिर्फ इवो कार्लोविक हैं, जिन्होंने 2019 में इंडियन वेल्स में 40 साल की उम्र में यह कामयाबी हासिल की थी। इस बीच, स्पेन की युवा प्रतिभा अल्काराज ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के आर्थर रिडरकनेच को 6-7(6), 6-3, 6-2 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।

## गोल्डन बुलेट्स और सिल्वर बैंडिट्स के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली गोल्फ क्लब में आज इतिहास दो. हराया गया, जब टीम गोल्डन बुलेट्स और सिल्वर बैंडिट्स दिल्ली गोल्फ क्लब गोल्डन मेंबर्स लीग के लगातार दूसरे सीजन के फाइनल में पहुंच गईं। 2025 में लीग के पहले एडिशन में, गोल्डन बुलेट्स ने सिल्वर बैंडिट्स को हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। रविवार, 15 मार्च, 2026 को दोनों टीमें अपनी तरह के पहले फाइनल में फिर से भिड़ेंगी। दिन के आखिरी गेम में, अनुज चंद्रा ने सिल्वर बैंडिट्स के लिए पिन से एक फुट की दूरी पर 40-यार्ड का चिप शॉट मारकर सबका ध्यान खींचा, जिससे उनकी टीम फाइनल में पहुंच गई। सेमीफाइनल फोर बॉल बेटर बॉल फॉर्मेट में खेला गया, जहां हर जोड़ी का बेहतर स्कोर होल के हिंसाब से गिना गया। चारों टीमों में से हर एक ने 12 खिलाड़ी मैदान में उतारे थे, जो 6 ग्रुप में खेल रहे थे।

# विंडीज के खिलाफ संजू की पारी टर्निंग पॉइंट थी : गंभीर




● **कहा : विंडीज के खिलाफ कोई ऐसा खिलाड़ी वापसी कर रहा था जिसने जिम्बाब्वे के गेम से पहले चार या पांच मैच नहीं खेले**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने अहमदाबाद में फाइनल में न्यूजीलैंड को आसानी से हराकर अपना तीसरा आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप टाइटल जीता। जियोस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने टीम की टाइटल जीत, खिलाड़ियों के अग्रेसिव अप्रोच और टीम के कैंपेन के टर्निंग पॉइंट पर अपने विचार शेयर किए। गंभीर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह कहना बहुत मुश्किल है, लेकिन मेरा अब भी मानना है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ संजू की 97 रन की पारी इस कैंपेन का टर्निंग पॉइंट थी क्योंकि फिर से, यह एक वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल था और कोई ऐसा खिलाड़ी वापसी कर रहा था जिसने जिम्बाब्वे गेम से पहले चार या पांच मैच नहीं खेले थे।

वर्ल्ड कप गेम में, चाहे ग्राउंड कोई भी हो, वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में 195 रन का पीछा करना कभी आसान नहीं होता। जिस आसानी और शांति से उन्होंने बैटिंग की, मुझे लगता है कि इससे हमें ग्रुप में बहुत कॉन्फिडेंस मिला कि अब, शायद, हम सही रास्ते पर हैं। उससे पहले, बहुत बातें होती थीं कि हम बाइलेटरल मैचों में बहुत एग्रेसिव खेलते हैं लेकिन आईसीसी टूर्नामेंट में नहीं। वेस्टइंडीज गेम के बाद, जब संजू ने अच्छा खेला और ईशान किशन ने नंबर तीन पर बैटिंग की, तो मुझे लगा कि बहुत सी चीजें असल में शेप लेने लगी हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक कोच के तौर पर वर्ल्ड कप जीतूंगा।

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इंडियन टीम का हेड कोच बनने का मौका या खास मौका मिलेगा क्योंकि इंडिया की जर्सी फिर से पहनना या देश के लिए कुछ खास करना बहुत बड़ी बात है। जब आपकी मां आपको विश करती है और कहती है 'बहुत बढ़िया', तो आप उसी के लिए खेलते हैं और उसी के लिए जीते हैं। 140 करोड़ भारतीयों को गर्व महसूस कराने से बड़ी और क्या फीलिंग हो सकती है। मैंने हमेशा यही माना है, और मैंने हमेशा लड़कों से भी कहा है, कि उस ड्रेसिंग रूम में होना एक खास मौका है, हक नहीं। हजारों लोग इंडियन टीम के हेड कोच के तौर पर मेरी जगह पर होना चाहेंगे, और कई लोग उस जगह पर होना चाहेंगे जहां खिलाड़ी हैं। टीम के निडर अप्रोच को अपनाने पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि जीत से ज्यादा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि लड़कों ने हाई-रिस्क, हाई-रिवॉर्ड की आइडियोलॉजी और फिलॉसफी को कैसे अपनाया।

पहले दिन से ही, मेरा पक्का यकीन था कि टी-20 फॉर्मेट इम्पैक्ट के बारे में है। यह माइलस्टोन या इंडिविजुअल परफॉर्मेंस के बारे में नहीं है। यह मैदान पर जाकर इम्पैक्ट डालने के बारे में है, चाहे वह मैदान पर हो, बॉल से हो या बैट से। इस पूरे वर्ल्ड कप में सिपल आइडियोलॉजी यह थी कि अगर हम प्रेजेंट में रह सकें और हर डिलीवरी को कंट्रोल करने की कोशिश कर सकें। जो चला गया वह कभी वापस नहीं आएगा, जो चला गया उसे आप कंट्रोल नहीं कर सकते और जो भविष्य में आने वाला है उसे आप कंट्रोल नहीं कर सकते। आप बस उस एक खास डिलीवरी को कंट्रोल कर सकते हैं। भले ही आपको पांच छक्के लग जाएं, अगली डिलीवरी गेम बदलने वाला पल हो सकती है। आखिरकार, यह कुछ ऐसा हो सकता है। उदाहरण के लिए, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में, यह सात रन, एक हिट तक सिमट गया। गंभीर ने कहा कि एक बात जो जिंदगी भर मेरे साथ रहेगी, वह यह है कि लड़कों ने कितनी आसानी से बैटिंग पोजीशन को अपनाया और अपनाया। और यह कैप्टन से शुरू हुआ। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में, शिवम को प्रमोट किया गया और सूर्या को इससे कोई दिक्कत नहीं थी। फाइनल में, हार्दिक को प्रमोट किया गया और कैप्टन को इससे कोई दिक्कत नहीं थी। पहले कई बार हमने देखा है कि लोग एक खास पोजीशन पर बैटिंग करना चाहते हैं, लेकिन इस टीम के साथ ऐसा नहीं था। तिलक ने नंबर तीन से शुरुआत की, फिर उन्होंने पांच, छह और यहां तक

# विंडीज दौरे के लिए सोफी मोलिनेक्स की टीम में वापसी

● **सोफी मोलिनेक्स की चोट के बाद वापसी हुई है, तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए अपनी महिला टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें ऑलराउंडर सोफी मोलिनेक्स की चोट के बाद वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19 मार्च से शुरू होने वाले इस दौरे पर तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। यह सीरीज आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 की तैयारी का हिस्सा है।

मोलिनेक्स हाल ही में पीठ की चोट के कारण भारत के खिलाफ घरेलू बहु-प्रारूप शृंखला का बड़ा हिस्सा नहीं खेल सकी थीं। उन्हें अब 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। अनकैप्ड बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को भी पहली बार टीम में जगह मिली है, जबकि लूसी हैमिल्टन और निकोल कैरी ने भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी जगह बरकरार रखी है। ग्रेस हैरिस और एनेबेल सदरलैंड इस दौरे में नहीं खेलेंगी। मुख्य चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा कि टी-20 विश्व कप से पहले यह सीरीज टीम के लिए महत्वपूर्ण तैयारी का अवसर होगी। टीम : सोफी मोलिनेक्स (कप्तान), एश्ले गार्डनर (उपकप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल कैरी, किम गर्थ, लूसी हैमिल्टन, अलाना किग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम, ताहलिया विल्सन।



# कपूर कंपनी पर लगे मेले में दुकानों को लेकर माहौल खराब करने का आरोप, प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र कपूर कंपनी के पास स्थित प्राचीन श्री हुल्का देवी महारानी सिद्ध पीठ मंदिर में होली के बाद लगने वाले पारंपरिक मेले के दौरान मंगलवार को कुछ लोगों द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश किए जाने का मामला सामने आया। हालांकि स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की सूझबूझ से स्थिति जल्द ही सामान्य कर ली गई।बताया जाता है कि हुल्का देवी मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी होली के बाद भव्य मेले का आयोजन किया गया है।

मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, वहीं मंदिर परिसर और आसपास विभिन्न प्रकार की दुकानों, खेल-खिलौनों और खान-पान के स्टॉल भी लगाए गए हैं, जिससे मेले में रौनक बनी हुई है।सूत्रों के अनुसार मंगलवार को मेले के दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और दुकानों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हुए माहौल को भड़काने का प्रयास किया। आरोप है कि उन्होंने मंदिर के पुजारी को भी धमकाने की कोशिश की और कुछ दुकानदारों को हटाने की बात कही, जिससे मेले में मौजूद लोगों के बीच कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष व मंत्री प्रतिनिधि 27 विधानसभा ग्रामीण रवि चौधरी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुजारी, दुकानदारों और उपस्थित लोगों से बातचीत कर सभी से शांति बनाए रखने की अपील की। उनके हस्तक्षेप



के बाद माहौल शांत हो गया और मेला पहले की तरह सामान्य रूप से चलता रहा।इस मौके पर रवि चौधरी ने कहा कि हुल्का देवी का यह मेला वर्षों से क्षेत्र में आस्था और भाईचारे का प्रतीक रहा है, जहां सभी समुदाय के लोग मिलकर मेले को सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति या संगठन सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।उन्होंने प्रशासन से भी मेले की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने की मांग की, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर मेले का आनंद ले सकें। वहीं उपस्थित लोगों ने भी आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

# बगियावाली देवी मंदिर में भव्य मेले का आयोजन, दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु

**चन्दौसी।** होली पर्व के बाद देवी मंदिरों पर जात लगाने की परंपरा शुरू हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को सीता रोड स्थित प्राचीन बगियावाली देवी मंदिर परिसर में विशाल व भव्य मेले का



आयोजन किया गया। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जाता है कि सीता रोड स्थित इस क्षेत्र में एक ओर मूंछों वाले शिव मंदिर है, तो दूसरी ओर अंग्रेजी शासनकाल में जंगलों के बीच स्थापित बगियावाली देवी मंदिर की विशेष मान्यता है। मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है और हर वर्ष हजारों श्रद्धालु, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए यहां पहुंचती हैं। मंगलवार को सुबह लगभग पांच बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। महिलाओं ने विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना की और बच्चों को मंदिर में जल के छींटे लगवाए। मान्यता है कि बगियावाली देवी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं, इसलिए श्रद्धालु प्रतिवर्ष यहां आकर पूजा-अर्चना करते हैं। मेले के दौरान मंदिर परिसर में महिलाओं ने पूजा-पाठ के साथ सामूहिक रूप से भोजन भी किया। मेले में मीनाबाजार, खेल-तमाशे और झूलों की भी व्यवस्था की गई, जहां बच्चों और युवाओं ने खूब आनंद लिया। मेले में चाट-पकौड़ी, जलेबी, आइसक्रीम और गन्ने के जूस की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही और इनकी खूब बिक्री हुई। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मेला परिसर में पुलिस बल तैनात रहा और समय-समय पर अनाउंसमेंट कर महिलाओं से भारी आभूषण पहनकर न आने की अपील भी की गई। देर शाम तक मेले में ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं ने बच्चों का मुंडन संस्कार कराकर प्रसाद वितरण किया, जबकि बच्चों ने मेले में जमकर खरीदारी कर मेले का आनंद लिया।

## एक नजर

### जनपद में 500 से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूलों में लगेगा आधार कैंप

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** आधार कार्ड में अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) 500 से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूल-कॉलेजों में कैंप लगाएगा। इसके लिए करीब डेढ़ लाख शिक्षण संस्थान चिह्नित किए गए हैं।पांच व 15 साल की उम्र पर आधार कार्ड बायोमीट्रिक अपडेट करवाना अनिवार्य है। ये सुविधा यूआईडीएआई निशुल्क दे रहा है।

इसके बावजूद प्रदेश के 2.64 लाख स्कूलों के करीब पौने चार करोड़ विद्यार्थियों का आधार अपडेट बाकी है। अभी तक यूआईडीएआई करीब एक लाख ऐसे शिक्षण संस्थानों में कैंप लगवा रहा था, जहां विद्यार्थियों की संख्या एक हजार या अधिक थी। यूआईडीएआई के अफसरों ने लोगों से अपील की है कि वह अपने बच्चों के आधार केंद्रों पर जाकर अपडेट करवाएं। इसके लिए उनको कोई भुगतान नहीं करना होगा।

### बिजली उपभोक्ता संगठन ने स्मार्ट मीटर के विरोध में कलेक्ट्रेट पर किया जोरदार प्रदर्शन, दिया ज्ञापन




**मुरादाबाद।** स्मार्ट मीटर लगाने और प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में उपभोक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश बिजली उपभोक्ता संगठन के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग सिविल लाइंस स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचे नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जताई।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रदेश में तेजी से लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के हित में नहीं हैं। उनका आरोप है कि इन मीटरों की कार्यप्रणाली पूरी तरह स्पष्ट नहीं है और इससे बिजली उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने सरकार से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की। उपभोक्ताओं ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 आम जनता के हितों के खिलाफ है। उनके अनुसार इस विधेयक से बिजली व्यवस्था निजी कंपनियों के हाथों में जाने की आशंका है, जिससे भविष्य में बिजली दरों में बढ़ोतरी हो सकती है और आम उपभोक्ता प्रभावित होंगे।प्रदर्शन के दौरान लोगों ने "स्मार्ट मीटर बंद करो" और "बिजली संशोधन विधेयक वापस लो" जैसे नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।प्रदर्शन के अंत में संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से सरकार को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को रोकने और बिजली संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग की गई।इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन उपभोक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आने वाले समय में आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### अलविदा जुमा,ईद को लेकर खरीदारी तेज नगर में ई-रिक्शा, बाईकों से भारी जाम

**कुंदरकी।** अलविदा जुमा, ईद नजदीक आते ही बाजारों में बड़ी भीड़ नगर में बाइक ई रिक्शा से लगा जाम खरीदारी करने वाले महिलाओं को हो रही है भारी दिक्कत बाहर के ई रिक्शा नगर से होकर जाते हैं अपने गांव उसी से नगर में भारी जाम की स्थिति बनी हुई है लोगों का कहना है हरियाना रोड स्थित मंतशा के मजार के निकट बैरियर लगाया जाए उधर से आने वाले ई-रिक्शा भारी वाहन रोके जाए उधर कुंदरकी बस स्टैंड वैरियर लगाकर देहात से आने वाले ई रिक्शा भारी वाहन नगर में ना जाएं जिससे कि ईद के मद्देनजर जाम ना हो।



### कबीर गली में एक माह से जलभराव लोगों ने शीघ्र समाधान की उठाई मांग

**चन्दौसी।** शहर की कबीर गली में पिछले एक माह से अधिक समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में नाले का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कछुआ गति से किया जा रहा है, जिसके चलते जल निकासी की व्यवस्था बाधित हो गई है। सबसे अधिक समस्या सीकरी गेट से पप्पू सेठ की धर्मशाला के बराबर चल रहे नाला निर्माण कार्य के कारण उत्पन्न हो रही है। यहां नाले के पानी को जेसीबी से खुदाई कर डायवर्ट तो कर दिया गया है, लेकिन पानी का सही निकास न होने के कारण निचले हिस्सों में गंदा पानी लगातार बह रहा है। कबीर गली, सलीम की पुलिया और महाजन मोहल्ले के किनारे तक जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

# हिन्दू कॉलेज में 'कोरा कागज सजाता हूं' पुस्तक का हुआ विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हिन्दू कॉलेज के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग में मंगलवार को एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रो. आनंद के काव्य संग्रह "कोरा कागज सजाता हूँ" का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन किया गया।काव्य संग्रह का लोकार्पण प्रख्यात साहित्यकार कृष्ण कुमार 'नाज', वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मनोज रस्तोगी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रो. आनंद की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनकी कविताओं को संवेदनशील और विचारोत्तेजक बताया।मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार 'नाज' ने कहा कि इस काव्य संग्रह में जीवन के अनुभव, मानवीय संवेदनाएं और सामाजिक सरोकार बेहद सरल और प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त हुए हैं। वहीं डॉ. मनोज रस्तोगी ने कहा कि पुस्तक की कविताओं में भाषा की सहजता और भावों की गहराई पाठकों को आकर्षित करती है।कार्यक्रम की



अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने कहा कि साहित्य समाज के विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रो. आनंद को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे साहित्यिक कार्य महाविद्यालय के शैक्षणिक और बौद्धिक वातावरण को समृद्ध बनाते हैं। इस दौरान उन्होंने काव्य संग्रह की "उलझन" शीर्षक कविता का पाठ भी किया।कार्यक्रम में कई शिक्षकों ने भी पुस्तक की कविताओं का पाठ किया। डॉ. मदन मोहन, डॉ. अकरम, डॉ. कृति, डॉ. राजीव, डॉ. साकिब और डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने क्रमश: विभिन्न कविताओं का वाचन कर अपनी प्रस्तुति दी। डॉ. एस. बी. यादव ने अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से लेखक को शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. इला अग्रवाल ने किया और उन्होंने काव्य संग्रह की विषयवस्तु पर अपने विचार भी साझा किए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों ने प्रो. आनंद को उनकी साहित्यिक उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एनकेबीएमजी कॉलेज के एनएसएस शिविर में आपदा प्रबंधन के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी।** एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष सप्तदिवसीय शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डॉ. शीतल गहलोत और द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका के संयोजन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय पत्रौआ में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. कोमल जुगलान, विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता ठाकुर तथा सहायक अध्यापक शिप्रा व सर्वेश कुमार द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं भावना आर्य, मीनाक्षी, वंशिका रस्तोगी, खुशी और मानवी सिंह ने सरस्वती वंदना, लक्ष्य गीत व आह्वान गीत प्रस्तुत किया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. कोमल जुगलान ने स्वयंसेविकाओं को आपदा प्रबंधन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि प्राकृतिक खतरों को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उचित प्रबंधन से जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन के पांच चरण होते हैं- रोकथाम, शमन, तैयारी, प्रतिक्रिया और पुनर्प्राप्ति। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने गांव में घर-घर जाकर सर्वे किया और लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। शिविर के अंत में स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका ने किया तथा आभार डॉ. शीतल गहलोत ने व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीता और मुकेश का विशेष सहयोग रहा।




# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों व किसानों ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी चन्दौसी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में आलू उत्पादक किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। खराब मौसम, झुलसा रोग, नकली खाद की बिक्री, कोल्ड स्टोरेज मालिकों की मनमानी तथा आलू के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लागत मूल्य भी न मिलने के कारण कई किसान मजबूर होकर अपनी आलू की फसल को खेतों में ही जोतने को विवश हो रहे हैं। किसानों ने सरकार से मांग की कि आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार रुपये प्रति कुंतल घोषित किया जाए तथा आलू की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जनपद सम्भल की तहसील चन्दौसी के दर्जनों गांवों में वर्ष 2004 से चकबंदी प्रक्रिया लंबित पड़ी है। इससे किसानों को विरासत और अन्य कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उनका समय और धन दोनों व्यर्थ होता है। किसानों ने मांग की कि चकबंदी के दौरान हुए गैर-विवादित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। इसके अलावा




किसानों ने आरोप लगाया कि तहसील क्षेत्र के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मिड-डे मील योजना के तहत आने वाले राशन में भी गड़बड़ी हो रही है। ग्राम प्रधान, राशन डीलर और प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से बच्चों के लिए आने वाला राशन पशुओं को खिलाया जा रहा है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। किसानों ने यह भी बताया कि तहसील क्षेत्र के अधिकांश गांवों में नालियां, खड़ंजे और रास्ते जर्जर हालत में पड़े हैं, जिससे जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी रहती है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ग्राम पंचायतों में सफाई और सड़क निर्माण के नाम पर धन के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया गया। ज्ञापन में आधार कार्ड की त्रुटियों को दूर कराने के लिए गांवों में विशेष शिविर लगाने तथा जन्म प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराने की भी मांग की गई। साथ ही कृषि उत्पादन मंडी समितियों में सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति बहजोई में बैंक शाखा स्थापित करने तथा मंडी परिसर में उर्वरक और कीटनाशक की दुकानों की व्यवस्था करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में शंकर सिंह यादव, शिशुपाल सिंह, गुल्फाम सिंह, किशनपाल राणा, पंकज यादव, भान सिंह यादव, वीरेश राघव, इंद्रपाल सिंह, जसवीर सिंह यादव सहित कई किसान मौजूद रहे।

# ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बाल सुरक्षा पर चर्चा

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के निर्देशन में मंगलवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक विकास खण्ड गुन्नौर सभागार में खण्ड विकास अधिकारी कमलकान्त सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों को सुरक्षित एवं संरक्षणात्मक वातावरण में पालन-पोषण देने, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, परिवार की देखरेख, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचाव तथा बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी जीनम ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम-2015 तथा बाल संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से इनकी नियमित समीक्षा करने पर जोर दिया। संरक्षण अधिकारी तेजपाल सिंह ने सरकार द्वारा बच्चों और छात्राओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह व बाल श्रम रोकथाम के बारे में जानकारी दी। साथ ही 1098, 181, 112 और 1076 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया, जिनका उपयोग आपातकालीन स्थिति में किया जा सकता है। सहायक विकास अधिकारी प्रमोद कुमार ने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठकों में सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से अनु शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, पुलिस विभाग से एसआई गुरजिंदर कौर सहित मोहित भाटी, कमल सिंह, विवेक कुमार, मनोज कुमार, सोमपाल सिंह, विकेश कुमार और हृदेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



# दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में न्यायपालिका और अधिवक्ता समुदाय के बीच आपसी समन्वय और भाईचारे की भावना देखने को मिली। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति में प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ता समाज के बीच बेहतर संवाद न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद न्यायाधीश सैयद मौज बिन आसिम ने कहा कि होली का



त्योहार लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता और न्यायिक अधिकारी न्याय प्रणाली के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और दोनों के बीच बेहतर तालमेल से ही न्याय व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित हो सकती है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य अधिवक्ताओं के बीच आपसी सद्भाव, सहयोग और एकता को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन हमेशा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता रहा है।महासचिव कपिल गुप्ता ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों और अधिवक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिवक्ताओं के बीच सकारात्मक माहौल बनाते हैं और आपसी सहयोग को बढ़ावा देते हैं। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और मिठाइयों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर प्रभात गोयल, आदेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र पाल, विनय खन्ना, मुकेश वर्मा, विपिन प्रजापति, मौ. सालिम, लईक अहमद, मौहम्मद नासिर, शमीम सैफी, बंटी भाई, अनुज शर्मा, अकरम, आदीश कुमार जैन, पारूल अग्रवाल (जैन), शादाब, शुभम, अमरदीप सिंह, पुष्प यादव, रफीक अहमद, मुस्तर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी एकता और न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।



# सम्पादकीय

बुधवार, 11 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## पद की गरिमा

गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेने के दौरान कथित लापरवाही के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। यह कथित लापरवाही प्रोटोकॉल, मार्ग सुरक्षा और कार्यक्रम स्थल प्रबंधन से संबंधित हैं। पश्चिम बंगाल में आयोजित इंटरनेशनल संथाल कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे से जुड़ा विवाद केवल कार्यक्रम में व्यवस्था तक सीमित नहीं। यह मामला अब संवैधानिक गरिमा, प्रशासनिक जवाबदेही और चुनावी राजनीति का बन चुका है। राष्ट्रपति का खुद सार्वजनिक रूप से खामियों की ओर इशारा करना भी सामान्य बात नहीं है। विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब कार्यक्रम स्थल आखिरी समय में बदल दिया गया। स्थानीय प्रशासन का तर्क था कि मूल स्थान भीड़भाड़ वाला था, लेकिन राष्ट्रपति ने खुद उस स्थान का दौरा किया और कहा कि जगह पर्याप्त थी। इसके अलावा प्रोटोकॉल के उल्लंघन और दूसरी लाप. रवाही की बात भी कही जा रही है। भारत में राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर माना जाता है। केंद्र और राज्यों में सरकार चाहे किसी की भी हो, लेकिन राष्ट्रपति का कार्यक्रम कभी किसी राजनीतिक विवाद में नहीं पड़ता। यह पद किसी व्यक्ति की नहीं, देश की गरिमा और प्रतिष्ठा से जुड़ा है। ऐसे में अगर राष्ट्रपति खुद यह महसूस करती हैं कि उनके सम्मान का ख्याल नहीं रखा गया, तो कई सवाल खड़े होते हैं। राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल को लेकर सख्त नियम है, जिनका पालन हर हाल में करना होता है। राष्ट्रपति को आमतौर पर राज्य के मुख्यमंत्री रिसीव करते हैं या उनकी तरफ से नॉमिनेट उनका कोई मिनिस्टर। बताया जा रहा है कि बंगाल में ऐसा नहीं हुआ। केंद्र सरकार ने इस चुक पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है, लेकिन इस घटना से जुड़ा एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और वह है पश्चिम बंगाल की राजनीति। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं और मुख्य टक्कर बीजेपी टीएमसी के बीच मानी जा रही। चुनावी मैदान की यही तल्खी अब संवैधानिक परंपराओं में दिख रही है। टीएमसी ने केंद्र पर राष्ट्रपति पद के राजनी. तिक इस्तेमाल का आरोप लगाया है। सीएम ममता बनर्जी कह रही हैं कि कोई प्रोटोकॉल नहीं टूटा। यह कार्यक्रम संथाल आदिवासियों से जुड़ा था। राष्ट्रपति खुद इस समुदाय से ताल्लुक रखती हैं, लेकिन, अब ध्यान मुख्य मुद्दे से हटकर इस विवाद की ओर चला गया। इस मामले से यह भी पता चलता है कि देश में कई बार बड़े आयोजनों तक की तैयारी आखिरी वक्त तक चलती रहती है। अगर राष्ट्रपति के दौरे से जुड़े सारे इंतजाम पहले ही पूरे होते, तो शायद यह विवाद खड़ा ही नहीं होता।

### देश की जनता सच्चाई जान ही जाएगी



मोदी सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष नाम की संस्था की आजादी खत्म कर दी है, लेकिन विपक्ष उसे बचाने में लगा है, इसी मसले पर व्यापक चर्चा के मकसद से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, ये लोग हर संस्था को खत्म करने की कोशिश करते हैं, हम हर उस संस्था को बचाने के लिए लड़ रहे हैं, जिनके ऊपर भारत का लोकतंत्र टिका हुआ है, भाजपा के लोगों को यही बातें पचती नहीं हैं, मेरी दादी इंदिरा जी कहती थीं कि कोई नकली बनने की कोशिश करे या झूठी इमेज दिखाए, देश की जनता उसकी सच्चाई जान ही जाएगी, मेरे भाई राहुल गांधी हमेशा सच बोलते हैं, वो देश में एक ही व्यक्ति हैं, जो मोदी सरकार के आगे झुके नहीं हैं, भाजपा ने उन्हें रोकने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, सोशल मीडिया कैंपेन चलाए, लेकिन सच्चाई सबके सामने है। **–प्रियंका गांधी, महासचिव कांग्रेस**

# परिसीमन 2026 : लोकतंत्र का संतुलन या राजनीति की नई जंग



रश्मि चौधरी



परिसीमन (डेलिमिटेशन) लोकतंत्र की वह महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके माध्यम से जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं और प्रतिनिधियों की संख्या तय की जाती है। भारत को 1947 में स्वतंत्रता मिली और 1950 में संविधान लागू हुआ, लेकिन लोकतंत्र की वास्तविक शुरुआत 1952 के पहले आम चुनावों से हुई। इन चुनावों की आधारभूमि 1951 की जनगणना और उसके आधार पर किए गए परिस. ीमन ने तैयार की थी। परिसीमन यह सुनिश्चित करता है कि बदलती जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व संतुलित और न्यायसंगत बना रहे। इसलिए यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की संरचना को आकार देने वाली केंद्रीय व्यवस्था है। इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि स्वतंत्रता ने राजनीतिक आजादी दी, संविधान ने शासन की रूपरेखा दी, जबकि परिसीमन और 1952 के चुनावों ने भारत में लोकतंत्र को वास्तविक रूप में स्थापित किया।

**परिसीमन की प्रक्रिया: कैसे होता है सीटों का निर्धारण और कौन करता है फैसला**

परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसकी शुरुआत नई जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से होती है। जनगणना के बाद केंद्र सरकार एक स्वतंत्रप रिसीमन आयोगका गठन करती है, जिसमें आमतौर पर सर्वोच्च न्यायालय के सेवा. निवृत्त न्यायाधीश यानि अध्यक्ष, चुनाव आयोग के प्रतिनिधि और संबंधित राज्यों के चुनाव आयुक्त सदस्य होते हैं। यह आयोग जनसंख्या के अनुपात के आधार पर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाएं तथा सीटों की संख्या निर्धारित करता है, ताकि प्रत्येक प्रतिनिधि लगभग समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करे। आयोग सार्वजनिक सुझावों और आपत्तियों पर विचार करने के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपता है। परिसीमन आयोग के निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होते हैं तथा उन्हें अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। इसलिए यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को संतुलित और निष्पक्ष बनाए रखने की एक महत्वपूर्ण संवैधानिक व्यवस्था मानी जाती है।

**परिसीमन आयोग के फैसलेरू क्यों नहीं दी गई चुनौती की अनुमति?**

परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को अदालत में चुनौती न देने का प्रावधान इसलिए बनाया गया है ताकि निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण की प्रक्रिया न्यायिक विवादों में उलझकर वर्षों तक न अटके और चुनाव प्रक्रिया बाधित न हो। संविधान निर्माताओं ने गहन विचार के बाद परिसीमन आयोग को एक स्वतंत्र और अंतिम प्राधिकरण का दर्जा दिया, जिसकी अधिसूचित रिपोर्ट बाध्यकारी होती है और उस पर न्यायिक हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

परिसीमन का आधार जनगणना के आंकड़े होते हैं, ताकि जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व संतुलित और न्यायसंगत बना रहे। स्वतंत्रता के बाद यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक था कि लो. कतंत्र केवल कुछ प्रभावशाली वर्गों तक सीमित न रह जाए। इसलिए जनसंख्या बढ़ने के साथ प्रति. निधियों की संख्या और निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण किया जाता है, जिससे नए सामाजिक वर्ग, क्षेत्र और आवाजें राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इस प्रकार, परिसीमन आयोग के निर्णयों को अंतिम रखने का उद्देश्य लोकतंत्र को कमजोर करना नहीं, बल्कि उसे स्थिर, निरंतर और अधिक प्रतिनिधिक बनाना है।

**परिसीमन का आम जनता पर प्रभाव: प्रतिनिधित्व, संवाद और लोकतंत्र की सेहत**

परिसीमन का सीधा प्रभाव आम जनता और उनके जनप्रतिनिधियों के संबंध पर पड़ता है। लो. कतंत्र में सांसद और विधायक जनता की आवाज होते हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि एक प्रति. निधि कितनी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व कर रहा है। 1970 के दशक में लगभग10 लाख लोगों पर एक सांसदऔरलगभग 1।37 लाख लोगों पर एक विधायकका प्रतिनिधित्व निर्धारित था, ताकि जनता और प्रतिनिधि के बीच संवाद बना रहे, लेकिन दशकों तक सीटों की संख्या स्थिर रहने से आज एक प्रतिनिधि पर पहले की तुलना में कहीं अधिक जनसंख्या का भार है। इससे जनप्रतिनिधि के लिए हर नागरिक या समुदाय तक पहुंचना कठिन हो जाता है और जनता व प्रतिनिधि के बीच दूरी बढ़ जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, जहां प्रति. निधियों और नागरिकों के बीच सीधा संवाद अधिक होता है, वहां लोकतंत्र अधिक मजबूत और जवाबदेह होता है। इसलिए परिसीमन की प्रक्रिया आवश्यक है, ताकि जनसंख्या के अनुसार सीटों का पुनर्निर्धारण हो सके और लोकतंत्र में संतुलित, प्रभावी और उत्तरदाई प्रतिनिधित्व बना रहे।

**परिसीमन और राजनीतिक शक्ति: क्या बदलता है संतुलन?**

परिसीमन को लेकर अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या इससे किसी क्षेत्र की राजनीतिक ताकत बढ़ती या घटती है। विशेषज्ञों के अनुसार लोकतंत्र में मूल मुद्दा राजनीतिक ताकत नहीं, बल्किजनता के प्रतिनिधित्व का संतुलनहै। परिसीमन संविधान केअनुच्छेद 82 और 172के तहत निर्धारित एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य बदलती जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व को संतुलित बनाए रखना है। जिस प्रकार जनसंख्या बढ़ने पर देश में हवाई अड्डे, सड़कें, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बढ़ाए जाते हैं, उसी प्रकार राजनी. तिक प्रतिनिधित्व का विस्तार भी आवश्यक माना जाता है। परिसीमन इसी सिद्धांत पर आधारित है कि बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधियों की संख्या और निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण हो।इसलिए परिसीमन किसी क्षेत्र की राजनीतिक ताकत बढ़ाने या घटाने का साधन नहीं, बल्कि लो. कतंत्र को अधिक संतुलित, उत्तरदाई और प्रभावी बनाने की एक महत्वपूर्ण संवैधानिक व्यवस्था है।

**परिसीमन पर रोक: राजनीतिक कारण या लोकतांत्रिक चिंता?**

स्वतंत्रता के बाद 1952, 1962 और 1972 में परिसीमन की प्रक्रिया नियमित रूप से हुई, जिसका उद्देश्य जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों और प्रतिनिधित्व को संतुलित बनाए रखना था। परिसीमन केवल सीटों की संख्या ही नहीं, बल्कि निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं भी बदलता है, जिससे राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों में परिवर्तन आता है और नए नेताओं व वर्गों के लिए राजनीति में प्रवेश की संभावना बनी रहती है, लेकिन 1970 के दशक में आपातकाल (1975–77) के दौरान परिसीमन पर रोक लगा दी गई और संविधान संशोधन के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या पहले 2001 तक तथा बाद में 2026 तक स्थिर कर दी गई। इसका आधिकारिक कारण यह बताया गया कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन किया है, उन्हें प्रतिनिधित्व में नुकसान न हो। हालांकि, आलोचकों का मानना है कि सीटों और क्षेत्रों के लंबे समय तक स्थिर रहने से राजनीतिक संरचना में बदलाव कम हुआ। इसलिए परिसीमन पर लगी रोक प्रशासनिक, जनसंख्या–संतुलन और राजनीतिक तीनों कारणों से जुड़ी बहस का विषय बनी हुई है, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव लोकतंत्र की गतिशीलता और प्रतिनिधित्व की समानता पर पड़ता है।

**परिसीमन, जनसंख्या और राजनीतिक प्रतिनिधित्वरू आरक्षण, युवा और महिलाओं पर संभावित प्रभाव**

परिसीमन का मुख्य आधारजनसंख्या के आंकड़ेहोते हैं, जिनके आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या तथा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं तय की जाती हैं। यदि किसी राज्य में सीटों की संख्या बढ़ती है, तो उसी भौगोलिक क्षेत्र को अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है, जिससे सीमाओं का पुनर्गठन होता है। परिसीमन का प्रभावअनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति ST के आरक्षण पर भी पड़ता है। वर्तमान में लोकसभा में 131 सीटें एससी/एसटी के लिए आरक्षित हैं और उनका निर्धारण जनसंख्या अनुपात के आधार पर किया गया है। नई जनगणना के बाद परिसीमन होने पर आरक्षित सीटों की संख्या भी बदल सकती है। इसके अलावा परिसीमनयुवाओं की राजनीतिक भागीदारीको भी प्रभावित कर सकता है। शुरुआती चुनावों में 40 वर्ष से कम आयु के सांसदों की संख्या 30 प्रतिशत से अधिक थी, जो अब घटकर लगभग 12.13 प्रतिशत रह गई है। नए निर्वाचन क्षेत्रों और सीटों के बढ़ने से युवा नेतृत्व के लिए अवसर बढ़ सकते हैं। महिला आरक्षण कानूनके क्रियान्वयन से भी परिसीमन जुड़ा हुआ है, क्योंकि नए निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण के बाद ही महिला आरक्षण लागू किया जा सकेगा। इसलिए परिस. ीमन केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि आरक्षण, युवाओं और महिलाओं के प्रतिनिधित्व सहित लोकतंत्र के व्यापक ढांचे को प्रभावित करने वाली महत्वपूर्ण व्यवस्था है।

**परिसीमन पर रोक: लोकतंत्र पर असर या राजनीतिक आशंका?**

परिसीमन पर संभावित रोक को लेकर देश में बहस जारी है। परिसीमन का उद्देश्य जनसंख्या के अनुपात में निर्वाचन क्षेत्रों और प्रतिनिधियों की संख्या तय करना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व संतुलित बना रहे। आलोचकों का तर्क है कि यदि इस प्रक्रिया को लंबे समय तक टाला जाता है, तो जनसंख्या और प्रतिनिधित्व के बीच असंतुलन बढ़ सकता है और कुछ क्षेत्रों में राजनी. तिक शक्ति अधिक केंद्रित हो सकती है। भारत में स्वतंत्रता के बाद कई बार परिसीमन हुआ, लेकिन 1970 के दशक में सीटों की संख्या पर रोक लगा दी गई, जिसे बाद में 2026 तक बढ़ाया गया। इसका आधिकारिक कारण यह बताया गया कि जनसंख्या नियंत्रण में सफल राज्यों को प्रतिनिधित्व में नुकसान न हो। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को समयानुसार अद्यतन रखना आवश्यक है, अन्यथा राजनीतिक असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। इसलिए परिसीमन पर बहस केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और संतुलित प्रतिनिधित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है।

**क्या परिसीमन में सुधार की आवश्यकता है?**

देश में विभिन्न मुद्दों पर समय–समय पर बहस और विरोध होते रहते हैं। परिसीमन के संदर्भ में भी यह प्रश्न उठता है कि क्या मौजूदा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। इस पर मतभेद हैं। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जनसहभागिता आधारित बनाया जा सकता है, जबकि अन्य का कहना है कि मौजूदा संवैधानिक ढांचा पर्याप्त है और उसका समय पर क्रियान्वयन ही सबसे महत्वपूर्ण है।

**2026 और उत्तर प्रदेश: क्या होगा संभावित प्रभाव?**

2026 के बाद संभावित परिसीमन को लेकर सबसे अधिक चर्चाउत्तर प्रदेशपर हो रही है, क्योंकि यह देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है और वर्तमान में इसके पास 80 लोकसभा सीटें हैं। जनसंख्या के अनुपात के आधार पर भविष्य में इसकी सीटों की संख्या बढ़ने की संभावना पर राजनीतिक और अकाद. मिक स्तर पर विचार हो रहा है।यदि सीटों की संख्या बढ़ती है, तो राज्य का भौगोलिक क्षेत्र वही रहेगा, लेकिन उसे अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय सीमाएं और राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। हालांकि, परिसीमन के आधार पर किसी राज्य कास्वत: विभाजन नहीं होता राज्य पुनर्गठन एक अलग संवैधानिक प्रक्रिया है, जो संसद के निर्णय पर निर्भर करती है। फिर भी, यदि बड़े राज्यों में विधानसभा सीटों की संख्या बहुत बढ़ती है, तो प्रशासनिक सुविधा और सुशासन के लिए राज्य पुनर्गठन की बहस तेज हो सकती है। इसलिए परिसीमन का मुद्दा केवल सीटों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रतिनिधित्व, प्रशासनिक संतुलन और लो. कतंत्र की भविष्य की संरचना से भी जुड़ा हुआ है।

**परिसीमन पर मांग, संभावित विधाई प्रक्रिया और जनता के लिए संदेश**

परिसीमन को लेकर पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा कीसरकार सेमुख्य मांग यह है किइस पर लगी रोक को आगे न बढ़ाया जाए। परिसीमन एक संवैधानिक व्यवस्था है जिसे समाप्त नहीं किया जा सकता, केवल अस्थाई रूप से स्थगित किया जा सकता है।यदि परिसीमन पर लगी समय–सीमा को आगे बढ़ाना हो, तो इसके लिएसंसद में विधेयक लाकर उसे पारित करना आवश्यक होगा। वहीं यदि रोक की अवधि समाप्त हो जाती है और उसे आगे नहीं बढ़ाया जाता, तो परिसीमन की प्रक्रिया स्वत: आगे बढ़ सकती है।इसी कारण इस मुद्दे पर पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा कीनजर संभावित विधाई कदमों पर है। हमारा उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि परिसीमन की प्रक्रिया को और आगे न टाला जाए, और यदि रोक बढ़ाने के लिए विधेयक लाया जाता है तो पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा द्वाराउसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा।

**पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा का आम जनता के लिए संदेश**

परिसीमन को लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। इसका उद्देश्य नागरिकों को उनके जनप्रतिनिधियों से जोड़ना और प्रतिनिधित्व को जनसंख्या के अनुपात में संतु. लित रखना है।लोकतंत्र की मजबूती उसके निरंतर अद्यतन और संस्थागत प्रक्रियाओं के पालन पर निर्भर करती है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में यदि प्रक्रियाएं लंबे समय तक स्थगित रहती हैं, तो उसका प्रभाव धीरे–धीरे दिखाई देता है।पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा कामानना है कि यदि भारत को वैश्विक स्तर पर एक सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होना है, तो उसके लोकतांत्रिक ढांचे को भी मजबूत और प्रतिनिधिक बनाना होगा। अधिक व्यापक और संतुलित प्रतिनिधित्व से शासन प्रणाली में विविधता और उत्तरदायित्व दोनों बढ़ते हैं। इस प्रकार, परिसीमन पर चल रही बहस केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता, प्रतिनिधित्व की समानता और भविष्य की राजनीतिक दिशा से जुड़ा व्यापक विमर्श है।

**( लेखक पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा, राष्ट्रीय सर्वखाप कोऑर्डिनेटर, राष्ट्रीय बालियान खाप प्रधान हैं, व्यक्त विचार निजी हैं )**

# एक दिन का संकल्प: उम्रभर का स्वस्थ भविष्य



योगेश कुमार गोयल



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है लेकिन दुर्भाग्य से धूम्रपान और तंबाकू की लत इस अमूल्य धन को तेजी से नष्ट कर रही है। हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है, जब लोग अपने जीवन में एक नई शुरुआत कर सकते हैं और धूम्रपान मुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। हर वर्ष इस दिन एक विशेष थीम के साथ लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष का संदेश है 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान–मुक्त दिन से होती है।' इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति केवल एक दिन भी धूम्रपान से दूरी बना ले तो वह आगे चलकर इसे पूरी तरह छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठा सकता है।

तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबा. कू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई–सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। विज्ञापन प्रति. बंधों के बावजूद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रचार किया जाता है। इस कारण किशोरों में तंबाकू की लत तेजी से फैल रही है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव केवल कैंसर तक सीमित नहीं हैं। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है और दुनिया में होने वाली फेफड़ों के कैंसर से लगभग 85 प्रतिशत मौतें धूम्रपान के कारण होती हैं। इसके अलावा तंबाकू हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, पेट, लीवर और आंतों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। तंबाकू की समस्या भारत में भी काफी गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं लेकिन महिलाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न शोधों में यह भी सामने आया है कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है। मुंह के कैंसर के मामलों में भारत पहले से ही दुनिया के कई देशों से आगे है और इसका मुख्य कारण तंबाकू तथा गुटखे का व्यापक उपयोग है। धूम्रपान केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे–धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है। जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है। धूम्रपान के खतरों को देखते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। सरकारों ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कानून बनाए हैं, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया है और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी संदेश भी अनिवार्य किए हैं। इसके बावजूद केवल कानून से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों जरूरी हैं। पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के दौरान मैंने नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक अध्ययन किया है। वर्ष 1993 में मेरी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' प्रकाशित हुई थी, जिसमें तंबाकू और अन्य नशों से होने वाले भयानक परिणामों का विस्तार से उल्लेख किया गया था। उस समय भी यह चेतावनी दी गई थी कि यदि समाज ने समय रहते नशे के खिलाफ जागरूकता नहीं बढ़ाई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। आज तीन दशक बाद भी यह चिंता उतनी ही प्रासंगिक दिखाई देती है। बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं। इसलिए इस नो स्मोकिंग डे पर संकल्प लें कि तंबाकू का साथ छोड़कर हर सांस को कीमती बनाएंगे और जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान आलू की कीमतों को लेकर विरोध प्रदर्शन करती समाजवादी पार्टी।**

## तेहरान में इजरायली हमले में कई ऐतिहासिक स्थलों को हुआ नुकसान

**तेहरान।** इजरायली हवाई हमलों में ईरान के इस्घहान में चहेल सोतून पैलेस सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों को नुकसान पहुंचा है। उल्लेखनीय है कि सफाविद काल का यह महल इस्फाहान के गवर्नर कार्यालय के पास स्थित है। रिपोर्टों के अनुसार, पास ही हुए बम धमाके के कारण महल परिसर के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। यह महल अपने भित्ति चित्रों, तालाबों और 17वीं शताब्दी के ऐतिहासिक हॉल के लिए जाना जाता है। इस्फाहान के एक निवासी ने बताया कि चहेल सोतून इमारत और गवर्नर कार्यालय के बीच केवल कुछ ही पेड़ हैं, और स्पष्ट रूप से उन्हें भी नुकसान पहुंचा है।

# ईरान जंग: 9 एशियाई देशों में तेल संकट गहराया

## बांग्लादेश में यूनिवर्सिटीज बंद, थाइलैंड में लिफ्ट इस्तेमाल पर रोक, पाक में मंत्रियों की सैलरी-विदेश यात्रा रोकी

**इस्लामाबाद/ढाका/बैंकाक।** ईरान जंग का असर अब एशिया के कई देशों में दिखाई देने लगा है। तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित होने के कारण कम से कम 9 एशियाई देशों में ऊर्जा संकट गहराने लगा है।

हालात ऐसे हैं कि अलग-अलग देशों को ईंधन बचाने और ऊर्जा संकट से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने पड़े हैं। बांग्लादेश में सभी यूनिवर्सिटीज बंद कर दी गई हैं, ताकि बिजली और ईंधन की खपत कम की जा सके। वहीं थाइलैंड में सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक लगाकर कर्मचारियों को सीढ़ियों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं और वर्क फ्रॉम होम लागू किया गया है। दूसरी ओर पाकिस्तान में खर्च कम करने के लिए मंत्रियों की सैलरी और विदेश यात्राओं पर रोक लगा दी गई है, साथ ही सरकारी खर्च और ईंधन उपयोग में कटौती के फैसले लिए गए हैं। दरअसल ईरान और अमेरिका-इजरालय के बीच जंग की वजह से होर्मुज स्ट्रेट बंद है, इसके चलते तेल की सप्लाई ठप्प हो गई है। होर्मुज स्ट्रेट




■ थाइलैंड में सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक लगाकर कर्मचारियों को सीढ़ियों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं और वर्क फ्रॉम होम लागू किया गया है

दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है। थाईलैंड में सरकार ने ऊर्जा बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्राम होम करने और दफ्तरों में लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक जिन अधिकारियों को सीधे जनता की सेवा देनी होती है, उन्हें इस नियम से छूट दी गई है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने सरकारी कर्मचारियों को ऊर्जा बचाने के लिए जरूरी कदम लागू करने को कहा है। सरकार ने विदेश यात्राओं को अस्थायी रूप से रोक दिया है। ऊर्जा बचत के लिए एयर कंडीशनर का तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को सूट-टाई जैसे औपचारिक कपड़ों की जगह शार्ट स्लीव शर्ट पहनने की सलाह दी गई है। ऊर्जा मंत्री के अनुसार देश के पास फिलहाल करीब 95 दिन का ऊर्जा भंडार बचा है। सरकार अमेरिका, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से अतिरिक्त एलएनजी खरीदने की कोशिश कर रही है। सरकार ने चेतावनी दी है कि अगर संकट और गहरा हुआ, तो दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के विज्ञापन बोर्ड की रोशनी कम करने और पेट्रोल पंपों को रात 10 बजे तक बंद करने जैसे कड़े कदम भी उठाए जा सकते हैं। बैंकाक समेत पूरे थाईलैंड में पेट्रोल और डीजल लेने के लिए लाइनें लग रही हैं। चीन ने संभावित ऊर्जा संकट को देखते हुए कच्चे तेल की खरीद बढ़ाकर अपने रणनीतिक भंडार मजबूत करना शुरू कर दिया है। रिपोटर्स के मुताबिक चीन ने साल के शुरुआती महीनों में अतिरिक्त कच्चा तेल खरीदा है और इसे रणनीतिक तथा वाणिज्यिक भंडार में रखा जा रहा है। इसके साथ ही सरकार ने रिफाइनरियों को नए फ्यूल एक्सपोर्ट कान्ट्रैक्ट साइन न करने और कुछ तय शिपमेंट को रोकने के निर्देश दिए हैं। सरकार का मकसद घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और अन्य ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना है। एक्सपटर्स का कहना है कि अगर मिडिल-ईस्ट में संघर्ष लंबा चला और वैश्विक सप्लाई और प्रभावित हुई, तो चीन अपने रणनीतिक तेल भंडार का उपयोग कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई ने इराक में अपने दूतावास पर हमले की कड़ी निंदा की

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में अपने महावाणिज्य दूतावास को निशाना बनाकर किए गए एक आतंकी ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में इस हमले को 'बिना उकसावे वाला आतंकवादी कृत्य' बताया और जोर दिया कि राजनयिक मिशनों को निशाना बनाना अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों एवं कानूनों का गंभीर उल्लंघन है।

### ईंधन बचाने के लिए वियतनाम में 'वर्क फ्रॉम होम'

**हनोई।** पश्चिम एशिया बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में आई अस्थिरता को देखते हुए वियतनाम सरकार ने देश में ईंधन की खपत कम करने के लिए कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। वियतनाम के उद्योग और व्यापार मंत्रालय ने मंगलवार को नागरिकों से जहां संभव हो वहां 'रिमोट वर्क' (घर से काम) करने का आग्रह किया है ताकि यात्रा और परिवहन की मांग को कम किया जा सके। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार, मंत्रालय ने एक आधिकारिक अपील जारी कर नागरिकों से ईंधन बचाने के विभिन्न उपाय अपनाने को कहा है।

### केन्या में भीषण सड़क हादसा: भीड़ पर चढ़ा ट्रक, 14 की मौत

**वेबुए (केन्या)।** केन्या के वेबुए-किटाले राजमार्ग पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को इस दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस हादसे में दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जब आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए वहां जमा हुए, तभी एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया।

# तेल मुद्दे पर ट्रम्प की ईरान को चेतावनी

## कहा: अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को रोकता है, तो उस पर बीस गुना अधिक भयानक हमला होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ईरान को चेतावनी दी कि यदि उसकी सेनाएं होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से होने वाले तेल के परिवहन को रोकती हैं, तो उन पर 'बीस गुना अधिक भयानक' हमला किया जाएगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अगर ईरान ऐसा कुछ भी करता है जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के भीतर तेल का प्रवाह रुकता है, तो अमेरिका उन पर अब तक हुए हमलों की तुलना में बीस गुना अधिक जोर से हमला करेगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, अमेरिका आसानी से नष्ट होने वाले लक्ष्यों को खत्म कर देगा, जिससे ईरान के लिए एक राष्ट्र के रूप में फिर से खड़ा होना लगभग असंभव हो जाएगा।

ट्रम्प ने इस चेतावनी को 'अमेरिका की ओर से चीन और उन सभी देशों के लिए एक उपहार' बताया जो होर्मुज जलडमरूमध्य का काफी उपयोग करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस 'पहल' की काफी सराहना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च तक होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में वाणिज्यिक यातायात लगभग पूरी तरह से ठप हो गया है। हालांकि औपचारिक रूप से इसे बंद करने की कोई घोषणा नहीं की गई है, लेकिन अत्यधिक जोखिमों के कारण बीमा कंपनियों द्वारा बीमा रद्द करने के कारण इस मार्ग पर यातायात प्रभावी रूप से बंद हो गया है। मार्सक, सीएमए सीजीएम और हैपग-लॉयड जैसी प्रमुख परिवहन कंपनियों ने इस मार्ग से आवाजाही को स्थगित कर दिया है और जहाजों को 'केप ऑफ गुड होप' के रास्ते भेज रहे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से ही ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम आठ नाविक मारे गए हैं और कई टैंकर क्षतिग्रस्त हुए हैं। छह मार्च को, संयुक्त अरब अमीरात के ध्वज वाली नौका मुसाफा-2 एक विस्फोट के बाद डूब गई, जिससे चालक दल के तीन सदस्य लापता हो गए। सात मार्च को, माल्टा के ध्वज वाले टैंकर 'प्रिमा' पर कथित तौर पर एक ईरानी ड्रोन द्वारा हमला किया गया था। भारत वर्तमान में इस क्षेत्र में फंसे 36 भारतीय ध्वज वाले जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। फ्रांस ने भी युद्ध की तीव्रता कम होने के बाद जहाजों को सुरक्षित एस्कॉर्ट करने के लिए एक मिशन की तैयारी की घोषणा की है। नाकाबंदी के परिणामस्वरूप, कच्चे तेल की कीमतें 9 मार्च को 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गईं, जो बाद में घटकर लगभग 88-90 डॉलर पर आ गईं। कुवैत और कतर ने कुछ ऊर्जा अनुबंधों पर 'फोर्स मेज्योर' घोषित कर दिया है क्योंकि टैंकर सुरक्षित रूप से फारस की खाड़ी से बाहर निकलने में असमर्थ हैं। 'फोर्स मेज्योर' एक सामान्य क्लॉज है जो अनिवार्य रूप से दोनों पक्षों को दायित्व या बाध्यता से मुक्त करता है जब पार्टियों के नियंत्रण से बाहर कोई असाधारण घटना या परिस्थिति आ जाती है।



■ ट्रम्प ने इस चेतावनी को 'अमेरिका की ओर से चीन और उन सभी देशों के लिए एक उपहार' बताया

### एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देंगे: ईरान

■ कहा: जो देश इजरायल-अमेरिका के राजदूतों को निकालेंगे, उनके जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देंगे

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का 11वां दिन हैं। इस बीच ईरान ने कहा है कि वह एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों के गुजरने को लेकर एक नई शर्त रखी है। इजरायली मीडिया वाइनेट की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की सेना इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि कुछ देशों के जहाजों को इस रास्ते से गुजरने दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए उन देशों को पहले इजरायल और अमेरिका के राजदूतों को अपने देश से निकालना होगा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है। हालांकि अमेरिकी चैनल सीएनएन ने कहा है कि ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर सिक्योरिटी टैक्स यानी सुरक्षा शुल्क लगाने की योजना बना रहा है, खासकर उन जहाजों पर जो अमेरिका के सहयोगी देशों के हैं।

### हॉर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना का हमें इंतजार: ईरानी सेना

**तेहरान।** ईरान की सेना के प्रवक्ता ने मंगलवार तड़के कहा कि उनके फौजी हॉर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक बेड़े का इंतजार कर रहे हैं और युद्ध का अंत ईरान के हाथों में है। सरकारी मीडिया में आई जानकारी के अनुसार इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता मेजर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक संवाददाता सम्मेलन और हॉर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर दिए गए हालिया बयानों के जवाब में की है। नैनी ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल हॉर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में अमेरिकी नौसैनिक बेड़े और विमान वाहक पोत जेराल्ड फोर्ड का इंतजार कर रहे हैं।

# अमेरिका से अब वार्ता संभव नहीं: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत का अनुभव 'कड़वा' रहा है और अब उसके साथ नए सिरे से कूटनीतिक वार्ता की संभावना नहीं है। अराघची ने पीबीएस को दिए एक साक्षात्कार में अमेरिका पर बार-बार विश्वासघात और सैन्य आक्रामकता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि अमेरिकियों से बातचीत या उनके साथ बातचीत करने का सवाल अब एजेंडे में होगा।

हमारे लिए यह अनुभव बहुत कड़वा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने पिछले वर्ष जून में अमेरिका के साथ अच्छे इरादे से बातचीत शुरू की थी, लेकिन बातचीत के दौरान ही उस पर हमला कर दिया गया। अराघची के अनुसार इस वर्ष भी अमेरिका ने यह भरोसा दिलाया था कि वह हमला नहीं करेगा और ईरान के परमाणु मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान चाहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि तीन दौर की बातचीत में प्रगति के बावजूद हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ गए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी वार्ता दल ने भी प्रगति को स्वीकार किया था, लेकिन इसके बावजूद हमला किया गया। अराघची ने फारस की खाड़ी के देशों को संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के हमले आत्मरक्षा के अधिकार के तहत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि अन्य देश अपनी सुविधाओं की सुरक्षा के लिए कदम उठा सकते हैं तो ईरान को भी अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध ईरान ने नहीं चुना बल्कि उस पर थोपा गया है और देश केवल अपनी रक्षा कर रहा है। अराघची ने यह भी कहा कि ईरान जरूरत पड़ने तक मिसाइल हमले जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने क्षेत्रीय देशों के साथ संबंधों को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरानी जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और ऊर्जा आपूर्ति में बाधा की आशंका बढ़ गई है।



■ इस वर्ष भी अमेरिका ने यह भरोसा दिलाया था कि वह हमला नहीं करेगा: अराघची

# लेबनान में उत्पन्न हुआ भीषण मानवीय संकट

**बेरुत/जिनेवा।** लेबनान पर इजरायल के लगातार बढ़ते हमलों के कारण पिछले 24 घंटों में यहां एक लाख से अधिक लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने को मजबूर हुए हैं।

इससे एक गंभीर मानवीय त्रासदी का संकेत मिलता है। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) की प्रतिनिधि कैरोलिना लिडहोम बिलिग ने जिनेवा में पत्रकारों को बताया कि अब तक लेबनान सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर कुल 667000 से अधिक विस्थापित लोग पंजीकृत हो चुके हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पंजीकृत विस्थापितों की संख्या में मात्र एक दिन में एक लाख का इजाफा हुआ है, जो बेहद डरावना है। यूएन प्रतिनिधि ने चेतावनी दी कि वर्तमान में विस्थापन की गति 2024 में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हुए पिछले युद्ध की तुलना में कहीं अधिक तेज है। इजरायली बमबारी के डर से दक्षिण लेबनान और बेरुत के उपनगरीय इलाकों से लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में उत्तर की ओर पलायन कर रहे हैं। विस्थापितों की भारी संख्या के कारण राहत शिविरों और आश्रय स्थलों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। लेबनान सरकार और अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियां भोजन, दवा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए संघर्ष कर रही हैं। मानवीय संगठनों ने तत्काल युद्धविराम की अपील की है ताकि विस्थापितों को आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके। संयुक्त राष्ट्र ने यह भी जानकारी दी है कि लेबनान में रहने वाले सीरियाई शरणार्थी अब वापस अपने देश लौटने को मजबूर हैं। गत दो मार्च से अब तक 80000 से अधिक सीरियाई नागरिक इजरायली हमलों से बचने के लिए लेबनान की सीमा पार कर सीरिया जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विस्थापन की स्थिति इतनी आपातकालीन है कि कई परिवार बिना अपना सामान लिए ही जल्दबाजी में लेबनान छोड़कर निकल गए।



■ एक दिन में एक लाख लोग विस्थापित, कुल संख्या 6.67 लाख के पार पहुंची

# भारत ने की अफगान पर हुए हवाई हमलों की निंदा

## हमलों को अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर व राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का 'घोर उल्लंघन' करार दिया

**नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए हवाई हमलों की संयुक्त राष्ट्र में कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार संघर्षों के बीच भारत ने इन हमलों को अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का 'घोर उल्लंघन' करार दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने महासचिव की रिपोर्ट में उजागर की गई उन चिंताओं का उल्लेख किया, जो सीमा पार हिंसा के कारण हताहत होने वाले नागरिकों से जुड़ी हैं। हरीश ने कहा कि महासचिव की रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा के कारण नागरिकों के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। हम महासचिव के उस आह्वान का समर्थन करते हैं, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के क्षेत्र पर हुए हवाई हमलों की भारत कड़ी निंदा करता है, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं। भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई। हरीश ने गंभीर चिंता जताते हुए व्यापार के लिए रास्ता रोकने और चारों तरफ जमीन से घिरे देश की पहुंच को जानबूझकर बंद कर व्यापार और पारगमन आतंकवाद के अभ्यास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयों के सामने भू-आबद्ध विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणाएं खोखली लगती हैं। इन देशों की व्यापारिक और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। भारत के रुख की पुष्टि करते हुए हरीश ने कहा कि हम इन कृत्यों की निंदा करते हैं और अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता के लिए अपने समर्थन की भी पुष्टि करते हैं। उन्होंने आतंकवाद के निरंतर खतरे का भी जिक्र किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया कि आईएसआईएस और अल-कायदा जैसे संगठन अब सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा न दे सकें।



■ भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई

# ऑस्ट्रेलिया ने पांच ईरानी महिला फुटबॉलरों को दी शरण

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने ईरानी महिला फुटबॉल टीम की उन पांच सदस्यों को मानवीय वीजा प्रदान किया है, जिन्होंने एक मैच से पहले राष्ट्रगान गाने से इनकार करने के बाद यहां शरण मांगी थी।

ईरान ने इन महिला खिलाड़ियों को युद्धकालीन गद्दार करार दे दिया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने कैनबरा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऑस्ट्रेलियाई नागरिक इन बहादुर महिलाओं की स्थिति से बहुत मायूस हैं। उन्होंने कहा कि वे यहां सुरक्षित हैं और उन्हें यहां अपने घर जैसा महसूस करना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई गृह मंत्रालय ने इन पांच टीम सदस्यों के नाम कप्तान जहरा घंबारी, मिडफील्डर फातेमेह पसंदीदेह, जहरा सरबाली अलीशाह, मोना हमौदी और डिफेंडर अतेफेह रमजानीजादेह बताए हैं। ऑस्ट्रेलियाई गृह मंत्री टोनी बर्क ने कहा कि ईरानी टीम की शेष खिलाड़ी, गोल्ड कोस्ट के एक होटल में हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने टीम की अन्य सदस्यों को भी ऑस्ट्रेलिया में रुकने का अवसर दिया है। ईरान की महिला फुटबॉल टीम क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 'एएफसी महिला एशियाई कप 2026' में भाग लेने आई थी। टूर्नामेंट के पहले मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ टीम की खिलाड़ियों ने ईरान का राष्ट्रगान गाने से इनकार कर दिया और मौन खड़ी रहीं। इस कदम को ईरान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के रूप में देखा गया। इसके बाद ईरानी सरकारी मीडिया ने खिलाड़ियों को 'युद्धकालीन गद्दार' करार दिया और उनके इस कृत्य को 'अपमान की पराकाष्ठा' बताया। रविवार को टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद खिलाड़ियों को वापस ईरान लौटना था, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंताएं जताई जाने लगीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑस्ट्रेलिया के इनको मानवीय वीजा देने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे एक सही कदम बताया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर जानकारी दी कि उन्होंने इस बारे में अल्बनीस से सीधी बात की है और वे इस संवेदनशील स्थिति को बेहतर ढंग से संभाल रहे हैं। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर इन खिलाड़ियों को वापस ईरान भेजा गया तो उनके साथ बुरा बर्ताव हो सकता है या उन्हें मारा भी जा सकता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को आगाह किया था कि खिलाड़ियों को वापस भेजना एक 'भयानक मानवीय भूल' होगी।



■ ईरान की महिला फुटबॉल टीम क्वींसलैंड ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 'एएफसी महिला एशियाई कप 2026' में भाग लेने आई थी

# तुर्की में अमेरिकी 'पैट्रियट' मिसाइल सिस्टम तैनात

**अंकारा।** ईरान के साथ बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और हालिया मिसाइल उल्लंघन की घटनाओं के बीच, तुर्की ने मंगलवार को कहा कि उसके प्रांत मालत्या में अमेरिका निर्मित 'पैट्रियट' हवाई रक्षा प्रणाली तैनात कर दी गई है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह कदम उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के 'उन्नत वायु और मिसाइल रक्षा' उपायों के तहत उठाया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए, अपनी सीमाओं और हवाई क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए नाटो सहयोगियों के साथ परामर्श कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मालत्या में तैनात पैट्रियट सिस्टम को परिचालन के लिए तैयार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मालत्या में नाटो का महत्वपूर्ण 'कुसेरिक रडार स्टेशन' भी स्थित है। यह तैनाती तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप अर्दोगन के ईरान को दी गई कड़ी चेतावनी के बाद हुई है। रिपोर्टों के अनुसार, ईरान से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल तुर्की के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई थी, जिसे पूर्वी भूमध्य सागर में तैनात नाटो रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। मिसाइल का मलबा गाजयिानटेप इलाके की खाली जमीन पर गिरा। यह पांच दिनों के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। राष्ट्रपति अर्दोगन ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि ईरान द्वारा उकसावे वाले कदम उठाना जारी है, जो हमारे सदियों पुराने पड़ोसी संबंधों पर छाया डाल सकते हैं। हमने उसे आवश्यक चेतावनी दे दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तुर्की अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

■ तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने उठाया ईरान से बढ़ते तनाव के बीच नाटो का बड़ा कदम

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108